CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 31 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार दें माता-पिता: आनंदीबेन पेज 2



वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, गिल बने कप्तान खेल टाइम्स



फलस्तीन से उसका अलगाव साबित करती है भारत की चुप्पी सम्पादकीय



यूएन में ट्रिपल तोड़फोड़ का शिकार हुआ: ट्रम्प पेज 12

## भारत में पहली बार ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- चीन, उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला चौथा देश बना भारत
- मिसाइल दो हजार किमी तक की मारक क्षमता और कई उन्नत सुविधाओं से लैस

**नई दिल्ली।** लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों और ड्रोन से मिसाइल दागने की क्षमता हासिल करने के बाद भारत ने अपनी सामरिक क्षमता को बढ़ाते हुए रेल से भी मिसाइल को सफलतापूर्वक दागकर सैन्य हथियार प्रणाली के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। चीन, उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला भारत चौथा देश बन गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विशेष रूप से तैयार रेल पर बनाई गई लॉन्चर प्रणाली से ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में अग्नि मिसाइल श्रृंखला की नई पीढ़ी की मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया है। इस सफलता के साथ भारत यह क्षमता रखने वाले चीन, उत्तर कोरिया और रूस जैसे चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है। श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि डीआरडीओ ने रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया अपनी तरह का यह पहला परीक्षण है। यह प्रणाली अपने आप में सक्षम और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों तथा सुरक्षा तंत्रों सहित सभी स्वतंत्र प्रक्षेपण क्षमता सुविधाओं से सुसज्जित है। इसे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपित किया जा सकता है। श्री सिंह ने सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास चलते-फिरते रेल नेटवर्क से कैनिस्टराइज्ड प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की क्षमता है।

## हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर

- केंद्र ने 62 हजार करोड़ की डील साइन की, आज रिटायर हो रहे मिग-21 की जगह लेगा तेजस

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 62 हजार 370 करोड़ रुपये की लागत से हिंदुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 97 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए मार्क 1 ए) की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि वायुसेना को मिलने वाले इन 97 विमानों में से 68 लड़ाकू विमान और 29 दो सीट वाले विमान शामिल हैं। वायुसेना को ये विमान सभी संबंधित उपकरणों के साथ मिलेंगे। विमानों की कीमत 62 हजार 370 करोड़ रुपये में कर की राशि शामिल नहीं है। वायुसेना को ये विमान वर्ष 2027-28 से मिलने शुरू हो जाएंगे और छह वर्षों की अवधि में सभी विमानों की आपूर्ति हो जाएगी। इस विमान में 64 प्रतिशत से अधिक कलपुर्जे और साजो-सामान स्वदेशी होंगे।

### धर्मेंद्र प्रधान बने बिहार के चुनाव प्रभारी, भूपेंद्र को प. बंगाल की कमान

**नई दिल्ली।** बिहार में चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान को बिहार विधानसभा चुनाव का प्रभारी बना दिया है। दूसरी ओर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद बैजयंत पांडा को तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अपने तीन प्रदेशों बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव प्रभारियों की घोषणा की है। इसके तहत नवम्बर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। जबकि केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल चुनाव प्रभारी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सह प्रभारी बनाया गया है। वहीं, भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल के चुनाव के लिए प्रभारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि सांसद बिप्लव देव को पश्चिम बंगाल का सहप्रभारी बनाया गया है।

### भारत, केन्या व अमेरिका के तीन उद्यमियों को UNEP का शीर्ष पुरस्कार

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने अपने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के तहत भारत, केन्या और अमेरिका के तीन पर्यावरण उद्यमियों को वर्ष 2025 के लिए युवा पृथ्वी चैम्पियन पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया है। ये पुरस्कार भारत की जिनाली मोदी, केन्या के जोसेफ नगुथिरु और अमेरिका के नोएमी फ्लोरिया को दिया जाएगा है। ये विजेता, गंदे पानी का उपचार करके स्वच्छ बनाने, स्वच्छ जल तक पहुंच, प्लास्टिक प्रदूषण घटाने और टिकाऊ विकल्प सामग्रियां विकसित करने जैसे कार्यों के जरिये अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

### 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' उपेक्षित वर्ग को मजबूत बनाने का वादा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार की जमीनी राजनीति में पकड़ और मजबूत बनाने के लिए पार्टी के 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' को इस उपेक्षित वर्ग की उन्नति के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया और कहा कि अति पिछड़ों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे और उनके हित के लिए बराबर काम करेंगे। श्री गांधी ने बिहार की राजधानी पटना में कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक के पश्चात पार्टी का 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' जारी करने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अति पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए संकल्पित है। उनका कहना था कि पार्टी का मकसद कमजोरों को मजबूत बनाना है और इसीलिए यह संकल्प पत्र जारी किया गया है।

## जारी रहेंगे GST में सुधार: मोदी

### अपनी नाकामी छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रही कांग्रेस: प्रधानमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: भारत और उप्र निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त व आकर्षक जगह**

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर देशवासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपा रही है और देश की आर्थिक मजबूती के लिए मोदी सरकार में जीएसटी सुधारों का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा।

पीएम मोदी ने दुनिया भर की कंपनियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त और आकर्षक जगह है तथा यहां पर निवेश भारत के साथ-साथ विदेशी कंपनियों के लिए भी फायदे का सौदा है। श्री मोदी ने गुरुवार को यहां उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में जीएसटी व्यवस्था लागू किए जाने और बाद में उसमें किए गए नई पीढ़ी के सुधारों का उल्लेख किया और कहा कि इससे देश में आर्थिक मजबूती का सूत्रपात हुआ है। जीएसटी सुधारों पर विपक्ष की बयानबाजी पर उसे आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल 2014 से पहले की अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।



गौतम बुद्धनगर: ग्रेटर नोएडा में 'उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो 2025' के उद्घाटन के दौरान उप्र के मुख्यमंत्री योगी द्वारा पीएम मोदी को सम्मानित किया गया।

## महिलाओं के खिलाफ अपराध मामले में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट ने चार सप्ताह में अपना-अपना पक्ष रखने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म सहित महिलाओं के प्रति बढ़ती अन्य अपराधिक घटनाओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में अपना-अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा की याचिका यह निर्देश दिया।

याचिका में 2012 के निर्भया कांड के बाद लागू किए गए कड़े कानूनों के बावजूद यौन अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि केवल कठोर दंड से इस समस्या (महिलाओं के खिलाफ अपराध) पर अंकुश नहीं लगा है। याचिका में निवारक उपायों तथा व्यापक जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसमें यौन अपराधों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और पोक्सो प्रावधानों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने, लैंगिक समानता और महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने वाली नैतिक शिक्षा प्रदान करने, बच्चों में उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, बलात्कार के प्रति शून्य सहानुभूति और सभी लिंगों के लिए समान सम्मान को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। शीर्ष अदालत ने अप्रैल 2025 में ऐसे अपराधों के मूल कारणों का पता लगाने के लिए स्कूलों के अलावा अशिक्षित और स्कूल छोड़ चुके लोगों को शामिल करने के लिए एक बहुआयामी जागरूकता अभियान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया था। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और मिजोरम को छोड़कर बुधवार को सभी राज्यों के अधिवक्ता उपस्थित थे। पीठ ने सुनवाई के दौरान राज्यों से पूछा कि क्या आपने प्रार्थनाओं (याचिका में की गई) का अध्ययन कर लिया है? इस पर राज्यों सरकारों की ओर से पेश वकीलों ने जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय का अनुरोध किया।

### उप्र में स्कूल मैदान में रामलीला की अनुमति

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के संबंधित आदेश पर रोक लगाते हुए फिरोजाबाद के टूंडला स्थित जिला परिषद विद्यालय मैदान में रामलीला जारी रखने की अनुमति इस शर्त पर दी कि विद्यार्थियों को कोई असुविधा न हो।

## लद्दाख हिंसा पर बोला केंद्र: वांगचुक ने लोगों को भड़काया

- हालात काबू करने के प्रयास की जगह अपने घर चले गए वांगचुक

**लेह।** केंद्र सरकार ने लद्दाख में हिंसा के लिए सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया।

गृह मंत्रालय ने देर रात बयान में कहा कि वांगचुक ने भड़काऊ बयानों से भीड़ को उकसाया, हिंसा के बीच अपना उपवास तो तोड़ा, लेकिन हालात काबू करने के प्रयास की जगह एम्बुलेंस से अपने गांव चले गए। मंत्रालय ने कहा कि कई नेताओं ने वांगचुक से हड़ताल खत्म करने की अपील की थी, लेकिन उन्होंने हड़ताल जारी रखी। उन्होंने अरब स्प्रिंग शैली और नेपाल में जेन-जी विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करके लोगों को गुमराह किया।

## मतगणना प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

- बिहार चुनावों से लागू होगा डाक मतपत्रों की गिनती का नया नियम

**नई दिल्ली।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो।

अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के मुताबिक, ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। हालांकि, अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी। नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी। चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाए जाएं।

## इरफान सोलंकी को मिली जमानत

**प्रयागराज।** कानपुर के जाजमऊ क्षेत्र में आगजनी मामले में सजा काट रहे समाजवादी पार्टी (सपा) नेता इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान सोलंकी और इसराइल आटेवाला की जमानत अर्जी इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंजूर कर ली है। न्यायाधीश समीर जैन की अदालत में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल और अपर शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया, वहीं इरफान सोलंकी की ओर से अधिवक्ता इमरान उल्लाह ने अपना पक्ष रखा। सोलंकी के वकील का कहना था कि इसी प्रकरण में अन्य सह आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, इसलिए इनके वादियों को भी समानता के सिद्धांत के आधार पर जमानत दी जानी चाहिए।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## सोनिया गांधी ने फलस्तीन मामले पर केंद्र को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार की फलस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया है।

मोदी सरकार को इस मामले में नेतृत्व करना चाहिए, लेकिन सरकार का रवैया मौन और व्यक्तिगत मित्रता के आधार पर दिखाई दे रहा है। श्रीमती गांधी ने फलस्तीन मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस संबंध में सरकार का जो रवैया है उसमें मानवता और नैतिकता की उपेक्षा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। श्रीमती गांधी ने एक समाचार पत्र में अपने लेख में कहा कि सरकार का रुख देश के संवैधानिक मूल्यों या रणनीतिक हितों के बजाय मुख्य रूप से श्री मोदी और उनके इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्यक्तिगत दोस्ती से प्रेरित प्रतीत लगता है। फलस्तीन के मुद्दे पर भारत को नेतृत्व दिखाने की जरूरत है, लेकिन सरकार की प्रतिक्रिया में गहरी चुप्पी और मानवता और नैतिकता दोनों का परित्याग शामिल है। उन्होंने आगे लिखा कि यह व्यक्तिगत कूटनीति कभी भी स्थायी नहीं हो सकती और भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक सिद्धांत नहीं बन सकती। इस शैली के प्रयास विशेष रूप से अमेरिका में हाल के महीनों में सबसे अपमानजनक तरीके से विफल हुए हैं। लेख में कहा गया है कि फ्रांस, फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने में ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल हो गए हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 150 से अधिक देशों ने अब ऐसा कर दिया है।



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने सरकार की नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया

उन्होंने लिखा है कि भारत इस मामले में अग्रणी रहा है, जिसने फलस्तीन मुक्ति संगठन को वर्षों के समर्थन के बाद 18 नवम्बर, 1988 को औपचारिक रूप से फलस्तीनी राष्ट्र के तौर पर मान्यता दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### केशव प्रसाद मौर्य बने बिहार के सह प्रभारी

**लखनऊ।** बिहार चुनाव को लेकर तेज राजनीतिक सरगर्मी के बीच भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य को बिहार विधानसभा चुनाव में सह प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की तरफ़ से जारी किए गए बयान के अनुसार भाजपा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी, केंद्री जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल को सह प्रभारी बनाया गया है। गौरतलब है कि भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेषों को रूस में प्रदर्शित करने वाले प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कर रहे हैं। इस नाते वह फ़िलिहाल रूस में हैं। संस्कृति मंत्रालय रूस के काल्मिकिया में 24 सितम्बर से एक अक्टूबर तक भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा (कपिलवस्तु) के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी लगाई है।

### योगी ने पंडित दीन दयाल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने कहा है कि दीनदयाल जी का 'अंत्योदय दर्शन' आज भी वंचितों के उत्थान हेतु पथ-प्रदर्शक है। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर अपना संदेश पोस्ट करते हुए लिखा है कि अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

# बेटियों को अच्छी शिक्षा व संस्कार दें माता-पिता:आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 5100 कन्याओं के पूजन कार्यक्रम में बोलीं राज्यपाल पटेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि बेटियों के सामने कई चुनौतियां होती हैं, इसलिए उन्हें सशक्त बनाने के लिए उनको शिक्षित करना, संस्कारित करना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में बेटियों के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनसे वे लगातार आगे बढ़ रही हैं। माता-पिता को जागरूक कर बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना आवश्यक है, क्योंकि बेटियां भविष्य में मातृत्व के रूप में समाज को सशक्त और संस्कारवान नागरिक प्रदान करती हैं। गुरुवार को नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रेरणा संस्था के सहयोग से राजभवन, लखनऊ में 5100 कन्याओं का पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्रेरणा संस्था के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर 100 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु निशुल्क एचपीवी टीकाकरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यापकों एवं संचालकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बालिकाओं के राजभवन में आगमन ने राजभवन के गौरव को और बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली गंदगी और नकारात्मकता से बेटियों को बचाना है। उन्हें संस्कारित और शिक्षित बनाकर ही हम उत्तम नागरिक तैयार कर सकते हैं।

### राष्ट्रपति ने कृष्ण कुब्जा मंदिर में किए दर्शन



**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार की सुबह करीब सवा 10 बजे स्पेशल ट्रेन से धार्मिक यात्रा पर वृंदावन पहुंचीं। वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पर उनका शाहनाई की धुन के साथ भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति ने वृंदावन में साधु-संतों के साथ मुलाकात की और श्री ठाकुर बांके बिहारी मंदिर श्री कृष्ण जन्म स्थान मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद निधि भवन में 500 मीटर की परिक्रमा की। वृंदावन में निर्धारित कार्यक्रम पूर्ण करके राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का काफिला मथुरा श्री कृष्ण कुब्जा मंदिर दर्शन के लिए पहुंचा। यहां राष्ट्रपति ने विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया।

# ध्वस्तीकरण आदेश का पालन न होने पर हाईकोर्ट सख्त, तलब किया रिकॉर्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी के खुर्रम नगर इलाके में एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश का अनुपालन न होने पर सख्त रुख अपनाया है। इस मामले में एकल पीठ ने अपील के निस्तारण तक ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी थी। दो सदस्यीय खंडपीठ ने इस पर आश्चर्य जताते हुए एकल पीठ के समक्ष दाखिल याचिका का रिकॉर्ड तलब किया है।

खंडपीठ ने कहा कि हम देखना चाहते हैं कि आखिर मामले में ऐसी क्या तात्कालिकता थी कि जिस दिन एकल पीठ के समक्ष याचिका दाखिल हुई, उसी दिन उसकी सुनवाई भी हो गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 अक्तूबर की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश हेमंत कुमार मिश्रा की ओर से वर्ष 2016 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया। याचिका में कहा गया है कि 10 मई 2016 को सक्षम अधिकारी ने इस अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। बजाय ध्वस्तीकरण के, एलडीए की सील को हटाकर इस अवैध निर्माण को और विस्तार देते हुए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बना लिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान एलडीए के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 2016 के ध्वस्तीकरण आदेश के बाद बिल्डर्स ने कम्पाउंडिंग प्रार्थना पत्र दिया था। इसे निरस्त करते हुए 2022 में नया ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। कहा गया कि कोर्ट के 13 अगस्त 2025 के आदेश के बाद एलडीए कोई कार्रवाई करता, इसके पहले ही 11 सितम्बर 2025 को बिल्डर फारुक सिद्दीकी व एक अन्य की याचिका दायर हुई।

# आई लव मोहम्मद पर बोले रजवी: हिंसा व विरोध गलत

शाह टाइम्स संवाददाता



■ विवाद पर मौलाना का साफ संदेश

**बरेली।** देशभर में आई लव मोहम्मद को लेकर हो रहे विरोध और विवाद पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद से मोहब्बत करना हर मुसलमान का ईमान और अकीदा है, लेकिन इसके साथ-साथ उनकी शिक्षाओं पर अमल करना सबसे अहम है।

मौलाना ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम ने हमेशा अमन और शांति का पैगाम दिया है। उन्होंने अपने विरोधियों से न टकराव किया, न विवाद, बल्कि हमेशा समझौते का रास्ता अपनाया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण सुलह-ए-हुदैबिया है, जो इस्लामी इतिहास का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मोहब्बत का इजहार सड़कों पर हुड़दंग मचाकर, धरना-प्रदर्शन कर, पुलिस से टकराकर या गैर-मुसलमानों से भिड़कर नहीं किया जा सकता। दुकानों में तोड़फोड़ और हिंसा करना पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है। पैगंबर ने फरमाया-अच्छा मुसलमान वही ह, जिसके हाथ, पैर और जबान से किसी को तकलीफ न पहुंचे। मौलाना ने यह भी कहा कि मोहब्बत का इजहार करने का सबसे अच्छा तरीका सीरत-उल-नबी के जलसे करना, मस्जिदों और मदरसों में उनकी शिक्षाओं पर रोशनी डालना और खुद की व परिवार की जिंदगी को उनके बताए रास्ते पर चलाना है।

## किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा: अखिलेश

# सपा सरकार बनने पर दाम बांधो नीति लागू होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ नोएडा से जुड़े मुद्दे पर पत्रकारों से बोले सपा मुखिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को नोएडा से जुड़े मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि दिल्ली से सटे इस इलाके में कारोबारी और निवेशक तो आ रहे हैं, लेकिन जिन किसानों की जमीन पर ये कारोबार फल-फूल रहा है, उनकी मांगें पूरी नहीं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार षड्यंत्र और दबाव बनाकर किसानों से ज़मीन ले रही है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर किसानों को सर्किल रेट से अधिक मुआवजा मिलेगा और नोएडा से लखनऊ तक बेहतर सड़कें बनाई जाएंगी। गुरुवार को बसपा व अपना दल एस के कई नेता व समर्थकों ने समाजवादी पार्टी में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय की कीमत पर विकास को सही नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन ऐसे वक्त पर हो रहा है, जब अमेरिका टैरिफ लगा रहा है और भारतीय कारोबार को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। ओडीओपी को बचाने के लिए सरकार को बताना चाहिए कि वह क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। इस पर काबू पाने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने ऐलान किया कि 2027 में सपा की सरकार बनने पर नेताजी और डा. लोहिया की 'दाम बांधो' नीति लागू की जाएगी, ताकि महंगाई पर काबू पाया जा सके। अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। विधायक मंच से बोल रहे हैं कि 10 प्रतिशत कमीशन है उस पर बोलेंगे नहीं और हमें क्रीम, पाउडर और शैंपू में उलझा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं, उन्हीं से बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि वहां अपराधी, बीजेपी और पुलिस मिलकर जनता को परेशान कर रहे हैं। पुलिस खुद किडनैपिंग कर रही है और फिरौती मांग रही है।

### आजम से मिलने आठ को अखिलेश जाएंगे रामपुर



**लखनऊ।** लखनऊ में नौ अक्टूबर को बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती की रैली से एक दिन पूर्व आठ अक्टूबर को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव आजम खान से मिलने जाएंगे। आजम के सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा होने के बाद अभी तक समाजवादी पार्टी के किसी बड़े नेता ने उनसे मुलाकात नहीं की है।

नौ अक्टूबर को बसपा अध्यक्ष कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर रैली के जरिए मिशन 2027 का आगाज करने जा रही हैं। इसको लेकर मायावती ने कार्यकर्ताओं को जुटने का निर्देश दिया है। इस बीच आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं को पूर्ण रुप से विराम देने के लिए माना जा रहा है कि सपा ने रामपुर जाने का कार्यक्रम बनाया है। हालांकि बसपा में जाने के सवाल को अखिलेश यादव व आजम खान दोनों नेता नकार चुके हैं। गौरतलब है कि आजम खान के बसपा में जाने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं। समाजवादी पार्टी आज से नही, न जाने कब से बीजेपी का मुकाबला कर रही है। जबकि आजम खान ने कहा है कि 23 माह वो जेल में बंद रहे, उनकी किसी से मुलाकात नही हुई है और न ही जेल के अंदर मोबाइल की सुविधा थी कि बात हो सके।

सेंसेक्स 81159.68
निफ्टी 24890.85


सोना रु. 115500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 139900
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 556 अंक लुढ़का



**मुंबई।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली और अमेरिका के साथ जारी व्यापार तनाव की चिंता में घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 555.96 अंक (0.68 प्रतिशत) लुढ़ककर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 166.05 अंक नीचे 24,890.85 अंक पर बंद हुआ। पांच दिन में सेंसेक्स लगभग 1854 अंक और निफ्टी-50 करीब 532 अंक गिरकर 9 सितम्बर के बाद के निचले स्तर पर आ चुके हैं। चौतरफा बिकवाली के बीच सिर्फ धातु सेक्टर की कंपनियों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। रियलिटी, आईटी, फार्मा, ऑटो, वित्तीय सेवा और स्वास्थ्य सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अमेरिका यात्रा से उम्मीद लगाए बैठे निवेशकों में कोई सकारात्मक घोषणा न होने से निराशा हाथ लगी है। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर 3.19 प्रतिशत और पावर ग्रिड का 3.05 प्रतिशत टूट गया। टाटा मोटर्स में 2.71 फीसदी और टीसीएस में 2.50 फीसदी की गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एनटीपीस, अडानी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस के शेयर भी डेढ़ से ढाई प्रतिशत के बीच लुढ़क गए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से सिर्फ तीन के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बीईएल में 2.05 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। मझोली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.57 फीसदी उतर गया। अधिकतर विदेशी बाजार भी गिरावट में रहे। हांगकांग का हैंगसेंग 0.13 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं जापान का निक्केई 0.27 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.65 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 प्रतिशत नीचे थे।

## नवरात्र के चौथे दिन अचानक सस्ता हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** गुरुवार 25 सितंबर 2025 शारदीय नवरात्र के चौथे दिन सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली। इससे सोना-चांदी के खरीदार काफी खुश है। कल यानी बुधवार के मुकाबले गोल्ड रेट 600 रुपये तक कम हुआ है। दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,500 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी की कीमत 1,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम है। वहीं मुंबई और कोलकाता जैसे मुख्य शहरों में गोल्ड रेट 1,15,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पास है। चांदी की कीमत 1,39,900 रुपये प्रति केजी है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,15,510 रुपये, मुंबई में1,15,360, चेन्नई में 1,15,630, कोलकाता में 1,15,360, बेंगलुरु में 1,13,510 और हैदराबाद में 1,15,360 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली में 1,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम, मुंबई में 1,39,900 , बेंगलुरु में 1,42,700, चेन्नई में 1,49,900 और जयपुर में 1,44,097 रुपये प्रतिकिलोग्राम रही। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं, जैसे वैश्विक सोने की मांग, विभिन्न देशों की मुद्राओं का मूल्य और ब्याज दरें आदि।

# दिल्ली में भारत मंडपम में ताइवान एक्सपो इंडिया का हुआ उद्घाटन

नई दिल्ली, वार्ता

■ प्रौद्योगिकी दक्षता और नवाचार का प्रदर्शन

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में गुरुवार को तीन दिवसीय ताइवान एक्सपो इंडिया 2025 का उद्घाटन हुआ जिसमें प्रौद्योगिकी और नवाचार क्षेत्र की कई कंपनियों ने भारत में व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है।

इस प्रदर्शनी में 107 ताइवानी कंपनियां अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। इनमें फॉक्सकॉन, डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांटेक आदि शामिल हैं। यहां ताइवान के आर्थिक मामलों के मंत्रालय की एक पहल ताइवान एक्सीलेंस (टीई) का एक विशेष ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन भी है। इस पवेलियन का उद्घाटन ताइवान विदेश व्यापार विकास परिषद के चेयरमैन जेम्स सी-एफ- हुआंग ने किया। बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन में आईटीसी, स्मार्ट लिविंग, हेल्थकेयर, आधुनिक गैजेट्स, और औद्योगिक समाधानों में काम करने वाली कंपनियां शामिल हैं। टोयो रोबोटिक्स के स्टॉल में इलेक्ट्रिक एक्चुएटर बनाने वाली मशीन का भी प्रदर्शन किया गया है। इस साल ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन में 22 पुरस्कार विजेता ताइवानी ब्रांड्स शामिल हैं, जिनमें एडवांटेक, एएमए फैन्स, एवर, बीनबॉन, किमेई मोटर, साइप्रेस, आईबेस, आईपेवो, केंडा, लॉरिक, मैक्रोहाई, मेकॉम, माइक्रोबेस, एमएसआई, फिसन, प्रोसेन्ड, टीमग्रुप, टोयो, ट्रंसेन्ड, विंक्सपर, जेड-कॉम, और ज़ाइक्सेल प्रमुख हैं। इनमें से कई भारत में पहली बार प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्योग मंडल फिक्की की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ताइवानी निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में 15 अरब डॉलर निवेश आकर्षित करने की क्षमता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, ईवी, स्मार्ट सिटी, और आईसीटी में तेजी से विकास ताइवान की विशेषज्ञता और प्राथमिकताओं से मजबूती से मेल खाता है।

## पत्र वायरल होने पर भाजपा विधायक बोले, कैसे लीक हुआ करेंगे, जांच की मांग

**लखनऊ।** कासगंज सदर सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा गया पत्र वायरल हो गया है। पत्र वायरल होने के बाद स्वयं के द्वारा लिखा होने की पुष्टि लड़ते हुए विधायक ने कहा है कि पत्र कैसे लीक हुआ, इसके जांच की मांग वो मुख्यमंत्री से करेंगे। दरअसल पिछले दिनों शिक्षा विभाग में एक मामले को लेकर भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत ने भ्रष्टाचार का मुद्दा बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर जांच कराने की मांग की थी। पत्र में भाजपा विधायक ने लिखा है कि कासगंज के बिलराम में स्थित सरदार भगत सिंह जूनियर हाई स्कूल विद्यालय में निरन्तर पठन-पाठन का कार्य किया जा रहा है। प्रार्थी के विद्यालय के माह मार्च 2011 से विद्यालय का वेतन भुगतान नहीं हुआ है, जबकि मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ द्वारा तीन माह के अन्दर एरियर भुगतान का आदेश पारित किया गया था। विधायक ने अपने पत्र में लिखा है कि बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल एवं बाबू अजय शंकर द्वारा रूपए 25 लाख की मांग की गई। जिसमें से प्रार्थी द्वारा 10 लाख रूपए की वसूली भी की गई है एवं वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया। परन्तु बकाया धनराशि मांग के लिए लगातार शिक्षा निदेशक द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। अपितु विद्यालय के विरूद्ध कार्यवाही करने की धमकी दे रहे हैं।

# खड़गे-थरूर ने फलस्तीन के समर्थन में सोनिया के लेख को सटीक टिप्पणी बताया





**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी नेता शशि थरूर ने फलस्तीन पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के एक अखबार में छपे लेख में की गई टिप्पणियों को सटीक बताते हुए कहा है कि यह दोस्ती निभाने का समय नहीं है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मानवीय संवेदनाओं का ध्यान रखते हुए नैतिकता का परिचय देना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने एक बार फिर जोर देकर कहा कि भारत को फलस्तीन के मुद्दे पर अपनी क्षमता तथा नेतृत्व का परिचय देना होगा। श्रीमती गांधी के एक अखबार में प्रकाशित लेख के अंश उद्धृत करते हुए खड़गे ने उनके विचारों से सहमति जताई और कहा कि फलस्तीन में मानवाधिकार का गंभीर मुद्दा है और मोदी सरकार को इसको लेकर वैश्विक स्तर पर प्रमुखता से नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए। उनका कहना था कि ऐसा प्रतीत होता है कि मोदी की फलस्तीन के नागरिकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर कोई संवेदना नहीं है और वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से दोस्ती निभाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार गांधी ने अपने लेख में कहा कि फलस्तीन में मानवीय संकट पर मोदी सरकार की गहरी चुप्पी मानवता तथा नैतिकता के खिलाफ है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी कार्रवाई मुख्यत: भारत के संवैधानिक मूल्यों या उसके सामरिक हितों के बजाय इजराइली प्रधानमंत्री और मोदी के बीच व्यक्तिगत मित्रता से प्रेरित है। व्यक्तिगत कूटनीति की यह शैली कभी भी स्वीकार्य नहीं है और न ही यह भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक हो सकती है। विश्व मंच पर भारत की स्थिति किसी व्यक्ति के निजी गौरव-प्राप्ति के तरीकों तक सीमित नहीं हो सकती, न ही वह अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियों पर निर्भर हो सकती है। इसके लिए साहस और ऐतिहासिक निरंतरता की भावना की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत को फ़िलिस्तीन के मुद्दे को केवल विदेश नीति के रूप में नहीं, बल्कि अपनी नैतिक और सभ्यतागत विरासत की परीक्षा के रूप में देखना चाहिए। फिलिस्तीन के लोगों ने दशकों तक विस्थापन, लंबे समय तक कब्ज़ा, बस्तियों के विस्तार, आवाजाही पर प्रतिबंधों और नागरिक, राजनीतिक और मानवाधिकारों पर बार-बार हमलों को सहन किया है। उनकी दुर्दशा औपनिवेशिक काल के दौरान भारत द्वारा झेले गए संघर्षों की याद दिलाती है- एक ऐसा देश जिसे अपनी संप्रभुता तथा राष्ट्रीयता से वंचित कर अपने संसाधनों के लिए शोषित किया गया और सभी अधिकारों तथा सुरक्षा से वंचित रखा गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शहीद सम्मान यात्रा-2 का सीएम ने किया शुभारम्भ

## शहीदों की शौर्य गाथा सदैव प्रेरणा देती रहेंगी: धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** शहीद सम्मान यात्रा के दूतीय चरण का गुरुवार को शुभारंभ हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को शहीद राईफल मैन नरेश कुमार के गुजराड़ा मानसिंह सहस्त्रधारा रोड़ स्थित आवास से शहीद सम्मान यात्रा 2 का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा 4 अक्टूबर तक चलेगी और 05 अक्टूबर को शहीद यात्रा रथ को गरिमामय कार्यक्रम के साथ शहीदों के परिजनों के साथ लैंसडाउन रवाना किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इससे पहले शहीद राइफलमैन नरेश कुमार के चित्र पर माल्यार्पण के साथ ही शहीद स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीद नरेश कुमार



के परिजनों से भेंट कर उनके आंगन की मिट्टी का भी संग्रहण किया। उन्होंने शहीद के परिजनों को शहीद सम्मान समारोह में शामिल होने का भी आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा देहरादून के गुनियाल गांव में शौर्य स्थल (सैन्य धाम) का निर्माण कराया गया है जिसमें प्रदेश के सभी शहीद सैनिकों के घर-आँगन की पवित्र मिट्टी स्थापित की जा रही है।

इस अवसर मेजर जनरल (सेनि) सम्मी सभरवाल, कैप्टन (सेनि) उमादत्त जोशी, कर्नल वैटरन आदित्य श्रीवास्तव, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक बिग्रेडियर (सेनि) अमृत लाल, कैप्टन (सेनि) आनन्द राणा सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एंव जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 71 वीर शहीदों के घरों से लाई जाएगी मिट्टी: जोशी

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देहरादून में निर्मित हो रहे सैन्य धाम निर्माण से पूर्व प्रदेश के 1734 अमर बलिदानियों के आंगन की पवित्र मिट्टी सैन्य धाम लाई जा चुकी है। प्रदेश में शहीदों के सम्मान की परंपरा वर्ष 2021 से प्रारम्भ हुई। उस वर्ष जिला एवं राज्य स्तर पर शहीद सम्मान समारोह आयोजित किए गए और शहीद परिजनों को ताम्रपत्र भेंट किए गए। वर्ष 2021 में कतिपय कारणों से 39 शहीद सैनिकों के घर-आँगन की मिट्टी संग्रहित नहीं हो सकी थी। इसके पश्चात 2021 से 2025 के बीच प्रदेश के 32 और वीर सैनिक मातृभूमि पर बलिदान हुए। इन सभी 71 वीरों के सम्मान में हमारी सरकार द्वारा 25 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक शहीद सम्मान यात्रा आयोजित की जा रही है।

# यूसीसी: विवाह पंजीकरण प्रोत्साहित करने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के क्रियान्वयन की सचिव गृह शैलेश बगौली ने गुरुवार को सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलाधिकारी विभिन्न मंचों के माध्यम से लोगों को जागरूक करें और उन्हें प्रोत्साहित करें कि वे अपने विवाह का पंजीकरण अनिवार्य रूप से यूसीसी के अंतर्गत कराएं। बगौली ने कहा कि आगामी 27 जनवरी 2026 को पहला यूसीसी दिवस मनाया जाएगा, इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में यूसीसी से संबंधित विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से यूसीसी दिवस हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा हेतु सुझाव भी मांगे।

सचिव ने यह भी कहा कि मानसून के बाद अब ग्राम स्तर तक फिर से यूसीसी से जुड़ी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और विशेष शिविर लगाए जाएं। जो ग्राम शत प्रतिशत विवाह पंजीकरण का लक्ष्य पूरा करें, उनके ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले तीन माह में शत-प्रतिशत विवाह पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए।

बैठक के दौरान बताया गया कि विवाह पंजीकरण के क्षेत्र में बागेश्वर (63 प्रतिशत), चंपावत (60 प्रतिशत), रुद्रप्रयाग (58 प्रतिशत), पौड़ी गढ़वाल (50 प्रतिशत), उत्तरकाशी और चमोली (49 प्रतिशत) जिले अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। अन्य जनपदों को भी इस दिशा में गति तेज करने की आवश्यकता है।

## मुख्य सचिव ने की कुंभ 2027 की तैयारियों को लेकर बैठक

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरूवार को सचिवालय में कुम्भ 2027 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली। इस दौरान मुख्य सचिव ने कुम्भ क्षेत्र में कराए जा रहे और कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेले से सम्बन्धित सभी स्थायी एवं अस्थायी प्रकृति के कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए। मुख्य सचिव ने नोडल अधिकारियों की तैनाती शीघ्र सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग नहर बंदी के समय कराए जाने वाले कार्यों को समय से पूरा कराने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करा लें। उन्होंने नहर बंदी का समय बढ़ाए जाने के लिए यूपी से लगातार संवाद किए जाने की बात भी कही।

# भर्ती परीक्षा मामले की जांच की होगी न्यायिक निगरानी

■ सरकार ने न्यायमूर्ति से.नि. बीएस वर्मा को बनाया पर्यवेक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2025 में नकल की शिकायतों को देखते हुए राज्य सरकार ने इस मामले की जांच न्यायिक निगरानी में कराने का निर्णय लिया है। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बी. एस. वर्मा (पूर्व न्यायाधीश, उत्तराखंड उच्च न्यायालय, नैनीताल) को इस जांच का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।



इस संबंध में सचिव गृह शैलेश बगोली द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप में स्पष्ट किया गया है कि न्यायमूर्ति बी.एस. वर्मा SIT (विशेष अन्वेषण दल) द्वारा की जा रही जांच की बारीकी से निगरानी करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित हो। उन्हें आवश्यकता अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर शिकायतों व सूचनाओं का संज्ञान लेने और SIT को मार्गदर्शन देने का अधिकार भी प्राप्त होगा।

### जया बलूनी होंगी एसआईटी की प्रमुख

शासन ने 24 सितम्बर को आदेश जारी कर पांच सदस्यीय विशेष अन्वेषण दल एसआईटी का गठन किया है। इस टीम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), देहरादून जया बलूनी करेंगी। एसआईटी पूरे उत्तराखण्ड राज्य में फैले नकल प्रकरण की जांच करेगी। टीम को स्वतंत्र रूप से तथ्यों की पड़ताल करने और दोषियों को चिन्हित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# एक -एक नकल माफिया को करेंगे गिरफ्तार: सीएम

## एक शिकायत के आधार पर अराजकता का प्रयास, सरकार ने परीक्षा गड़बड़ी की जांच को गठित की एसआईटी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल में सामने आई परीक्षा गड़बड़ी की जांच के लिए एक एसआईटी गठन का निर्णय लिया है। एसआईटी जांच के आधार पर इस मामले में निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। सरकार राज्य में एक-एक नकल माफिया को चुन-चुन कर गिरफ्तार कर, सजा दिलवाएगी।

नानूरखेड़ा स्थित एससीईआरटी ऑडिटोरियम में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने शपथ लेने के बाद ही संकल्प लिया था कि रिक्त पदों को प्राथमिकता पर भरा जाएगा। इसके बाद रिकॉर्ड भर्तियां हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीआई जांच के जरिए भर्ती प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि सरकार का उद्देश्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ भर्ती करना है। सरकार भर्ती में देरी के कारण किसी भी युवा के साथ अन्याय नहीं होने देगी।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में नया अल्पसंख्यक शिक्षा कानून लागू किया है। इस कानून के अंतर्गत एक जुलाई 2026 के बाद से उत्तराखंड में केवल वही मदरसे संचालित हो पाएंगे, जिनमें हमारे सरकारी बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए उत्तराखंड में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। पिछले चार वर्षों में राज्य के 25 हजार से अधिक युवाओं का चयन सरकारी नौकरी में हुआ है, अब सामान्य परिवारों के कई युवा एक से अधिक परीक्षा में सफल हो रहे हैं। जबकि राज्य बनने के शुरुआती 21 साल में कुल 16 हजार नियुक्तियां ही हुई थी। सख्त नकल विरोधी कानून के लागू होने के बाद से अब तक 100 से अधिक नकल माफियाओं को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया जा चुका है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कुछ लोगों को पारदर्शिता के साथ युवाओं का सरकारी नौकरियों में जाना रास नहीं आ रहा है। इसलिए वे युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने के लिए संगठित रूप से पेपर लीक का षड्यंत्र रच रहे हैं। हाल ही में राज्य में पेपर लीक कराने का असफल प्रयास किया गया, सिर्फ एक जगह की शिकायत के आधार पर अराजकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# सहकारी समितियों में शीघ्र होगी 279 कैडर सचिवों की भर्ती: डॉ. रावत

## आवास एवं निर्माण सहकारी संघ को निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के दिये निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सहकारी विभाग के अंतर्गत संचालित सहकारी समितियों में शीघ्र ही 279 कैडर सचिवों की भर्ती की जायेगी। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। आगामी 3 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक विशेष थीम आधारित सहकारी मेलों की तैयारियों को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिये गये हैं। आवास एवं निर्माण सहकारी संघ के अंतर्गत प्रदेशभर में संचालित निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने को भी अधिकारियों को कहा गया है।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज विधानसभा स्थित सभाकक्ष में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने सहकारी समितियों में लम्बे समय से रिक्त 279 कैडर सचिवों की शीघ्र भर्ती करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। जिसमें रूद्रप्रयाग जनपद में 18, पिथौरागढ़ 24, टिहरी 46, पौड़ी 44, चम्पावत 1, उत्तरकाशी 2, ऊधमसिंह नगर 27, हरिद्वार 21, नैनीताल- अल्मोड़ा 23-23 तथा



चमोली व देहरादून में 25-25 कैडर सचिवों की भर्ती की जायेगी। उन्होंने कहा कि कैडर सचिवों की नियुक्ति से प्राथमिक सहकारी समितियों में पारदर्शिता के साथ काम होंगे, साथ ही समितियां आर्थिक रूप भी मजबूत होंगी। इसके अलावा समितियों के कार्यों में तेजी आयेगी जिससे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा। बैठक में डॉ. रावत ने अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 3 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक प्रदेशभर में विशेष थीम पर आधारित सहकारी मेलों के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेलों की तैयारियों में कोई कमी न रहे और मेलों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाये। इसके अलावा उन्होंने उत्तराखंड आवास एवं निर्माण सहकारी संघ के कार्यों की भी समीक्षा की। डॉ. रावत ने आवास संघ के तहत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों को प्रगति की जानकारी लेते हुये विभागीय अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों को पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिये।

बैठक में सचिव सहकारिता बीवीआरसी पुरुषोत्तम, निबंधक सहकारिता डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट, अपर निबंधक एवं प्रबंध निदेशक आवास संघ इरा उप्रेती सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार एक एक नकल माफिया को सलाखों के पीछे भेजेगी : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि परीक्षा पेपर लीक करने का षड्यंत्र और उसके बाद अराजकता की योजना भी नकल जिहाद जैसा ही है। सरकार एक एक नकल माफिया को सलाखों के पीछे भेजेगी और हर षड्यंत्र को बेनकाब करेगी।

भट्ट ने कहा कि कांग्रेस न कभी युवाओं के साथ थी और न ही अब है। कांग्रेस युवाओं के आक्रोश को भड़काने की कोशिश कर रही है, लेकिन वह इसमें सफल नही होने वाली है। युवा, मातृ शक्ति और आम जन कांग्रेस शासन मे हुए घपले घोटालों को जानती है। पटवारी परीक्षा से लेकर दरोगा भर्ती घोटालों अथवा विधान सभा सहित



अन्य विभागीय नौकरियां बेची गयी उसे जनता बेहतर जानती है। इन भर्तियों का आज तक पता नही चल पाया कि इनकी जांच भी हुई अथवा नही और क्या कार्यवाही हुई। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों की प्रारंभिक जांच मे यह साबित हो चुका है कि एक सेंटर मे नकल के लिए तीन पन्ने बाहर आये, लेकिन उद्देश्य पेपर लीक के जरिये अराजकता उत्पन्न करना था।

# पेपर लीक घोटाले की हो सीबीआई जांच: प्रीतम सिंह

## नकल प्रकरण में भाजपा से जुड़े लोगों के नाम सामने आ रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में लाखों युवा सरकारी नौकरी के लिये कड़ी मेहनत और कठिन परिश्रम कर रहे हैं, मगर भर्ती परीक्षाओं में नकल माफियाओं के आगे प्रदेश सरकार बेबस नजर आ रही है।

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की और से आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा में हुए पेपर लीक घोटाले के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर उत्तराखंड के युवा सड़कों पर आंदोलनरत है



लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार इस नकल प्रकरण को गम्भीरता से लेने की बजाय इसे साम्प्रदायिक रंग देने में जुटी हुई है। पेपर लीक तंत्र को सोची-समझी रणनीति के तहत नकल जिहाद बताना भाजपा के दोहरे चरित्र को बेनकाब करता है।

सरकार द्वारा पेपर लीक कांड की जांच के लिये एसआईटी का गठन किया गया है। जिस प्रकार से नकल प्रकरण में भाजपा से जुड़े लोगों के नाम सामने आ रहे हैं उसे देखते हुए एसआईटी द्वारा निष्पक्ष जांच किये जाने की संभावना बेहद क्षीण है। उत्तराखंड सरकार को परीक्षा निरस्त करते हुए पेपर लीक कांड की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई से करानी चाहिये ताकि सरकारी भर्ती परीक्षाओं की शुचिता के प्रति प्रदेश के नौजवानों का विश्वास कायम रखा जा सके।

# जिहाद का मतलब बताएं धामी: हरदा

■ बेरोजगारी-भ्रष्टाचार से जूझ रहे युवाओं को नकल-जिहादी कहना शर्मनाक

**शाह टाइम्स संवाददा**

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता की आवाज दबाने में जुटी है। 'जहाँ-जहाँ जनता आंदोलन करती है, भाजपा को उसमें षड्यंत्र दिखाई देता है। लद्दाख से लेकर उत्तराखंड तक हर आंदोलन को षड्यंत्र बताकर भाजपा अपनी नाकामियों पर पर्दा डाल रही है। कहा कि मुख्यमंत्री को उनके गुरु ने 'जिहाद' का क्या शाब्दिक अर्थ बताया है, यह तो वही जानें। मेरा ज्ञान कहता है कि जिहाद का मतलब बुराई, अन्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष है। लेकिन मुख्यमंत्री जी बेरोजगार युवाओं की आवाज को ही 'नकल-जिहाद' कह रहे हैं। आखिर युवाओं को कलंकित करने का संदेश देकर वह क्या साबित करना चाहते हैं?



पूर्व सीएम ने तीखे लहजे में कहा कि नौजवान बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त हैं, पेपर लीक ने उनके भविष्य पर कुठाराघात किया है। सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए युवाओं को ही कटघरे में खड़ा कर रही है। सत्ता अपने खिलाफ हर आलोचना को सामाजिक विद्वेष का रंग देकर विफलताओं को ढकना चाहती है। यह सोच खतरनाक है और मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूँ।




# नगर निगम में लोक कल्याण मेला

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उनके आवासों की सौंपी चाबियां



शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस सेवा पखवाड़ा के तहत आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर नगर निगम द्वारा लोक कल्याण मेला आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उनके आवासों की चाबियां सौंपी गई। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने द्वारा उत्पादित रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाले सामानों के स्टॉल लगाए गए। महापौर दीपक बाली ने इस अवसर पर खचाखच भरे सभागार में सभी को देश को साफ और स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। नगर निगम पहुंचे महापौर का महासंघ ठेला फड़ एसोसिएशन द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। महापौर दीपक बाली व विधायक त्रिलोक सिंह चीमा तथा नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट द्वारा नगर निगम सभागार में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर एवं सभागार में लगे मेले का उद्घाटन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण किया गया।

समूह की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए स्वागत गीत के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विश्व गुरु बनाने के प्रयासों में लगे हुए हैं और जिस तेजी से उन्होंने देश का विकास किया है ऐसा महापुरुष सदियों में जाकर पैदा होता है। श्री बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने भी जनता की सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ी है और पीएम आवास योजना में उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से मिलने वाली मदद को और बढ़ाया है। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शीघ्र ही शहर के पांच क्षेत्रों में अस्पताल खोलकर गरीब रोगियों की मदद की जाएगी और दवा के साथ-साथ उनके सभी चेकअप फ्री में होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार ने टेंडर कर दिया है। महापौर ने कहा कि शहर को स्वस्थ सुरक्षित और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी मेरी है। मेले का उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। इस दौरान ऑन-द-स्पॉट सहायता प्रदान करने के साथ ही बैंकों और हेल्पडेस्क के माध्यम से त्वरित समाधान भी उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिए आवास शहरी के 115 लाभार्थियों को 59.60 लाख रु उनके खाते में हस्तांतरित किये। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त कमल मेहता, डॉ. गिरीश तिवारी, कल्पना राणा, पार्षद बीना नेगी, शाह आलम, राशिद फारूकी, संजय शर्मा, संजय भाटिया, मुकेश पाहवा, मोहन बिष्ट, राहुल पैंगिया, चौधरी समरपाल सिंह, अर्जुन सिंह, विजय बॉबी, अजय टंडन बोबी, दीपा पाठक, पुष्कर बिष्ट, अभिषेक गोयल, जसपाल सिंह जस्सी सहित अनेक गणमान्य लोगों एवं आमजन ने भाग लिया। संचालन कर अधीक्षक अनिरुद्ध गौड़ द्वारा किया गया।

### सादगीपूर्ण मनाई गई पं. दीनदयाल की जयंती

**काशीपुर।** आवास विकास स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय पार्क में दीनदयाल सेवा प्रतिष्ठान पदाधिकारियों समेत अतिथियों ने पहुंचकर उनकी जयंती पर पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान समिति के पूर्व अध्यक्ष एसपी गुप्ता व केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल जी के भारत की सनातन तथा एकात्म मानववाद की विचारधारा पर विचार व्यक्त किये। सेवा प्रतिष्ठान समिति अध्यक्ष मनोहर गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दीनदयाल जी के आदर्शों और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को हम सबको आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष मनोहर गुप्ता, महामंत्री अशोक धीमान, केएस कपूर, राजेन्द्र अग्रवाल सर्राफ, सुरेश गोयल, चक्रेश जैन, के. अग्रवाल, एमपी गुप्ता, डॉ. आर. सी. शर्मा, सर्वेश यादव, के.गुप्ता समेत अतिथि मौजूद रहे।

## एक नजर....

### काशीपुर बवाल में पांच और गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** आई लव मोहम्मद जुलूस के बवाल में शामिल पांच अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में आजाद समाज पार्टी का महानगर अध्यक्ष एम राहुल भी शामिल है। जुलूस में विवाद के दौरान वीडियो में ये लोग मौजूद पाए गए हैं। विदित हो कि रविवार देर रात शहर में आई लव मोहम्मद जुलूस निकाला गया था, जिसमें युवकों व नाबालिगों ने पुलिस के साथ मारपीट व गाड़ी में तोड़फोड़ की थी। इस मामले के आरोपियों की धरपकड़ लगातार जारी है। पुलिस ने बुधवार को करीब 15-16 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था, इनमें से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें कचहरी पाकीजा निवासी फरदीन (19), पाकीजा कॉलोनी निवासी मोहम्मद अर्श, मोहल्ला अल्लीखां निवासी रवीश (18), बांसफोड़ान काशीपुर निवासी सालिम (18) और मोहम्मद अब्बास राहुल उर्फ एम राहुल शामिल हैं। सीसीटीवी फुटेज व जुलूस के वीडियो में इन लोगों को देखा गया है। एएसपी अभय सिंह ने बताया कि जुलूस में मारपीट के दौरान उक्त आरोपी भी मौजूद थे। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इससे पहले पुलिस ने जुलूस के मास्टरमाइंड सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं, 12 नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया।

### वन विभाग ने अवैध आरामशीन पकड़ी

**काशीपुर।** मोहल्ला अल्लीखां में वन विभाग ने छापा मारकर अवैध आरामशीन, सायनशीशम की गिल्टें बरामद की हैं। वन विभाग की टीम आरामशीन को खोलकर अपने साथ ले गई। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि एसडीओ जसपुर संदीप गिरी, एसडीओ एसओजी किरन शाह ग्वासीकोटी व रेंजर काशीपुर देवेंद्र रजवार के नेतृत्व में अल्ली खां में कार्रवाई की गई। इस दौरान मो. इस्लाम निवासी हजरतनगर अल्लीखां के टाल में एक आरामशीन अवैध रूप से संचालित हो रही थी। एक अन्य टाल से 13 शीशम और सागौन के 46 गिल्टे बरामद किए गए। अवैध आरामशीन, सागौन व शीशम के भंडारण पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पेपर लीक भाजपा सरकार की नाकामी: अलका

**काशीपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं पीसीसी सदस्य अलका पाल ने कहा कि पेपर लीक होने एवं देवभूमि के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ भाजपा सरकार की नाकामी है। वर्तमान भाजपा सरकार भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने में नाकाम रही है। पीसीसी सदस्य एवं उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि वर्तमान भ्रष्टाचारी सरकार घोटोलो की सरकार है, जो उत्तराखंड के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करती है, पूरे प्रदेश में आज नकल माफिया सरकारी तंत्र पर हावी है। कांग्रेस नेत्री अलका पाल ने कहा कि उत्तराखंड, बिहार, यूपी और मध्य प्रदेश जहां भी भाजपा की सरकार हैं, ऐसे कौन से कारण है कि वहां पेपर लीक कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है। भर्ती प्रक्रिया में व्याप्त भ्रष्टाचार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा उत्तराखंड में हाकम जैसे लोगों का तंत्र सरकार पर हावी है। कांग्रेस उत्तराखंड के नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।

### अग्रसेन महाराज की जयंती पर कार्यक्रम 27 को

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री अग्रसेन महाराज जी की जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार 27 सितम्बर को अग्रवाल समाज एकता अभियान के द्वारा रतन सिनेमा रोड स्थित श्री अग्रवाल सभा भवन में कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। काशीपुर शाखा की अध्यक्ष सुरभि अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस कार्यक्रम में कुछ नया देखने को मिलेगा। इसमें सभी हिंदू समाज के लोग भाग ले सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करने के साथ-साथ वर्ष 2024-25 में अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने वाले अग्रवाल समाज के 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

### स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा इकाई के तत्वावधान में आयोजित एनएसएस स्थापना दिवस पर स्वयं सेवकों ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दीपक शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय के खेल मैदान तथा विद्यालय परिसर में सघन स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। वहीं इस अवसर पर स्वयं सेवकों तथा अतिथियों द्वारा फलदार पौधे भी लगाए गए। आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय कार्यकारिणी उपाध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल व प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि स्वयं सेवक नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाते हैं। संगोष्ठी के दौरान शिक्षक कवि शुभम लोहनी ने ओजमयी कविताओं से समां बांधा। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मेजर मुनीशकांत शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रवक्ता महेश चंद्र आर्या सुनील कुमार उपाध्याय कौशलेश गुप्ता रमेश कुमार पाण्डेय शुभम लोहनी रामचंद्र सिंह प्रेम प्रकाश मुकेश चन्द्र आर्या मनोज विश्नोई रंजना चौहान मनीषा चौहान एकता अग्रवाल पूनम चंयाल कल्पना नौडियाल समेत स्वयं सेवक मौजूद थे।

# त्रिवेणी तट पर स्वच्छता की शपथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** स्वच्छोत्सव स्वछता ही सेवा जन जागरुकता अभियान के तहत भारतीय डाक विभाग के मुखिया डाक अधीक्षक अल्मोडा जीवन सिंह बोरा द्वारा बागेश्वर त्रिवेणी संगम तट पहुचकर विभागीय कर्मचारियों एवं नगर पालिका परिषद बागेश्वर के पर्यावरण मित्रों, स्वयं सेवियों, स्वजल, फड़ समिति, देवकी लघु वाटिका समिति के साथ संगम तट पर प्लास्टिक कूड़ा, कचरा एकत्र कर झाड़ू लगाकर स्वछता का संदेश दिया। जिसके पश्चात स्वछता की शपथ दिलाई। उन्होंने ऐतिहासिक नगरी को साफ स्वच्छ बनाये रखने में आम जनमानस से सहयोग की अपील की। इस मौके पर राकेश बिष्ट उप डाकपाल मुख्य डाकघर बागेश्वर, पवन गोस्वामी, प्रेम नाथ गोस्वामी, जगदीश गिरी, रेखा देवी, किशन राम, रमेश पार्वती किशन मलड़ा, किशन सिंह मलड़ा, भुवन लोहनी आदि मौजूद थे। इसी क्रम में सेवा पखवाड़ा के तहत गोबिंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालई पर्यावरण संस्था द्वारा नुमाइश खेत तहसील रोड मंडलसेरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी मौके संस्था के लोगों द्वारा लोगों के स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही नगर में फैले कूड़े को एकत्र कर नगर पालिका के वाहनों के मध्यम से निस्तारण के लिए भेजा। इस मौके पर रोहन सिंह, हेम तिवाड़ी, टैक्सी यूनियन के सदस्य आदि मौजूद थे। उधर द हंगर प्रोजैक्ट के तहत स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को बृहद बनाने के लिए विकास खंड गरुड़ के कई ग्राम पंचायतों में जल जंगल जमीन के लिए लोगों को जागरूक किया। स्वच्छता का सन्देश देते हुए प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की लोगो से अपील की गई। इस मौके पर बसंती, लक्ष्मी, मंजू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# एडीएम, एसडीएम करेंगे गुणवत्ता की जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** सड़क किनारे लगने वाले क्रैश बैरियर की गुणवत्ता अब से एडीएम व एसडीएम जांचेंगे। जांच कमेटी में सड़क निर्माण दाई संस्था के अधिकारी कर्मचारी भी शामिल होंगे। यह निर्देश जिलाधिकारी ने गुरुवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए दिए। उसके साथ ही बैठक में जनपद के ब्लैक स्पॉट, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के चिन्हीकरण, सड़कों को गड्ढा मुक्त करने तथा प्रवर्तन की कार्यवाही आदि विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम आशीष भटगाई ने सड़क निर्माण से जुड़े विभागों को शीघ्रातिशीघ्र सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बैजनाथ ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग की खराब स्थिति को देखते हुए 66 आरसीसी के अधिकारियों को तत्काल सड़क दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में कहा कि क्रैश बैरियर लगाने के कार्य में गुणवत्ता को लेकर लोगों की लगातार शिकायत आ रही है। अब से इसकी गुणवत्ता अपर जिलाधिकारी की देखरेख में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आरटीओ, पुलिस एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की एक समिति गठित करने के निर्देश दिए, जो निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करेगी।

बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी के विलंब से पहुंचने पर जिलाधिकारी ने नाराज़गी व्यक्त की। बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अमित पटेल ने बताया कि जनपद में वर्तमान में कोई ब्लैक स्पॉट चिन्हित नहीं है। परिवहन विभाग द्वारा अगस्त माह तक ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग एवं अन्य उल्लंघनों में 236 चालान किए गए तथा 04 लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।

जनपद में वर्तमान में 21 एम्बुलेंस उपलब्ध हैं। साथ ही, परिवहन विभाग और पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी नारायण सिंह नब्याल, अधिशासी अभियंता (पीडब्ल्यूडी) संजय पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बालीघाट धरमघर मोटर मार्ग में लगे क्रैश बैरियर की जांच की मांग

इन दिनों बालीघाट धरमघर मोटर मार्ग में क्रैश बैरियर लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर चला है। बैरियर लगाने वाले कम्पनियां सड़क के किनारों में मिटी में बैरियर को गाड़ रहे है। पुंगर घाटी संघर्ष समिति के लोगों ने बताया कि पहाड़ों में पहले से ही सड़कें काफी डेंजर जोन में बनी है। सुरक्षा की दृष्टि से सरकार द्वारा सड़क के किनारों में क्रैश बैरियर लगाए जा रहे हैं। लेकिन कम्पनी द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। एक ही बरसात में कई जगह बैरियर उखड़ गए है। उन्होंने मांग की है कि बैरियर के निचले भाग में सीमेंट कन्क्रीट के मसाला भरा जाए। ताकि कभी दुर्घटना की स्थिति में लोगों की जान बच सके।

### 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' अभियाान

**अल्मोड़ा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत संचालित सेवा पखवाड़े में गुरुवार को एक साथ राष्ट्रव्यापी श्रमदान 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' अभियाान के अन्तर्गत विकास भवन परिसर अल्मोड़ा में वृहद स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। मौके पर मौजूद सभी कार्मिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मौजूद समस्त कार्मिकों को हर सप्ताह 02 घंटे श्रमदान कर स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके बाद मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा के निर्देशन में विकास भवन परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। बताया कि समस्त ब्लॉकों में खंड विकास अधिकारियों के नेतृत्व में सघन स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम संचालित किया गया।

# डीएम ने घूना गांव में की क्रॉप कटिंग, किसानों से सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने गुरुवार को घूना गांव में धान की फसल की क्रॉप कटिंग की। उन्होंने खेत में जाकर खुद कटाई की और किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं व सुझाव सुने। जिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग फसल उत्पादन के अनुमान, उत्पादकता गणना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दावों के निपटारे में किया जाता है। घूना गांव में दो प्रयोगात्मक प्लॉट में कटाई कर पहले में 8.3 किग्रा व दूसरे में 9.4 किग्रा धान प्राप्त हुआ। उन्होंने किसानों को आधुनिक व जैविक खेती अपनाने के लिए विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। किसानों ने जंगली जानवरों और पेयजल की समस्या बताई, जिस पर जिलाधिकारी ने समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर तहसीलदार नेहा धपोला, सांख्यिकी अधिकारी अशोक कुमार, ग्राम प्रधान व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# छात्र नेताओं ने वादों की झड़ी लगाई

## बाथरूम, पुस्तकालय सहित कई अन्य मुद्दों पर वोट मांगा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** बीडी पांडे कैंपस में शनिवार को होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए परिसर में गैदरिंग का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार की दोपहर 2 बजे अध्यक्ष, उपाध्यक पदों के प्रत्याशियों ने छात्र-छात्राओं को अपनी अपनी घोषणाएं बताते हुए अपनी ओर लुभाने की भरपूर कोशिश की गई।

एबीवीपी छात्र नेताओं ने परिसर में बालिकाओं के लिए बाथरूम, पुस्तकालय सहित कई अन्य मुद्दों पर वोट मांगा। जीतने पर इन समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलाया। वहीं एनएसयूआई के अध्यक्ष प्रत्याशी सागर जोशी ने कहा कि अगर वह अध्यक्ष पद पर जीत कर आते हैं तो जब तक विज्ञान भवन को नहीं खोला जाएगा तब तक वह अध्यक्ष बनने की शपथ नहीं लेंगे। इसी क्रम में छात्रों ने परीक्षाफल में हो रही गड़बड़ी के खिलाफ छात्रों के साथ खड़ा रहने का भरोसा दिलाया। देर शाम तक चले भाषणों के दौर में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर आरोप प्रत्यारोप भी खूब लगाए। भाषणों में तनातनी देख पुलिस भी चौकन्नी नजर आई। गैदरिंग के पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राएं छात्र नेताओं को सुनते रहे। हालांकि अभी किसी भी प्रत्याशी के पलड़ा भारी नजर नहीं आ रहा है। सभी समान गति से चुनावी मैदान में खड़े है।

# भाजपा सरकार का पुतला फूंका



शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** यूकेएसएसएससी परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण को लेकर युवाओं का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। पेपर लीक प्रकरण को लेकर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को चौघानपाटा में प्रदर्शन कर भाजपा सरकार का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खिलाफ नारेबाजी की। यूथ जिलाध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि बार-बार पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य खतरे में है, लेकिन सरकार दोषियों को सजा देने में किल रही है। परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों को लगातार संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने शीघ्र कार्रवाई कर सभी दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। पेपर लीक प्रकरणों से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कहा कि नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद भी दलालों के हौसले बुलंद हैं। लगातार पेपर लीक प्रकरणों से युवाओं में नाराजगी है। यूथ कांग्रेस ने पेपर को निरस्त कर मामले में दोषियों को सजा देने और सीबीआई जांच की मांग उठाई। यहां पुतला फूंकने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पूरन रौतेला, दीपक तिवारी, भैरव गोस्वामी, इरशाद अहमद, गोपाल भट्ट, जगदीश तिवारी, पार्षद वैभव पांडेय, दानिश खान, कमल मेहता, भगवान भोजक, राहुल कुमार, सौरभ उप्रेती, विकास रावत, कमलेश उप्रेती, बृजेश जोशी, सुंदर आर्य समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल हुए डा. आईडी भट्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. आईडी भट्ट को स्टेनफोर्ड विवि कैलिफोर्निया, अमेरिका तथा एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची मेंउ नका चयन, हिमालयी क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य, उनके शोध पत्रों के उद्धरणों तथा वैश्विक स्तर पर उनके शोध कार्यो के महत्त्व व प्रभाव के आधार पर किया गया है। गुरुवार शाम करीब 04 बजे सूची में शामिल होने की जानकारी मिलने बाद संस्थान के कार्मिकों ने हर्ष जताया है। उनकी ये उपलब्धि संस्थान के लिए गौरव की बात है।

# आठ विद्यार्थियों को मिली मंजुल स्मृति छात्रवृत्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** मंजुल स्मृति छात्रवृत्ति वितरण समारोह समिति की ओर से गुरुवार को पीएमश्री जीजीआईसी बाड़ेछीना में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में आठ विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिह्न और प्रत्येक को 5 हजार रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। यह छात्रवृत्ति चयनित लाभार्थियों को कक्षा 11 और 12 में दो वर्षो के लिए दी जाती है। शाम करीब 04 बजे तक जीजीआईसी बाड़ेछीना की प्रधानाचार्य रीति सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधानाचार्य नीरज पंत ने किया। अमन संस्था के प्रमुख और छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के अवार्ड कमेटी के संयोजक रघु तिवारी ने छात्रवृत्ति की अबतक की गतिविधियों की जानकारी। उन्होंने कहा कि एक बड़े उद्देश्य के लिए 2022 में प्रारंभ किया गया यह कार्यक्रम चौथे वर्ष में प्रवेश कर गया है। छात्रवृत्ति संयोजक प्रधानाचार्य उमेश चन्द्र पांडे ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपने भविष्य की राह तय करने को कहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी चन्द्रमणी भट्ट की पत्नी तारा भट्ट ने समिति के कार्यक्रम में सहयोग के लिए 05 हजार रूपये की धनराशि प्रदान की। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी धीरेंद्र कुमार पाठक ने भी बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अभी से समय प्रबंधन और अपना लक्ष्य निर्धारण करने को कहा। कार्यक्रम को वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. हेमन्नत कुमार पांडे, चन्द्रमणी भट्ट, शिक्षिका प्रीति पंत, कल्याण मनकोटी,रमेश दानू आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक अभिभावक समिति के अध्यक्ष आशीष बिष्ट छात्रवृत्ति समिति से जुड़े शिक्षक तारा सिंह बिष्ट, भूपाल प्रसाद, किशन राम लोहिया, चन्दन भट, शैलजा नयाल, नमिता तिवारी, नीमा कांडपाल, सुनीता भट्ट, प्रमोद जोशी मौजूद रहे।



# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई



शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** ग्राम सूर्यनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखर राष्ट्रवादी, अद्वितीय संगठनकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई और उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान एक पेड़ मां के नाम लगाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर संयुक्त बैठक की। इस मौके पर बरा भाजपा मंडल महामंत्री बहादुर मेहता (आकाश मेहता) भाजयुमो मंडल महामंत्री दीपक मेहता, बूथ अध्यक्ष खीम सिंह मेहता, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कुंदन दानू, विशाल मेहता, शेर सिंह मेहता, खड़क सिंह कोरंगा, विजय कोरंगा, राहुल मेहता, जगत मेहता, सूरज कोरंगा मौजूद रहे।

# खून से लिखा प्रधानमंत्री मोदी को पत्र

## प्रमोशन नहीं होने से नाराज़ हैं उत्तराखंड के शिक्षक



शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** उत्तराखंड में लंबे समय से शिक्षा विभाग की लापरवाही और शिक्षकों की उपेक्षा के खिलाफ आवाज़ उठाते हुए राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय सदस्य और उत्तराखंड आंदोलनकारी शिक्षक रवि बगोटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम अपने खून से पत्र लिखा है। उनका यह कदम शिक्षकों की उपेक्षा और वर्षो से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया के विरोध में उठाया गया है। राज्यभर में हजारों शिक्षक प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्य के पदों पर पदोन्नति न मिलने से आक्रोशित हैं। हालात यह हैं कि उत्तराखंड के 90 प्रतिशत हाईस्कूलों में प्रधानाध्यापक नहीं हैं, और 95 प्रतिशत इंटर कॉलेजों में प्रधानाचार्य के पद खाली पड़े हैं। चंपावत जिले की स्थिति और भी गंभीर है, जहां एक भी हाईस्कूल में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक नहीं है, और इंटर कॉलेजों में केवल 5 प्रधानाचार्य ही कार्यरत हैं, जिनमें से 4 जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। शिक्षकों का कहना है कि वे 25-30 वर्षों से सेवा दे रहे हैं, इसके बावजूद पदोन्नति नहीं हो रही। इसके विपरीत विभाग प्रत्यक्ष भर्ती की जिद पर अड़ा है, जो वरिष्ठ शिक्षकों के साथ अन्याय है। इससे शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ रहा है, क्योंकि प्रभारी प्रधानाचार्य बनने वाले शिक्षक पठन-पाठन से कट जाते हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। राजकीय शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर अब तक करीब 500 शिक्षक अपने खून से प्रधानमंत्री को पत्र लिख चुके हैं। संघ की प्रमुख मांग है कि सभी पदोन्नतियां शत-प्रतिशत वरिष्ठता के आधार पर की जाएं। इस मुद्दे पर शिक्षक पिछले एक महीने से आंदोलनरत हैं। वे स्थानांतरण नीति, पुरानी पेंशन योजना सहित कुल 34 मांगों को लेकर सरकार से संघर्ष कर रहे हैं। आंदोलन के तहत शिक्षक सभी गैर-शैक्षणिक कार्यों का बहिष्कार कर केवल पठन-पाठन कार्य कर रहे हैं। शिक्षकों ने साफ कहा है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान के अनुसार सरकार और शिक्षा विभाग के लगातार उपेक्षित रवैये के कारण यह असहयोग आंदोलन तेज़ किया गया है। शिक्षकों का मानना है कि अगर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी।

### लायंस क्लब ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**काशीपुर।** लॉयंस क्लब काशीपुर ग्रेटर 321-बी1 के सौजन्य से चौथा रक्तदान शिविर एवं केवीआर हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर ग्राम गोपीपुरा स्थित पीएसआर एवं एलएलपी पाइप्स में आयोजित आयोजित किया गया, जिसमें 67 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ एवं 290 व्यक्तियों ने चिकित्सा परामर्श लिया। रक्तदान शिविर एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय के ब्लड बैंक ने आयोजित किया, जबकि चिकित्सा परामर्श केवीआर अस्पताल की टीम द्वारा दिया गया। इस दौरान परामर्श के साथ-साथ ईएनटी इंडोस्कोपी, आई विजन चेकअप, बीपी, शुगर, ऑर्थोकेयर, यूरिक एसिड और बीएमडी आदि अनेकों जांचें निशुल्क की गई। कार्यक्रम में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक अभय सिंह के अलावा क्लब अध्यक्ष लॉ. गौतम मेहरोत्रा, आशीष पैगिया, विपिन तोमर, प्रमोद सिंह तोमर, कार्तिकेय सिंह तोमर, आशुतोष अग्रवाल, अमनजीत, रवीश कालरा, सुरेश सिंह, जयदीप, अभिषेक चौधरी, प्रधान विनीता चौधरी, बबलू चौधरी, प्रधान प्रदीप सिंह, एलडी भट राजकीय चिकित्सालय ब्लड बैंक से डॉ. मनु पांडे, डॉ. अक्षिका गंगवार, नर्सिंग ऑफिसर सुनीता, डॉ. सुमित चौहान, डॉ. समीप, अनस, जशनदीप सिंह, शालू, संदीप सहगल, अनुराग सोलंकी, विवेक अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, मोहित गुप्ता, अमित गर्ग आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे भूमि के दो रजिस्ट्रियां 03/07/1997 बही न.(1) जिल्द न.106, 306(3-5) व 14/10/1993 बही न. (1) जिल्द 91, 180 जिलदिला 372 वास्तव में खो गई है। गीता देवी पत्नी उदय राम, निवासी कफलखेत, जिला बागेश्वर।

# पेपर लीक: 'युवाओं के सपनों का बिखर जाना'

## हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में धामी सरकार के खिलाफ युवाओं ने भरी हुंकार, आमरण अनशन शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** यूकेएसएसएससी पेपर लीक का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। दोषियों को कड़ी सजा देने, परीक्षा रद्द करने और मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर बड़ी संख्या में बेरोजगार युवा बुद्ध पार्क में जुटे और अश्चितकालीन अनशन पर बैठ गए। इस दौरान युवाओं ने जमकर नारेबाजी भी की। सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल धरना स्थल के आसपास जुट गया। इस बीच सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान भी धरना स्थल पहुंचे और युवाओं को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन युवा अपनी मांगों पर अडिग रहे। इस बीच आंदोलित युवाओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भी सौंपा। पेपर लीक प्रकरण को लेकर देहरादून के बाद अब



कुमाऊं में भी विरोध तेज हो गया है। गुरुवार को तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में भारी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावकों के साथ ही विभिन्न संगठन के लोग भी एकजुट हुए, जहा सरकार और चयन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। इस दौरान हुई सभा में युवाओं ने अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान कर दिया। जबकि उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र कोरंगा आमरण अनशन पर बैठ गए। इस दौरान युवाओं ने कहा कि बार-बार पेपर लीक होने से मेहनतकश युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया गया कि चयन आयोग पर नकल माफियाओं का कब्जा है और सरकार युवाओं की आवाज को लगातार अनसुना कर रही है। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि जब तक स्नातक स्तरीय परीक्षा रद्द नहीं होती और पूरे मामले की सीबीआई जांच नहीं करवाई जाती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उत्तराखंड युवा एकता मंच के संयोजक पीयूष जोशी ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि पेपर लीक की काली परंपरा उत्तराखंड के युवाओं का भविष्य निगल रही है। आयोग आज भी 4जी में उलझा है, जबकि नकल माफिया 5जी और सैटेलाइट फोन तक इस्तेमाल करने लगे हैं। उन्होंने मांग की कि तत्काल सीबीआई जांच के आदेश दिए जाये और परीक्षा रद्द कर नई पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। आमरण अनशन पर बैठे भूपेंद्र कोरंगा ने कहा कि सरकार ने अब तक सिर्फ आश्वासन दिए है, लेकिन न दोषियों पर कार्रवाई हुई और न ही आयोग की जवाबदेही तय हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक परीक्षा रद्द नहीं होती और सीबीआई जांच शुरू नहीं होती वें अनशन से नहीं उठेंगे। वंदे मातरम ग्रुप के शैलेंद्र दानू ने कहा कि उत्तराखंड का युवा लगातार धोखा खा रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल पंत ने कहा कि वह युवाओं के इस आंदोलन में हर तरीके से साथ है और जरूरत पड़ी तो वह भी आमरण अनशन पर बैठेंगे। इस दौरान किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष कार्तिक उपाध्याय, विशाल सिंह भोजक, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया, राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरु, ललित जोशी, पहाड़ी आर्मी के अध्यक्ष हरीश रावत, मनोज कोठियाल समेत बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। इधर, परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) ने भी आंदोलन में शामिल होकर युवाओं को अपना समर्थन दिया। पछास के सचिव महेश ने कहा कि पेपर लीक के मामले लगातार जारी हैं। 2022 में हुए पीएससी और यूकेएसएसएससी पेपर लीक के बाद बने नकल विरोधी कानून से कोई फर्क नहीं पड़ा। अपराधियों और सरकार का गठजोड़ जैसा कायम हो गया है। ऐसे गठजोड़ के बिना पेपर लीक संभव नहीं हैं। सरकार नौकरी देने की मंशा ही नहीं रखती है। उन्होंने कहा कि छात्रों के जुझारू आंदोलन ने दिखा दिया है कि यहां का युवा अपने अधिकारों के लिए सजग है और संघर्ष के दम पर उसे हासिल करेगा।

# 1.32 लाख लोगों ने ली स्वच्छता की शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत हल्द्वानी नगर निगम द्वारा एक दिन, एक घंटा, एक साथ थीम पर विशेष स्वच्छता अभियान और स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप में किया गया। इस अभियान के माध्यम से पूरे नगरीय क्षेत्र, स्कूलों, सरकारी और अर्द्धसरकारी कार्यालयों, आर्मी कैंट, सुशीला



तिवारी हॉस्पिटल, ओपन यूनिवर्सिटी समेत आम नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने का प्रयास किया गया। नगर निगम हल्द्वानी ने रिकॉर्ड बनाते हुए लगभग 1,32,400 लोगों को एक साथ स्वच्छता की शपथ दिलाई, जो इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। शपथ के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई कि वें अपने घर, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में नगर निगम का साथ दें। अभियान के दौरान जीजीआईसी कालाढूंगी रोड में मेयर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में एक विशेष शपथ समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद कालाढूंगी रोड से कालू सिद्ध मंदिर होते हुए ओके होटल तक विशेष स्वच्छता रैली और सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही, शहर के सभी कार्यालयों में भी सफाई अभियान आयोजित किए गए, जिनमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य था कि हर नागरिक को स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ा जाए और हल्द्वानी को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाया जाए।

# 11 पदों पर 58 प्रत्याशी चुवानी मैदान में

## सचिव, छात्रा उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, सांस्कृतिक सचिव हुए निर्विरोध निर्वाचित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के सबसे बड़े एमबीपीजी कालेज छात्रसंघ चुनाव में पूरी तरह से रंगने लगा है। 27 सितंबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद से लेकर 11 पदों के

**जांच उपरांत कला संकाय में तीन, विज्ञान संकाय में दो प्रत्याशियों के नामांकन रद्द**

लिए 63 प्रत्याशियों ने नामाकंन पत्र दाखिल किया था। जिसके बाद गुरूवार को नामवापसी और नामाकंन पत्रों की जांच के बाद 5 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त किए गये। अब चुनाव मैदान में कुल 58 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

वहीं अध्यक्ष पद पर एबीवीपी प्रत्याशी अभिषेक गोस्वामी व निर्दलीय एवं कांग्रेस समर्पित कलम बोरा के बीच ही कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। जबकि नामांकन पत्रों की जांच के बाद 4 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए है। जिसमें छात्रसंघ सचिव गौरव तिवारी और छात्रा उपाध्यक्ष पद पर ज्योति दानु निर्विरोध निर्वाचित हुई है। वहीं संयुक्त सचिव पद पर मनोज सिंह बिष्ट और सांस्कृतिक सचिव में जतीन तिवारी भी निर्विरोध निर्वाचित हुए है। मुख्य चुनाव अधिकारी डा. सीएस नेगी ने बताया कि एमबीपीजी कालेज में छात्रसंघ के विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल होने के बाद गुरूवार को जबकि कला संकाय प्रतिनिधि में तीन और विज्ञान संकाय में दो प्रत्याशियों के नामांकन रद्द किये गये। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर अभिषेक गोस्वामी, कमल बोरा व मोहम्मद अरशद, उपाध्यक्ष पद पर मनीष चन्द्र व वंश देव, कोषाध्यक्ष पद पर प्रिंयका दानू, प्रिया दानू व यशवर्धन चिलवाल व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर मयंक मेहता व रक्षित बिष्ट चुनाव मैदान में है। इसके अलावा कला संकाय प्रतिनिधि पद पर 30, विज्ञान संकाय पद पर 11, वाणिज्य संकाय में 3 प्रत्याशी मैदान में है। उन्होंने बताया कि छात्रसंघ चुनाव में अब कुल 58 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। और आगामी 27 सितंबर को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक मतदान किया जायेंगा। जबकि देर शाम से मतगणना शुरू कर दी जायेगी और विजय प्रत्याशी भी घोषित कर दिए जायेंगे। उन्होंने बताया कि छात्र प्रत्याशियों को कल यानि आज शुक्रवार को कालेज परिसर में सुबह 11 बजे से जनरल गेदरिग में अपनी बात रखने का भी मौका दिया जायेगा।

## महिला डिग्री कॉलेज में चार पदों पर आठ प्रत्याशी, 6 निर्विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्रसंघ के विभिन्न पदों के लिए 14 प्रत्याशियों ने बीते बुधपवार को नामांकन दाखिल किये थे। जिसके बाद आज गुरूवार को नामवापसी और नामांकन पत्रों की जांच की गई। जिसमें सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सहीं पाए गए। 6 पदों पर एक-एक नामांकन होने पर उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया। जबकि अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व विविद्यालय प्रतिनिधि के लिए 27 सितंबर को मतदान होगा। छात्रसंघ अध्यक्ष पद में एबीवीपी की मीनाक्षी पंत और एनएसयूआई की भावना थापा के बीच मुकाबला है। मुख्य चुनाव अधिकारी डा. तनुजा बिष्ट ने बताया कि आज नामांकन पत्रों की जांच की गई। जिसमें सभी प्रत्याशियों के नामंकन वैध पाए गए। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व विश्व विद्यालय प्रतिनिधि पद पर दो-दो प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल है। इन चार पदों पर आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए दीक्षा मेहरा, संयुक्त सचिव के लिए यामिनी नदगली, सांस्कृतिक सचिव के लिए ऋषिका, वाणिज्य संकाय में पूजा रंगवाल, कला संकाय में भावना आर्या, विज्ञान संकाय में रिया सिंह बोहरा द्वारा एकमात्र नामांकन पत्र दाखिल हुआ था। नामांकन पत्रों की जांच में यह सभी वैध पाए गए और इन सभी 6 उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए मीनाक्षी पंत व भावना थापा, सचिव के लिए प्रिंयका डालाकोटी व सिम्पी जोशी, कोषाध्यक्ष के लिए खुशी बोरा व ज्योति मेवाड़ी, और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि में निष्ठा आर्य व रश्मि चुनाव मैदान में है। मुख्य चुनाव अधिकारी डा. तनुजा बिष्ट ने बताया कि आगामी 27 सितंबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व विश्वविद्यायल प्रतिनिधि के आठ प्रत्याशियों के लिए मतदान होगा।

## कृपाल जिला प्रभारी बने

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने संगठन की मजबूती के लिए संगठन का विस्तार किया है। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे व रानीखेत खैरना स्टेट हाईवे से सटे क्षेत्रों समेत और संगठनात्म दृष्टि से जिला रानीखेत की जिला कार्यकारिणी गठन करने के लिए पिलखोली के कृपाल राम को संगठन ने जिला प्रभारी रानीखेत नियुक्त किया है। कृपाल राम की नियुक्ति से फल्दाकोट, कंडारखुआ, चौगांव पट्टी और जिला रानीखेत में संगठन को मजबूती प्रदान होगी। मनोयन पर संयोजक धर्म प्रकाश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष विरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण, रामबाबू मिश्रा, भुवन जोशी, महानगर अध्यक्ष हल्द्वानी राजीव अग्रवाल, मनीष तिवारी, गजेंद्र नेगी, आंनद नेगी, कुलदीप सिंह, सुनील मेहरा, कुबेर सिंह जीना ने हर्ष व्यक्त किया है।

# ताड़का वध, अहिल्या उद्धार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** काठगोदाम नगर निगम इंटर कालेज में श्रीरामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के दूसरे दिन ताड़का वध और अहिल्या उद्धार तक की लीला का स्थानीय कलाकारों द्वारा भावपूर्ण मंचन किया। रामलीला मंचन में बतौर मुख्य अथिति के रूप में मौजूद पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय साह व उप प्रधान पवन साह, पूर्व ग्राम प्रधान आनंद सिंह कुजरवाल, बहादुर सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मंचन में राक्षसों के बढ़ते अत्याचार को रोकने के लिए ऋषि विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार में पहुंचते है और राजा दशरथ से राम-लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की विनती करते हैं। राजा दशरथ



राम-लक्षण को ऋषि के संग भेज देते हैं। यज्ञ में विघ्न डाल रही राक्षसों का संहार करते हुए श्रीराम ताड़का का वध करते हैं। इसके बाद जब आगे बढ़ते हैं तो मार्ग में एक पत्थर की शिला दिखती है। श्री राम के पूछने पर विश्वामित्र बताते हैं कि यह अहिल्या की शिला है। जिसे उनके पति गौतम ऋषि ने श्राप देकर पत्थर का रूप दिया है। सारी जानकारी के बाद प्रभु श्री राम अपने चरणों की रज पत्थर पर डालते हैं। पत्थर रूप को त्यागकर अहिल्या अपने रूप में आ जाती है और प्रभु श्री राम की स्तुति करती है। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष संदीप राणा, संजय बिष्ट, भुवन तिवारी, मोहन बिष्ट, कुंदन बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, दीपक तिवारी, हिमांशु साही, रोहित मालवाल, पान सिंह बिष्ट, कमल कुंवर, कला शाही, तुलसी चिलवाल, नीरज बिष्ट, राजू रावत, हिमांशु नैनवाल आदि मौजूद थे।

# परिवार सोता रहा, चोर घर खंगाल गए

## सुभाषनगर घर में चोरों का धावा, आठ तोले सोने के जेवरात उड़ाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बीती रात्रि भोटिया पड़ाव क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार इतनी गहरी नीद में था कि उनको चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह उठकर देखा तो घर का सारा सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था। चोर घर से लाखों के जेवरात ले उड़े। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और चोरों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सुभाषनगर निवासी कुलदीप सेठी यहां अपने बेटे इंद्रजीत सिंह, बहू मंदीप कौर और तीन बेटियों के साथ तीन मंजिला मकान की दूसरी मंजिल पर रहते हैं। बीते बुधवार रात्रि गर्मी के चलते उन्होंने घर का केवल जाली वाला दरवाजा बंद किया था। रात में चोर जाली काटकर घर में दाखिल हो गए और दरवाजे के पास ही सो रहे



पिता-पुत्र को पार करते हुए अंदर पहुंच गए। घर में मौजूद बहू और बेटियां भी सो रही थीं। चोरों ने चोरी की वारदात को इतनी सफाई से अंजाम दिया कि परिवार के किसी भी सदस्य को इसकी भनक तक नहीं लगी। चोरों ने अंदर जाकर अलमारी का लॉक तोड़ा और उसमें रखे करीब 8 तोला सोने के जेवरात चोरी कर लिए। आश्चर्यजनक रूप से परिवार को इस पूरी घटना की कोई आहट तक नहीं हुई। सुबह 4 बजे बेटियों के अलार्म बजने पर परिवार की नींद खुली, तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त था और अलमारी का लॉक टूटा हुआ मिला। परिजनों ने बताया कि रात में कुलदीप सेठी आमतौर पर एक-दो बार उठते हैं, लेकिन इस रात वह नहीं उठे। सुबह बेटियों ने बताया कि उठते ही उन्हें चक्कर और धुंधलापन महसूस हुआ। इससे अंदेशा है कि वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने किसी तरह पूरे परिवार को बेहोश कर दिया था, जिससे किसी को कुछ पता नहीं चला। घटना ने इलाके में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर तब जब यह स्थान भोटियापड़ाव चौकी के बेहद पास है और गश्ती पुलिस भी तैनात रहती है। घटना की सूचना मिलने पर भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और जांच की। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि घर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# महिला महाविद्यालय में स्वच्छता रैली व शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** महिला महाविद्यालय में एक दिन, एक घंटा, एक साथ थीम पर नमामि गंगे, एनएसएस, रेंजर और एनसीसी के सहयोग से स्वच्छता अभियान, शपथ ग्रहण




और जागरूकता रैली आयोजित की गई। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने स्वयं सफाई कार्य में भाग लिया और छात्राओं को अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। नोडल अधिकारी डा. रितुराज पंत ने बताया कि यह अभियान भारत सरकार के आहवान पर आयोजित हुआ। नगर आयुक्त ऋचा सिंह के निर्देशन में छात्राओं ने शहर के विभिन्न स्थलों पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। रेंजर प्रभारी डा. विद्या कुमारी और एनसीसी प्रभारी ले. डा. रेखा जोशी ने इसे राष्ट्र सेवा से जोड़ा। एनएसएस स्वयंसेवियों ने वाटिका में रंग-रोगन किया और मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डा. गीता पंत ने किया। डा. फकीर, डा. हिमानी, डा. प्रभा साह सहित महाविद्यालय परिवार की सक्रिय भागीदारी रही।

## एक नजर

### एसटीएच में स्वच्छता की शपथ दिलाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी एवं डा. सुशीला तिवारी राजकीय



चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज के लेक्चर थियेटर में छात्र छात्राओं व संकाय सदस्यों ने स्वच्छता की शपथ ली। सभी ने मिलकर परिसर की सफाई अभियान में भाग लेने और स्वच्छ भारत के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. पंकज सिंह ने कहा कि सेवा ही संकल्प की भावना के साथ हमें राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। डा. सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों में गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। चिकित्सा अधीक्षक डा. साधना अवस्थी ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की आधारशिला है।

### घर से पानी की मोटर चोरी, मुकदमा

**हल्द्वानी।** मुखानी क्षेत्र में एक किराए के मकान से अज्ञात चोर पानी की मोटर चुरा ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कृष्णा कॉलोनी, नन्दपुर कठघरिया निवासी रमा पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह साक्षी यादव के मकान में किराए पर रहते हैं, जबकि मकान मालिक बाहर रहते हैं। 20 सितंबर की रात अज्ञात चोर घर में घुसे और पानी की मोटर चुरा ले गए। अगले दिन जब पानी की मोटर चलाने गए तो उसका कहीं पता नहीं चला। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा

**हल्द्वानी।** भुजियाघाट के पास 20 दिन पहले हुए सड़क हादसे में पुलिस ने अब मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित आन सिंह सम्मल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि बीते 5 सितंबर को उसका बेटा विशाल और बेटी रूचि स्कूटी से भुजियाघाट की ओर जा रहे थे। रास्ते में एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### आठ साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** विगत सात-आठ वर्षो से फरार चल रहे वारंटी को काठगोदाम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि एसएसपी पीएन मीणा ने स्थाई वारंटों में काफी समय से फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत ठोस कार्यवाही करने के सख्त निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिये थे। इसी क्रम में थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्थाई वारंटी अभियुक्त राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी पुत्र हरिनन्दन त्रिपाठी निवासी त्रिपाठी सदन चांदमारी काठगोदाम एवं हाल पता टीजी द्वितीय 220 केबी पिटकुल सब स्टेशन ओम एंड एम डिविजन पंतनगर जिला उधमसिंह नगर को पिटकुल कार्यालय पंतनगर पर दबिश देकर गिर तार किया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त विगत सात-आठ वर्षो से अपनी गिरफ्तारी से बचने के प्रयास कर रहा था।

# पथरी के ऑपरेशन में जान चली गई

## निजी अस्पताल में मृतक के परिजनों का हंगामा, लापरवाही का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहर के एक निजी अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के बाद युवक की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल में देर रात तक हंगामा होता रहा और पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा। मृतक के परिजन अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। अगले दिन आज गुरूवार को पोस्टमार्टम हाउस में भी परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और नाराजगी जताई। जानकारी के अनुसार मूलरूप से काफड़ा द्वाराहाट निवासी ललित मोहन हल्द्वानी के रामपुर रोड किशनपुर घुड़दौड़ा में अपनी पत्नी, दो बच्चों, मां और बेरोजगार भाई के साथ रहते थे। ललित रुद्रपुर की एक टाटा वेंडर कंपनी में नौकरी करते थे और पूरे परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। परिजनों ने बताया कि ललित को गुर्दे में पथरी की शिकायत थी, जिसकी जानकारी उन्होंने गांव के एक डॉक्टर को दी। यह डॉक्टर हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में कार्यरत है और उसी के कहने पर ललित इलाज के लिए उसी अस्पताल पहुंचे। बीते बुधवार 24 सितंबर को दोपहर 1 बजे ललित का ऑपरेशन हुआ, लेकिन इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई। शुरुआत में चिकित्सकों ने ललित की स्थिति सामान्य बताई, लेकिन दो घंटे बाद हालत गंभीर बताते हुए उन्हें दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन जब ललित को दूसरे अस्पताल ले गए तो वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस पर परिजनों ने निजी अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि ललित ऑपरेशन से पहले पूरी तरह स्वस्थ था और पथरी के अलावा कोई अन्य दिक्कत नहीं थी। आशंका जताई जा रही है कि या तो ऑपरेशन में लापरवाही हुई या फिर ललित को एनिस्थीसिया का अधिक डोज दे दिया गया, जिससे उसकी जान चली गई। पुलिस ने किसी तरह समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, लेकिन गुरूवार की सुबह परिजनों ने बिना मुकदमा दर्ज किए शव लेने से इंकार कर दिया। बाद में शव लिया गया और रानीबाग में अंतिम संस्कार किया गया। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है, और मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट पता चल पायेगा की मौत कैसे हुई।

## शिक्षा महानिदेशक के बयान की निंदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राजकीय शिक्षक संघ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष डा. गोकुल सिंह मर्तोलिया ने विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक दीप्ति सिंह के एक हालिया बयान की कड़ी आलोचना की है। एक समाचार पत्र में प्रकाशित बयान में शिक्षा महानिदेशक दीप्ति सिंह ने कहा था कि कुछ शिक्षक नेता शिक्षकों को गुमराह कर रहे हैं और इससे छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक खुद कोर्ट गए हैं, जिसके चलते पदोन्नतियों की प्रक्रिया अटकी हुई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए डा. मर्तोलिया ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए शिक्षकों पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब तक विभाग शिक्षक वरिष्ठता सूची को नियम सम्मत तरीके से तय नहीं कर पाया है, और यही कारण है कि पदोन्नति की प्रक्रिया रुकी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब विभाग के पास वरिष्ठता निर्धारण की स्पष्ट नियमावली मौजूद है, तो अब तक नियमों के अनुसार वरिष्ठता क्यों नहीं तय की गई? अगर वरिष्ठता निर्धारण में त्रुटि होगी, तो प्रभावित शिक्षक न्यायालय का ही रुख करेंगे, यह उनका संवैधानिक अधिकार है। डा. मर्तोलिया ने कहा वरिष्ठता निर्धारण की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की है, और जब अधिकारी यह कार्य करने में असफल रहते हैं, तो दोष शिक्षकों पर डाल देते हैं। पहले मंत्री कहते थे कि जैसे ही शिक्षक कोर्ट से केस वापस लेंगे, पदोन्नति कर दी जाएगी, अब वही बात अधिकारी दोहरा रहे हैं, जो कि एक भ्रामक और गुमराह करने वाला बयान है।

# बागजाला में धरना 39वें दिन भी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बागजाला वासियों को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यो पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना बागजाला में 39वें दिन भी जारी रहा। धरने पर किया गया कि कल 40 वें दिन बागजाला की मांगों पर राज्य सरकार के जारी मौन के खिलाफ धरने में मुँह पर पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया जाएगा। धरने को संबोधित करते हुए किसान महासभा बागजाला की अध्यक्ष डा. उर्मिला रैस्वाल ने कहा कि आज अपने अधिकार के लिए महिलाओं को आजादी की पहली लड़ाई की अमर सेनानी लक्ष्मी बाई से प्रेरणा ग्रहण करते हुए संघर्ष करना होगा। सचिव वेद प्रकाश ने कहा कि ये सरकार एक नाकाम सरकार है, यह सरकार पेपर लीक पर रोक लगाने में नाकाम रही है, बागजाला वासियों को



अधिकार देने में भी नाकाम रही है। राज्य सरकार को बागजाला वासियों को मालिकाना हक देकर यहां के गरीबों को आवास का अधिकार देना चाहिए।

39वें दिन के धरने में डा उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, विमला देवी, चन्दन सिंह मटियाली, अंबा दत्त पाण्डे, दीवान सिंह बर्गली, प्रेम सिंह नयाल, भगवती गोस्वामी, हेमा आर्य, डा. कैलाश पाण्डेय, नीलम आर्य, हरक सिंह बिष्ट, मो परवेज, एम एस मलिक, विमला पाण्डे, कौशल्या, पारवती, भोला सिंह, दीपा, हीरा देवी, हेमा आर्य, मंजू सिंह, गीता देवी, राधिका, हरीश, सरोज, पुष्पा, रेखा रानी, दीपा देवी, शकुन्तला, महेश राम, रेशमा, अनीता, कुलदीप सिंह, ललित प्रसाद, मुन्नी देवी, दिनेश चन्द्र, रेखा देवी, कमला देवी, दीपिका, रमेश चन्द्र, जाकिर, जेबा, राजदा, भागुली देवी, प्रेम राम आर्य, सुनीता, दीवान सिंह, किशन, मुकेश, मंजू, शांति देवी शामिल रहे।

# सीएचसी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गरमपानी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डा. सतीश पन्त ने



फार्मासिस्टों की भूमिका एवं स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने चिकित्सालय में कार्यरत सभी फार्मासिस्टों और प्रशिक्षु फार्मासिस्टों को इस अवसर पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में केक काटकर विश्व फार्मासिस्ट दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डा. पन्त ने कहा कि फार्मासिस्ट केवल दवा वितरक नहीं, बल्कि रोगी की सुरक्षा और उपचार प्रक्रिया में एक अहम कड़ी होते हैं। इस मौके पर डा. योगेश कुमार, डा. गौरव कैड़ा, डा. अभिलाषा पांडे, फार्मेसी अधिकारी पवन पाण्डेय, गिरीश पाण्डेय, पंकज सिंह नगदली, प्रशिक्षु फार्मासिस्ट मीनाक्षी, रोशनी, नर्सिंग अधिकारी किरन बिष्ट, सौरभ रावत, हरदयाल सिंह, राकेश मसीह, सोनम आर्या, वरिष्ठ सहायक देवेन्द्र सिंह, सचिन मिश्रा समेत स्वास्थ्य केन्द्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं नकल माफिया: ध्यानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में विभिन्न संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए कहा कि सत्ता के संरक्षण में नकल माफिया द्वारा बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और नकल माफियाओं द्वारा नौकरी बेची जा रही है। इसी मामले को लेकर आक्रोशित सामाजिक-राजनीतिक- छात्र संगठनों से जुड़े लोगों ने लखनपुर क्रांति चौक पर धरना प्रदर्शन करते हुए पेपर लीक कांड की न्यायिक जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।



गुरुवार को राज्य आंदोलनकारी व उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी के संचालन में धरना स्थल क्रांति चौक में हुई सभा में वक्ताओं ने धामी सरकार पर नकल माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। वक्ताओं में इस बात को लेकर भारी आक्रोश दिखा कि पेपर लीक होने के बावजूद धामी सरकार यूकेएसएससी के अध्यक्ष पेपर लीक मामले को नकारते रहे, लेकिन छात्र नौजवानों के दबाव में अब पेपर लीक मामले पर लीपापोती करने पर लगे हैं। वक्ताओं ने देहरादून सहित उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में आंदोलन कर रहे नौजवानों के आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए कहा कि उनकी लड़ाई में सब साथ है। धरना प्रदर्शन में राज्य सेनानी मंच, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, इंकलाबी मजदूर केंद्र, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, महिला एकता मंच, आइसा, किसान संघर्ष समिति आदि संगठनों से जुड़े प्रभात ध्यानी, रोहित रूहेला ,पुष्कर दुर्गापाल, ललिता रावत, ललित उप्रेती, तुलसी छिम्बाल, पान सिंह नेगी, सुमित आइसा, लालता प्रसाद श्रीवास्तव, मोहन चंद तिवारी, नवीन सुनेजा, सचिन कुमार, प्रेम सिंह विष्ट ,सुमित्रा बिष्ट, कमला देवी, गोविंद सिंह बिष्ट , तहसीन खान टीके, जितेंद्र बिष्ट, नवीन तिवारी, उबेद उल हक, मोहन चंद्र ,आसिफ, चंद्रशेखर जोशी ,राजेंद्र प्रसाद खुल्बे, डॉक्टर निशांत पपनै, भुवन, लक्ष्मी देवी ,शारदा देवी, प्रीति, महिमा नैनवाल, नीमा कश्मीरा,प्रियंका, जिया,मानसी, प्रीति छिम्बाल, देवेंद्र सिंह पटवाल, नवीन मैथानी आदि थे।

# शहर के बिगड़ते माहौल को पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बीते दिनों हुई स्कूली छात्रा के साथ लव जिहाद प्रकरण और शहर के बिगड़ते माहौल को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिया।

दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि लव जिहाद की घटनाएं लगातार बढ़ रही है।बीते दिनों रामनगर में हुई लव जिहाद की घटना की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ाने की भी मांग की है।पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र खाती, पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव रावत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा जी चंदन अधिकारी जी राजेंद्र सैनी, मनमोहन सिंह बिष्ट, संजय डोरवी,राजेंद्र सैनी,चन्दन सिंह अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

# विधायक ने स्कूल में सौंदर्यीकरण कार्य का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रम्पुरा वार्ड नं. 21 में बाल विकास सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में विधायक निधि से स्वीकृत सौंदर्यीकरण कार्य का विधायक शिव अरोरा ने किया शिलान्यास।

इस दौरान विधायकअरोरा ने कहा स्कूल प्रबंधन द्वारा काफी समय से बच्चों के कक्षा व प्रांगण में टाइल्स लगाने की मांग की जा रही थी, जिसको स्वीकार करते हुऐ विधायक निधि से टाइल्स लगाने के कार्य का शिलान्यास किया, जिससे बच्चों के पढ़ाने हेतु कक्ष पहले से बेहतर व सुन्दर सुविधाजनक नजर आएंगे। विधायक ने कहा वह लगतार क्षेत्र भ्रमण पर है ओर निरंतर विकास कार्यों को जनता को समर्पित कर रहे है, उनका प्रयास है विकास कार्य से कोई क्षेत्र अछूता न रहे, इसके चलते उनके द्वारा शहर के एक एक वार्ड से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के एक-एक गांव में विकास कार्यों को करने का कार्य किया है। इस दौरान पार्षद गिरीश पाल, प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र अरोरा, महामंत्री नरेंद्र अरोरा, पुष्करमल अग्रवाल, नितिन भल्ला,मनोज प्रजापति, बिट्टू शर्मा, डा. महेश कोली, चन्द्रसेन चंदा, राजेश गुप्ता, ललित राठौर, राज कोली,सौरभ गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# महाविद्यालय छात्रसंघ निर्वाचन निर्विरोध निर्वाचित हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर के महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता में छात्रसंघ निर्वाचन के अंतर्गत नामांकन प्रपत्रों की सघन जांच की गई। अपराह्न 1:00 बजे से 3:00 बजे तक नाम वापसी के अंतर्गत किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापिस नहीं किया गया। अपराह्न 3:30 बजे वैध प्रत्याशियों की सूची के अनुरूप सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया, जिसमें अध्यक्ष जगदीश सिंह, उपाध्यक्ष छात्रा शीतल राना, उपाध्यक्ष छात्र रोहित कुमार, सचिव सूरज नाथ ,संयुक्त सचिव नितिन राना, कोषाध्यक्ष तरुण चौहान, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि युवराज सिंह, संकाय प्रतिनिधि (कला) कपिल सिंह राणा, संकाय प्रति. निधि (विज्ञान)-रेनू जोशी, सांस्कृतिक सचिव अनीता भट्ट, चुने गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजला दुर्गापाल मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. ममता सुयाल तथा निर्वाचन समिति के सदस्य डा. ललित सिंह बिष्ट, डा. रवि जोशी तथा डा. निशा आर्या भी उपस्थित थे।

**अध्यक्ष जगदीश सिंह, सचिव सूरज नाथ, कोषाध्यक्ष तरुण चौहान बने**

# कोर्ट ने दिए राजेन्द्र और विरसा के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम गुमसानी निवासी मौसीम अली पुत्र मौहम्मद अली के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट बाजपुर सुमन भण्डारी ने राजेन्द्र सिंह पुत्र संतोख व विरसा सिंह पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम मुंडिया मनी बाजपुर के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उचित अन्वेषण कराकर आख्या न्यायालय को प्रेषित करने के आदेश कोतवाल बाजपुर को दिए हैं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सुल्तानपुर पट्टी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर 109 वी जयंती पर फूलमाला पहनाकर धूमधाम से मनाई गई ।

गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वी जयंती भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रहे राजेश कुमार ,नगर पंचायत चेयरमैन राजीव कुमार सैनी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरमुख सिंह के तत्वाधान मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, ओर सफाई अभियान भी चलाया । वहीं चेयरमैन सैनी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वाहन किया । मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवकुमार गुप्ता ,राजेश सैनी, अनिल गुप्ता, कैलाश दिवाकर, राज. कुमार सैनी, राधा मौर्य, रीतू अग्रवाल मौजूद थे।

# बाजपुर नगर पालिका ने सौंपे तीन शव डीप फ्रिज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा तीन शव डीप फ्रिज क्रय किए गए हैं। चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते', ईओ मनोज दास व सभासदों ने संयुक्त रूप से एक शव डीप फ्रिज मुंडिया पिस्तौर मस्जिद कमेटी को सौंपा। जबकि दो शव डीप फ्रिज हिन्दू आबादी हेतु पालिका कार्यालय में रखे गए हैं। जिसे जरूरतमंद आवश्यकता पड़ने पर अपने सभासद के माध्यम से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है।

चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने कहा कि पूरा पालिका बोर्ड बाजपुरवासियों की सेवा को सदैव तत्पर है। जल्द ही एक शव यात्रा वाहन भी पालिका क्रय करेगी। जो कि निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके डीजल व ड्राईवर की व्यवस्था भी पालिका द्वारा की जाएगी। जनहितार्थ पूरा पालिका बोर्ड कार्य कर रहा है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मनोज दास, जेई सुभाष कुमार, सभासद जगतजीत सिंह, राजदीप तिवारी, इमरान, अनवर हुसैन, आसिफ, साबिर हुसैन, हामिद अली, हनीफ, मौ. नवी, अब्दुल अंसारी, खलील अहमद, सीताराम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में वी-गार्ड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने बढ़ाए कदम

**■ ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर स्थित राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय में सौंदर्यीकरण का उठाया बीड़ा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** हम पंतनगर, रुद्रपुर क्षेत्र में शिक्षा, पर्यावरण और सामाजिक कल्याण को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनी वी-गार्ड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, जो कि वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है द्वारा शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

इस संदर्भ में हमारी बातचीत कंपनी के महाप्रबंधक प्रवीण बनकर से हुई, जिन्होंने बताया कि संस्थापक कोचैसेफ चिट्टिलापिल्ली, प्रबंध निदेशक मिथुन के. चिट्टिलापिल्ली, उपाध्यक्ष बिजॉय पनाक्कट और श्रीकुमार ए के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर स्थित राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय में एक प्रेरणादायक CSR पहल की शुरुआत की गई है।



इस पहल के अंतर्गत, शौचालयों का नवीनीकरण, लंच शेड का निर्माण, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, विद्यालय परिसर का सौंदर्यीकरण, छात्रों के लिए जागरूकता अभियान किया जाना है। इन प्रयासों का उद्देश्य लगभग 650 बच्चों को एक ऐसा वातावरण प्रदान करना है जो न केवल स्वच्छ और सुरक्षित हो, बल्कि उनके आत्मसम्मान और शिक्षा के स्तर को भी ऊंचा उठाए। इसके अतिरिक्त, वी-गार्ड ने पंतनगर क्षेत्र में स्थानीय सौंदर्य और पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए वी-गार्ड चौक और ग्रीन बेल्ट का निर्माण किया है। इस पहल के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया और 'ग्रीन पंतनगर फॉर बेटर टुमॉरो' जैसी पर्यावरणीय गतिविधियों को समर्थन दिया गया, जिससे क्षेत्र में हरियाली और स्वच्छता को बढ़ावा मिला।

साथ ही, सोलर स्ट्रीट लाइट परियोजना के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए रात के समय सुरक्षा और दृश्यता में भी उल्लेखनीय सुधार किया गया है। महाप्रबंधक प्रवीण बैंकर ने यह स्पष्ट रूप से कहा कि वी-गार्ड का उद्देश्य केवल उत्पाद निर्माण नहीं, बल्कि उस समाज और पर्यावरण को सशक्त बनाना है जिसमें हम कार्य करते हैं। कंपनी का विश्वास है कि सतत विकास, सामाजिक सहभागिता, और स्थानीय सहयोग के माध्यम से हम एक बेहतर कल की नींव रख सकते हैं, और वी-गार्ड भविष्य में भी इसी दिशा में कार्य करता रहेगा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किया माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एकांत मानववाद के पुरोधा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर विधायक शिव अरोड़ा ने गांधी पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं संग माल्यार्पण कर उनको नमन किया।

इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय करोड़ कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुंज हम सबके अग्रज जिनके दिखाए रास्ते पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम की अवधारणा के साथ कार्य कर रही है, उनके द्वारा दिए गए अंत्योदय के नारे को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सार्थक करते हुऐ सिद्ध कर के दिखाया है। विधायक ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे,जिन्होंने जनसंघ की की स्थापना की ओर उसके अल्प अवधि हेतु अध्यक्ष भी रहे और आज वह जनसंघ भाजपा रूपी वट वृक्ष के रूप में बहुत बड़ा आकार ले चुकी है, जिसकी 2014 से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार चल रही है जो गरीब कल्याण के मंत्र को साकार करते हुए जन सेवा का कार्य करते हुऐ देश को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अनुभव चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट, पार्षद कैलाश राठौर, राजेंद्र राठौर, बीनू कुमार, गोविन्द राय, गिरीश पाल, सतनाम सिंह, मनोज मदान, महेंद्र आर्य, रेनू जुनेजा, प्रीति धीर, ममता श्रीवास्तव, आरती मौर्य, उर्मिला मिश्रा, मयंक कक्कड़, अनमोल विर्क, अर्पित सिंह, राजीव कामरा, कमल राणा,राज कोली आदि लोग मौजूद रहे।



# छात्रसंघ चुनाव नामांकन बवाल प्रकरण में 15 पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** डिग्री कॉलेज रुद्रपुर में छात्रसंघ चुनाव नामांकन के दौरान बुधवार को माहौल अचानक बिगड़ गया। नामांकन के बाद प्रत्याशियों के समर्थक मुख्य गेट के बाहर एकत्र हो गए। देखते ही देखते दोनों गुटों के समर्थकों में भिड़ंत शुरू हो गई, जिससे हाईवे पर अफरा-तफरी और जाम की स्थिति बन गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ में शामिल कुछ बाहरी लोगों ने एक-दूसरे पर असलाह निकालकर फायरिंग कर दी। जस्सी कचूरा निवासी अर्जुनपुर और सतपाल लाहौरिया निवासी लालपुर पर आरोप है कि उन्होंने जान से मारने की नीयत से गोलियां चलाईं। इसके बाद दोनों गुटों में जमकर मारपीट और गाली-गलौज हुई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल फैल गया। नेशनल हाईवे पर लगी भीड़ और जाम के कारण एंबुलेंस, स्कूल बसें, रोडवेज बसें समेत आवश्यक सेवाएं प्रभावित हुईं।

पुलिस टीम मौके पर मौजूद थी और भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी जाम और अफरा-तफरी का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने बताया कि आरोपी जस्सी कचूरा, मनप्रीत उर्फ गोपी, अभय सक्सेना उर्फ चाइना, दानिश, गगन रतनपुरिया, चेतन मांगड़, अमृत चीमा, विक्रम, जानी भाटिया, प्रिंस शर्मा, सतपाल लाहौरिया उर्फ पिंदर, हेमंत उर्फ नोनू मिश्रा, रवि रावत, आकाश यादव, आशीष यादव सहित कई अज्ञात लोग घटनास्थल पर मौजूद थे। घटनास्थल से दो काली महिंद्रा थार गाड़ियां (UK06BF0307 और UK06BK7273) बरामद की गईं, जिनका इस्तेमाल आरोपियों द्वारा किया गया बताया जा रहा है। पूछताछ में सामने आया कि बवाल करने वाले ज्यादातर लोग कॉलेज के छात्र नहीं, बल्कि बाहरी बदमाश थे, जो चुनाव को बिगाड़ने और हिंसा फैलाने की नीयत से पहुंचे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

आरोपियों पर मारपीट, फायरिंग, दंगा करने, हाईवे बाधित करने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम किया गया है।

# जयंती पर याद किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** एकात्म मानववाद और अंत्योदय की अमर ज्योति प्रज्जवलित करने वाले प्रखर राष्ट्रवादी, अद्वितीय संगठनकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपाईयों ने नैनीताल रोड स्थित दीनदयाल पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी श्रृद्धांजलि दी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के विचार पूरी मानवता के लिए सदियों तक प्रेरणा रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री बिट्टू चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, रिंकू शर्मा, संदीप गुप्ता, विशाल चौहान, बिट्टू सिंह डब, सचिन सिंह तनिकेत पासी आदि उपस्थित रहे।

# गांधी पार्क में चला वृहद स्वच्छता अभियान

**■ महापौर ने स्कूली बच्चों को बनाया गया निगम का ब्रांड एंबेसडर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा' के तहत गुरुवार को नगर निगम रुद्रपुर की ओर से गांधी पार्क परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के नेतृत्व में नगर निगम कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और शहर के सामाजिक संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

अभियान की शुरुआत सुबह गांधी पार्क में महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने झाड़ू उठाकर की। इसके बाद निगम कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और समाजसेवियों ने मिलकर पूरे पार्क में फैले कूड़े-कचरे को हटाया। पार्क में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं को साफ कर चमकाया गया। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और अभियान में शामिल हुए बच्चों को नगर निगम का 'ब्रांड एंबेसडर' घोषित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच और दृष्टिकोण ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देशभर में स्वच्छता की क्रांति का शंखनाद किया। उन्हीं की प्रेरणा से आज हम गांधी पार्क जैसे सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बना रहे हैं। महापौर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने उत्तराखण्ड में स्वच्छता और विकास कार्यों को गति दी है। मुख्यमंत्री धामी युवाओं की सोच को आगे बढ़ाते हुए हर जनपद में विकास और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। आज उनके नेतृत्व में उत्तराखंड तेजी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है और स्वच्छता को लेकर विशेष मुहिम चलाई जा रही है। महापौर ने अंत में शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल निगम या सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि हम सबका सामूहिक कर्तव्य है। यदि हर नागरिक अपने घर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प ले तो रुद्रपुर को प्रदेश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनाया जा सकता है।



इस अवसर पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का विशेष महत्व है। नगर निगम का लक्ष्य केवल सफाई करना ही नहीं, बल्कि जनता को इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना भी है। हम चाहते हैं कि लोग स्वयं भी स्वच्छता को अपनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। स्वच्छता ही स्वस्थ और खुशहाल समाज की कुंजी है।

,अभियान में उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सहायक नगर आयुक्त राजू नवियाल, रणदीप, मनोज कर्नाटक, पार्षद पवन राणा, सुरेश गोरी, विजय कुमार, सोनू मुलतानी सहित कई वार्डों के पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# टाइल्स रोडों व छठ पूजा घाट का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने नगर के वार्ड नंबर.11 पहाड़ी कॉलोनी में दो टाईल्स रोडों और वार्ड नंबर.12 में एक छठ पूजा घाट का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना उपरान्त नारियल फोड़कर किया। चेयरमैन गित्ते ने कहा बाजपुर में विकास गंगा अनवरत बहती रहेगी। बाजपुर नगर का कोई भी वार्ड विकास से अछूता नहीं रहेगा। जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इस दौरान वार्डवासियों ने चेयरमैन गित्ते का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सभासद जगतजीत सिंह, राजदीप तिवारी, सत्येन्द्र कालिया, हरप्रीत सिंह, हैप्पी, परशुराम सिंह आदि थे।

# मांगों को लेकर शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** शिक्षक संघ के शिक्षकों द्वारा उप जिला अधिकारी कार्यालय पहुंच कर एक ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को एसडीएम को दिए ज्ञापन में शिक्षक संघ ने कहा कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय ऊँटपड़ाव के पास मे चार दिवारी का कार्य चल रहा है जिसमे एक छोटा गेट पिछे की तरफ आम रास्ते पर लगया जा रहा था। जिस पर पडोस मे रहने वाले एक कबाड़ी के द्वारा कबाड रखा कर पूरा रास्ता बन कर रखा है। उससे कबाड थोडा पिछे करने को कहा तो उसके और अन्य लोगों द्वारा स्कूल मे घुसकर दस्तावेज फेंककर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

उन्होंने बताया कि पूर्व में भी इन लोगों की शिकायत नगर पालिका प्रशासन और कोतवाली पुलिस को दी गई है।लेकिन इन लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है। शिक्षक संघ ने इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस दौरान ज्ञापन देने वालो में राजकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानध्यक शबाना, शिक्षक संघ अध्यक्ष दिनेश मनराल, उपाध्यक्ष संजय,महामंत्री मनीता कटियाल, रेहान अहमद, फरहीन, रेशमा, आयशा,शाइस्ता, इंदू आदि मौजूद रहे।

# पहले तोड़ दिया घर व दुकानें, अब बिना अनुमति के कर रहे मलबे की नीलामी

**■ जिला पंचायत विभाग ने न्यायपालिका में विचाराधीन वाद की उड़ा दी धज्जियां**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** जिला पंचायत विभाग द्वारा बीते 16 जून 2025 को नानकमत्ता निवासी बलवीर सिंह पुत्र होरी लाल की दस दुकानों व दो कमरों के मकान को अतिक्रमण के नाम पर उप जिला अधिकारी सितारगंज की मौजूदगी में ध्वस्त किया था। इस कारवाई के बाद टूटी दुकानों व घर का मलवा उसी स्थान पर पड़ा है।

बता दे कि बलवीर सिंह पुत्र होरी लाल ने बताया की वह अपने परिवार के साथ यहां करीब 70 वर्ष से निवासी करता चला आ रहा है। बताया की उसके द्वारा खटीमा न्यायालय में जिला पंचायत विभाग के विरुद्ध एक मुकदमा 69/2023 किया गया है। 16 जून 2025 को आधिकारिक बल का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत विभाग द्वारा उसकी दस दुकानों व दो कमरों के मकान को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। अब जिला पंचायत विभाग न्यायालय से बिना अनुमति लिए मेरे घर पर दुकानों के मलबे की जबरन निलामी सूचना निकाल. कर उसे 27 सितम्बर 2025 को नीलाम कर रहा है जिससे न्यायालय में विचाराधीन मुकदमा की धज्जिया उडाई जा रही है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुरपट्टी।** शासन/निदेशक, शहरी विकास निदेशालय देहरादून से प्राप्त निर्देशों के अपुनालन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के ''17 सितंबर, 2025 से दो अक्टूबर 2025 तक'' के अन्तर्गत को समय प्रातः 08:00 बजे से एक दिन, एक घण्टा,एक साथ स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय इण्टर कालेज एसएन शर्मा एंव राजकीय प्राथमीक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष सफाई अभियान चलाते हुए श्रम दान कार्यक्रम किया गया।



सर्वप्रथम अध्यक्ष द्वारा स्वच्छता की शपथ कराई गई। तद्दोपरान्त इण्टर कालेज में छात्रों, अध्यापकों, नगर पंचायत के अध्यक्ष राजीव कुमार सैनी, गीता चौधरी अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत के सभासदों, नगर पंचायत के कर्मचारी, रा.प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधिकारी डा. खालिद यूनूस लॉन व उनके स्टाप, तथा स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा श्रमदान कार्यक्रम में प्रतिभाग कर श्रम दान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजीव कुमार सैनी, गीता चौधरी अधिशासी अधिकारी, जितेन्द्र कुमार प्राधानाचार्य एनएन शर्मा इण्टर कालेज, डा. खालिद यूनूस लॉन, सभासद मंगल खां, शाहिद हुसैन, जाहिद हुसैन, दिनेश कुमार, ज्योति, राधा, आशा, पूजा एवं नगर पंचायत सुल्तानपुर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कच्ची शराब बेचते दो लोगों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड आबकारी आयुक्त के निर्देशों के अनुसार आबकारी क्षेत्र-03 रामनगर में आबकारी विभाग की टीम ने आबकारी निरीक्षक उमेश पाल के नेतृत्व में रामनगर में अवैध कच्ची शराब बेचते हुए मौके पर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि विशाल महंत पुत्र हीरू महंत निवासी-सक्खनपुर के पास से एक प्लास्टिक कट्टे में 25 पाऊंचो में लगभग 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की।वहीं दूसरी ओर रिंकू सिंह निवासी भवानीगंज रामनगर के पास से प्लास्टिक के कट्टे में लगभग 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।इस दौरान आबकारी टीम में आबकारी निरीक्षक उमेश पाल,आबकारी सिपाही अलका आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सभागार विधिक जागरूकता शिविर आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार एवं माननीय जिला जज / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पिथौरागढ़ के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं रैड कांस सोसाईटी पिथौरागढ़ के समन्वय से जिला पंचायत सभागार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सचिव द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों जैसे ओवर स्पीड, हेलमेट, सीट बेल्ट, सड़क सुरक्षा उपाय, वाणिज्यिक न्यायालय जिला देहरादून और हल्द्वानी (नैनीताल) की भूमिका जिसमें पूर्व संस्था मध्यस्थता और निपटारा अधिनियम, 2018, मानव तस्करी, अनैतिक तस्करी, मानव तस्करी रोकथाम, देखभाल और पुनर्वास अधिनियम, 2021 के दुष्प्रभावों, पोक्सो एक्ट, साइबर अपराध, इंटरनेट एवं सोशल मिडिया अपराध / डिजिटल अरेस्ट जैसे कि पासवर्ड और क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड नंबर, सीवीवी नम्बर, आधार नम्बर, ऑनलाइन उत्पीड़न, लोगों को परेशान करना, धमकाना और अन्य अवैध गति. विधियां, नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं नालसा हैल्प लाईन नम्बर 15100 पर जानकारी दी गई। उक्त जागरूकता शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंजू देवी, रेड कांस सोसाइटी अध्यक्ष, महेश चन्द्र पंत, आपदा प्रबंधन टीम सहित लगभग 45 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# शहीदों के घर-आंगन से ताम्र कलशों में मिट्टी का संग्रहण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहीद सम्मान यात्रा-2.0 के अन्तर्गत कंजाबाग डेरी फार्म, खटीमा के शहीद सूबेदार डम्बर चन्द के घर-ऑगन से शहीद की पत्नी तारा चन्द, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी (से.नि.) आदि लोगों द्वारा ताम्र कलश में सम्मानपूर्वक मिट्टी संग्रहण किया गया।




जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी (से.नि.) ने बताया कि चार अक्टूबर 2025 तक शहीद सम्मान यात्रा के अंतर्गत शहीद सम्मान यात्रा-2.0 तथा पांच अक्टूबर 2025 को जनपद पौड़ी के लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट सेंटर में शहीद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा तथा भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शहीद सैनिकों के आश्रितों को ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के शहीदों के घर-आंगन से ताम्र कलशों में मिट्टी का संग्रहण कर उसे देहरादून स्थित शौर्य स्थल (सैन्यधाम) में प्रतिस्थापित किया जाएगा। जिनकी मिट्टी वर्ष 2021 में आयोजित यात्रा के दौरान एकत्रित नहीं हो पाई थी, साथ ही वर्ष 2021 के पश्चात शहीद हुए घर/आंगन की मिट्टी को भी संग्रहित कर सम्मानपूर्वक प्रतिस्थापित करना है।

श्री कोठारी ने बताया कि चार अक्टूबर को जिलाधिकारी कार्यालय से उपरोक्त शहीद सैनिकों के घर के आंगन की मिट्टी का फ्लैग ऑफ कर यात्रा पौड़ी गढ़वाल के लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट के लिए रवाना किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पांच अक्टूबर को लैंसडाउन के कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के शहीद सैनिकों के आश्रितों को ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी (से.नि.), वरिष्ठ प्रशास. निक अधिकारी सैनिक कल्याण महेश चन्द्र भट्ट, सूबे. मेजर सुन्दर सिंह, अजय कुमार, पुष्कर दत्त, आकाश कुमार, सुदर्शन बोरा, कुन्दन राम, पूर्व सैनिक संगठन के हीरा सिंह, बहादुर सिंह, भूपेन्द्र सिंह खोलिया, आनन्द सामन्त, भास्कर जोशी, गोविन्द चुफाल, शिव सिंह, प्रेम सिंह पोखरिया आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### धान खरीद को लेकर उपजिलाधिकारी एवं किसानों के बीच हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के दूर दराज गांव के किसानों के बीच धान खरीद को लेकर एक बैठक आयोजित हुई जिसमें जसपुर उप जिलाधिकारी चतर सिंह चौहान, वरिष्ठ विपणन अधिकारी कौशल कुमार, वरिष्ठ सहायक अनाथ मंडी समिति ध्यान सिंह जमनाल, अनाज मंडी निरीक्षक हादी हसन आदि शामिल रहे।

बैठक को लेकर किसानों ने बताया कि धान खरीद एक अक्टूबर से प्रारंभ करने, पोर्टल समय से पहले शुरू करने, अनाज मंडी में निकाले गए मॉइश्चर को ही प्रत्येक मिल माने, इस बार बढ़ती धान की मात्रा दृष्टिगत 45 की जगह 55 कुंतल प्रति हेक्टेयर धान की टोल करने और नए दो धान खरीद सेंटर लगाने सहित अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उपजिलाधिकारी से सभी मांगों को अति शीघ्र पूरा करने की मांग की, जिसका उपजिलाधिकारी द्वारा सभी समस्याओं को पूरा करने का आश्वा. सन दिया गया है। उप जिलाधिकारी ने मीडिया से रूबरू होकर बताया कि आज धान खरीद को लेकर बैठक में किसानों द्वारा जो समस्याएं उठाई गई उनके समाधान के लिए राइस मिलर्स एवं किसानों के साथ एक बैठक की जाएगी और उसके बाद डिस्कस कर धान खरीद में आने वाली हर समस्या का शीघ्र ही समाधान किया जाएगा जिससे आने वाली धान खरीद में कोई दिक्कत ना आवे। इस अवसर पर सरदार शीतल सिंह जिलाध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन, भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, अमनप्रीत सिंह जगजीत सिंह सीतू त्यागी, राजकुमार सैनी, सुखदेव सिंह सर्वेश चौहान आदित्य गहलोत नईम प्रधान समेत दर्जनों किसान शामिल रहे।

### श्री रामलीला में जय श्री राम के जयकारों से गूंजा पंडाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** श्री रामलीला में लक्ष्मण परशुराम संवाद के बाद हुए धनुष यज्ञ में भगवान श्री राम ने धनुष तोड़ दिया धनुष के टूटते ही रामलीला में जय श्री राम के जयकारों से पंडाल गूंज उठा।

ज्ञात हो कि पुरानी पुरानी नगर पालिका सब्जी मंडी चौक में श्री रामल. ीला मोहल्ला चौहान कमेटी के तत्वाधान में पहली बार वृंदावन के डॉक्टर स्वामी देवकीनंदन महाराज के पात्रों द्वारा रामलीला का मंचन कराया जा रहा है कारण कर्ण प्रिय संगीत के बीच डॉक्टर स्वामी देवकीनंदन महाराज द्वारा रामलीला मंचन के बीच-बीच में फिर प्रसंगों का गाना अत्यधिक रोचक बना रहा है यह देख और सुनकर श्रद्धालु मंत्र मुक्त हो रहे हैं बीती रात्रि रामलीला में पुष्प वाटिका, धनुष प्राप्ति के बाद लक्ष्मण परशुराम संवाद को सुनकर लोग पर खुशी से झूम उठे इसके पश्चात श्री राम द्वारा धनुष तोड़ने का मंचन किया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष सनी पधान, नवीन अग्रवाल ,रूबी पधान, यशपाल शर्मा, प्रदीप गोयल, नवीन पधान, अमित बिश्नोई, सौरव गर्ग, पंकज, डॉक्टर बीएस गौतम, नीरज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### बाजपुर विकास खंड में लिया टीबी मुक्त पंचायत का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उधम सिंह नगर जिले के बाजपुर विकास खंड में पंचायती राज विभाग, NTEP और WHP (इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट) के संयुक्त प्रयासों से "टीबी मुक्त पंचायत" का संकल्प लिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल के मार्गदर्शन में बाजपुर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. पीडी गुप्ता और जिला क्षय रोग अधिकारी डा. एमके जायसवाल के निर्देशन में ग्राम प्रधानों के प्रशिक्षण और अध्ययन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




बीडीओ शेखर जोशी की गरिमामयी उपस्थिति में सभी ग्राम प्रधानों से "निक्षय मित्र" बनकर टीबी रोगियों को पोषण पोटली उपलब्ध कराने की अपील की गई। इस अवसर पर संसाधन व्यक्ति (Resource Person) के रूप में बाजपुर की ब्लॉक प्रमुख सुखमन कौर औलख, और बीडीओ शेखर जोशी, प्रधान संघ अध्यक्ष राजविंदर कौर, प्रधान संघ की सचिव मनप्रीत कौर, छज्म्च एवं वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक बाजपुर से अजीत कुमार और WHP (इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट) से डिस्ट्रिक्ट लीड पंकज जोशी, कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र सिंह, बसंती मेवाड़ी एवं पुनीत कुमार ए.पी. सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ग्राम प्रधानों ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अपनी-अपनी पंचायतों को "टीबी मुक्त" बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

### विधायक ने की सीएम से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा नेताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर मुलाकात की। जिसमें रामनगर की ज्वलंत समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। बताया कि रामनगर में परिवहन विभाग द्वारा गाड़ियों की फिटनेस नहीं की जा रही है इसे लेकर जनता में आक्रोश भी है। उन्होंने बताया कि रामनगर क्षेत्र में विभिन्न मार्गो को निर्माण किए जाने की संबंध में एक ज्ञापन भी दिया गया।जिसमें मुख्यमंत्री ने शीघ्र कार्य करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, भाजपा नेता मोहम्मद आदिल,भाजपा नेता ब्रह्मादेव झा आदि मौजूद रहे।

### राजकीय शिक्षक संघ की बैठक हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय शिक्षक संघ ब्लाक कार्यकारिणी रामनगर के द्वारा ब्लॉक स्तर पर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के द्वारा वर्तमान में जारी संघर्ष में किस प्रकार से सहयोग किया जाए। इस पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा अपने अपने विचार रखे गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी संघर्षों में ब्लॉक से प्रतिभाग सामूहिक रूप से किया जाएगा। इस मामले में विभिन्न विद्यालयों की शाखाओं के प्रति सदस्य संघर्ष शुल्क जमा कर ब्लाक कार्यकारिणी को प्रेषित किया जाएगा जिसका उपयोग आगामी धरना एवं प्रदर्शन स्थल के लिए खर्च किया जाएगा।इस दौरान बैठक में अजय धस्माना,डॉक्टर तिलक जोशी, मदन मोहन पंत,महेंद्र कुमार,अनिल कडाकोटी, गीता विनोद, प्रदीप कुमार,संजीव कुमार, हरीश कुमार,प्रकाश चंद्र,सुषमा चौहान,ममता बला. दी,बसंती आर्य, रामचंद्र,गोविंद माधव,रवि उनियाल, पवन सोनी, जितेंद्र कुमार, राजेंद्र सिंह, डॉक्टर आरसी सत्यवाली, प्रेमलता आदि मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब ने स्कूली बच्चों को बांटे 200 स्कूल बैग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** रोटरी क्लब ऑफ काशीपुर ने अच्छे नंबरों से पास होने वाले बच्चों को 200 स्कूल बैग बांटे ।रामचंद्र सिंह सरस्वती शिशु विद्या इंटर कॉलेज परिसर में रोटरी क्लब ऑफ काशीपुर के सदस्यों ने सेवा सर्वोपरि कार्यक्रम आयोजित किया । जिसका भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल और क्लव के अध्यक्ष विनीत सिंघल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया । इस दौरान क्लब के अध्यक्ष विनीत सिंघल ने कहा कि बच्चों को बैग वितरण करना क्लब का एक छोटा सा प्रयास है उनके उज्जवल भविष्य को दिशा देने के लिए जिससे वह आगे चल कर अपना और देश का नाम ऊंचा कर सके। क्लब का मेन उद्देश्य मूल मंत्र सेवा सर्वोपरि है हम समाज की सेवा करते और कमजोर वर्ग के व्यक्तियों और बच्चों की हर संभव सहायता करते हैं । इसके बाद क्लब के सदस्यों ने सरस्वती शिशु मंदिर के हर कक्षा के बच्चों को सिक्स टॉप में अच्छे नंबरों से पास होने पर 200 स्कूल बैग बांटे । इस अवसर पर क्लव के सचिव पुनीत सिंघल , संजय गोयल, नवदीप बिश्नोई , प्रदीप गोयल , अवलोक जैन, अवलोक गोयल, अंकुर बिश्नोई , राजीव कौशिक, पवन शर्मा, सुधीर बिश्नोई, उदित अग्रवाल, एसपी शर्मा, आशीष चौबे, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य गिरीश जोशी आदि मौजूद रहे।

# सेवा पर्व पखवाड़ा एवं स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सेवा पर्व पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत राजकीय इंटर कॉलेज डीडीहाट में एक वृहद स्वास्थ्य एवं बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर का शुभारंभ डीडीहाट विधायक बिशन सिंह चुफाल, ब्लॉक प्रमुख डीडीहाट गुड्डू धामी, ब्लॉक प्रमुख कनालीछीना महिमन कन्याल, नगर पंचायत अध्यक्ष गिरीश चुफाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कमला चुफाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरेंद्र चुफाल, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह तथा उपजिलाधिकारी खुशबू पांडे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पेंशन, आवास, स्वरोजगार, कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, पशुपालन, उद्यान, सामा. जिक सुरक्षा, बीमा, मनरेगा, स्वनिधि एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को उपकरण और सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बाल रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक-कान-गला, फिजिसियन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा 807 मरीजों की जांच की गई- 40 अल्ट्रासाउंड, 32 एएनसी, 105 खून की जांच, 55 एक्स-रे, 8 बलगम जांच तथा 20 लोगों ने रक्तदान किया तथा 61 ने रक्तदान हेतु पंजीकरण करवाया। शिविर में 32 दिव्यांग प्रमाण पत्र, 13 आयुष्मान कार्ड तथा 4 निक्षय मित्र बनाए गए। विधायक बिशन सिंह चुफाल एवं अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरण वितरित किए।

कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत कौशिक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरवरी दामाराजू, जिला परियोजना अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत डॉ. ललित भट्ट के निर्देशन में चंद्रभागा एवं भदेलबाड़ा वार्ड में गैर-संचारी रोग एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित हुआ, जिसका शुभारंभ पार्षद कमलेश चन्द्र एवं श्रीमती ललिता जोशी द्वारा किया गया।

इसमें बीपी, शुगर, मुख, ग्रीवा एवं स्तन कैंसर की जांच, काउंस. लिंग एवं औषधि वितरण किया गया। इसी क्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्चना कौशिक के नेतृत्व में 55वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, ऐंचोली में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। इसमें जवानों एवं उनके परिवारजनों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गयाख्र 37 लोगों की हीमोग्लोबिन एवं शुगर जांच की गई।

इस दौरान ब्लड प्रेशर जांच, मुख, ग्रीवा एवं स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग भी की गई । लगभग 70 लाभार्थियों को परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

# देवस्थली विद्यापीठ, लालपुर में विश्व फार्मेसी दिवस मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** देवस्थली विद्यापीठ, लालपुर में फार्मेसी विभाग द्वारा विश्व फार्मेसी दिवस को बड़े ही हर्षोउल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रबन्ध निदेशक मनीन्द सिंह कोश्यारी, कार्यकारी निदेशक आरसी चौधरी, डीवीसीपी प्राचार्य डा. धीरज बिष्ट, डा. दिशा दत्ता एवं मुख्य अतिथि डा. निधि नैनवाल, (औषधि निरीक्षक) के द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आर्कषणों में सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक नृत्य एवं नाटक मंचन द्वारा फार्मेसी के महत्व पर प्रकाश डाला गया।




इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी निदेशक आरसी चौधरी ने स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट के योगदान को बहुत महत्वपूर्ण बताया एवं फार्मेसी के छात्र/छात्राओं को अपने कार्यों के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि जिला उधमसिंह नगर की औषधि निरीक्षक डा. निधि नैनवाल ने फार्मासिस्टों द्वारा सुरक्षित और प्रभावी दवा उपयोग एवं स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में योगदान को सराहा एवं उनके योगदान की प्रसंशा की। उन्होंने युवा विधार्थियों को अनेक दवाओं के नशे के रूप में किये जाने वाले दुरूपयोग के प्रति सचेत किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा नशे के दुरूपयोग से बचने के लिए एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने फार्मेसी स्नातक के उपरान्त उपलब्ध रोजगार के विषय में भी विस्तार से प्रकाश डाला।

विश्व फार्मेसी दिवस के अवसर पर संस्थान के फार्मेसी विभाग के छात्र/ छात्राओं द्वारा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डीफार्म प्रथम वर्ष हर्ष, आमीन, देवाशीष एवं भूपेष एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीफार्म प्रथम वर्ष अरिजीत, अनमोल, माही ने प्राप्त किया।

फार्मेसी के प्राचार्य डा. धीरज बिष्ट ने विश्व फार्मेसी दिवस की थीम पर व्याख्यान दिया एवं बताया कि यह दिवस स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और लोंगो को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिये फार्मेसिस्टों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है और इस अवसर पर कार्यकम की शोभा बढ़ाने के लिये सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण, लैब स्टाफ और आफिस स्टाफ के सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## गुमशुदा मनोज का अभी तक सुराग नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नगर पंचायत महुआ डाबरा निवासी मनोज कुमार पुत्र ब्रह्मपाल सिंह उम्र 43 वर्ष जो की नौकरी की तलाश में दो फरवरी 2025 को गुजरात गया था, गुजरात पहुंचने पर परिवार वालों ने जब मनोज कुमार से संपर्क करना चाह तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ पाया गया।

काफी खोजबीन करने के पश्चात भी उसका कोई पता नहीं चल रहा है। इसको लेकर उनकी माता मुकेश देवी द्वारा रिपोर्टिंग चौकी नादेही में गुमशुदगी दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया था पुलिस द्वारा अपने स्तर से काफी दिन जांच करने के पश्चात उक्त केस में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# वाराही धाम में बनेगा उत्तर भारत का भव्य मंदिरः हीरा बल्लभ

- **दिव्यता के कारण श्रद्धालुओं में बनाएगा अपनी विशिष्ट पहचान**
- **श्री वाराही शक्तिपीठ ट्रस्ट की पहली बैठक में मंदिर कमेटी को भंग कर उसे किया गया ट्रस्ट में विलीन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** वाराही धाम में ऐसा दिव्य व भव्य मंदिर बनने जा रहा है जो अपनी दिव्यता एवं अपनी आध्यात्म चमक के कारण उत्तर भातर के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। मंदिर निर्माण के लिए दानवीरों के हाथ लगातार आगे बढ़ रहे हैं। किंतु इसमें कुमाऊं के प्रत्येक परिवार के श्रद्धासुमन का समावेश किया जाएगा।

नागर, कत्यूर एवं उत्तराखंड की वास्तु कला पर आधारित यह मंदिर पूरी तरह स्थानीय पत्थरों से बनाया जाएगा। जिसमें करीब 1200 ट्रैक पत्थर लगने का अनुमान किया गया है। मन्दिर को ऐसा रूप व स्वरूप दिया जाएगा जिसमें भगवान सूर्य अपनी पहली किरण से मां वाराही का अभिषेक करेंगे। मंदिर के गर्भगृह की ऊंचाई 81 फीट होगी यह बात ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के पूर्व निदेशक हीरा बल्लभ जोशी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में मंदिर कमेटी को भंग कर उसे ट्रस्ट में विलीन किया गया। प्रस्तावित मंदिर को भव्यता देने के लिए डोल आश्रम के संस्थापक बाबा कल्याण दास के प्रति सभी ने कृतज्ञता का भाव प्रकट किया। मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह लमगड़िया ने कहा कि मां वाराही की कृपा का ही प्रतिफल है कि हम सब एक बहुत बड़े धार्मिक कार्य के साक्षी बनने जा रहे हैं। उन्होंने मंदिर के ट्रस्ट निर्माण एवं मंदिर को स्वरूप देने में ट्रस्ट के अध्यक्ष हीरा बल्लभ के प्रयासों को सराहना की। वहीं सभी वक्ताओं ने कहा कि मां वाराही के अनन्य उपासक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दूरगामी सोचा का ही प्रतिफल है इस मंदिर निर्माण के लिए सभी कार्य सरलता से हो रहे हैं।

मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं कोषाध्यक्ष दिनेश जोशी ने कहा कि यह मंदिर कितनी दिव्य व भव्य बनेगा इसकी परिकल्पना तो स्वयं मां वाराही कर रही हैं, हम सब तो निमित्त मात्र हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर के पूरे परिसर में बगैर अनुमति के कोई नए कार्य नहीं हो सकेंगे।

लगभग नौ घंटे चली इस बैठा में मंदिर के संयोजक चेतन भैया, विनोद गडकोटि, पूर्व अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, प्रमुख समाज सेवक नंदू पाण्डेय, भीम सिंग लमगड़िया, रौशन लमगड़िया, राजेश बिष्ट, मदन बो. हरा, हयात सिंह बिष्ट, बिशन चम्याल, चंदन बिष्ट, विक्रम सिंह आदि प्रमुख लोगों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस संदर्भ में चार खाम सात थोक के प्रमुखों व पड़तीदार गांव के लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए पहले ही अपनी सहमति पर मुहर लगा दी थी।

# जनता के लिए सुगम बन रहा है सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** दूरस्थ क्षेत्र के लोगों के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार का उनके वहां के लोगों के बीच जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के जीवन की जटिलताएं लगातार का मोती जा रही हैं। जिलाधिकारी द्वारा दलबल के साथ 24 सितंबर को कटनी क्षेत्र का दौरा किया गया था, वहां से आने के बाद दूसरे दिन से ही अधिकारियों ने वहां की समस्याओं के निस्तारण की पहल शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी ने ककनाई गांव के जीआईसी के छात्र-छात्राओं की उसे दिक्कत को अनुभव किया, जिसमें यहां के बच्चों को हाई स्कूल इंटर के बोर्ड परीक्षा देने के लिए यहां से 35 किलोमीटर दूर चंद्रपुर जाना पड़ता था तथा उन्हें इसके लिए अपना अनावश्यक धन समय को परेशानियों मूल लेनी पड़ती थी जिलाधिकारी ने यहां परीक्षा केंद्र बनाने के साथ पुस्तकालय की स्थापना के भी निर्देश दिए थे। मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहमान सिंह बिष्ट ने दूसरे ही दिन जीआईसी कठिनाई में हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षाओंका मिश्रित परीक्षा केंद्र बनाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। उन्होंने वहां के बच्चों के लिए विद्यालय में ही पुस्तकालय की स्थापना कर वहां सभी प्रतियोगी परीक्षाओं आज की भी पुस्तक है उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यहां के बच्चे भी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अपने को तैयार कर सका उधर जल संस्थान द्वारा अपने गांव में तेजल संकट को देखते हुए वहां मोदक्स हैंड पंप लगाने का भी कार्य शुरू कर दिया है।

जल संस्थान की सहायक अभियंता पवन बिष्ट के अनुसार शीघ्र ही हैंडपंप से ग्रामीणों को जलापूर्ति होने लगेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें इन्हीं लोगों की सेवा के लिए ही सरकारी तंत्र बना हुआ है जिसे हम सब हिस्सा है मॉडल जिले में साधनों व संसाधनों की कोई कमी नहीं है। यदि अधिकारी अपने कार्यों को नई सोच के साथ करने लगा तो हम गांव से पलायन को रोकने में सक्षम हो सकेंगे। उन्होंने कहा जो समस्याएं मेरे संज्ञान में आई हैं उनमें जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई।

# पेपर लीक पर महिला एकता मंच 28 को निकालेगा जुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड में लगातार हो रहे परीक्षा पेपर घोटाले को लेकर महिला एकता मंच ने आगामी 28 सितंबर को मालधन में जुलूस प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया है। 28 सितंबर को दिन में 11 बजे मालधन नं 2 पुलिस चौकी के पास से जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया जाएगा।महिला नेत्री विनीता ने मालधन क्षेत्र के छात्रों युवाओं, महिलाओं और आम जनता से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

गुरुवार को ग्राम मालधन क्षेत्र में आयोजित महिला एकता मंच की बैठक में भगवती ने कहा कि उत्तराखंड में नकल माफिया और भाजपा सरकार का गठजोड़ कायम है। छात्र युवा दिन रात मेहनत करके, कर्ज लेकर परीक्षा देते हैं और नकल माफिया लाखों रुपए लेकर पेपर लीक कर देते हैं। यूकेएसएसएससी परीक्षा पेपर लीक से सरकार की नाकामी एक बार फिर उजागर हो गई है। सरस्वती जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के कारण युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। भाजपा नेता और मंत्रीजी के बेटे- बेटी सत्ता का दुरुपयोग कर बढ़िया जीवन व्यतीत कर रहे हैं। रेखा शाह ने कहा कि आज जागरूक नागरिक होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम सरकार के संरक्षण में नौजवानों और छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ आवाज उठाएं और उनके आंदोलन का समर्थन करें। ममता आर्य ने सरकार से रोजगार को मौलिक अधिकार घोषित कर, सभी को रोजगार की गारंटी का कानून बनाए जाने की मांग की। इस दौरान बैठक में देवी आर्य, ममता आर्य,रंजनी आर्य, कौशल्या चुनियाल, सरस्वती जोशी,रेखा शाह, भगवती आर्य , विनीता टम्टा, ममता आदि महिलाएं शामिल रहीं।

# जांच में सभी 18 पर्चे वैध

## छात्रसंघ चुनाव: डीएसबी परिसर में 12 पदों पर हुए नामांकन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में 27 सितंबर शनिवार को होने जा रहे छात्र संघ चुनाव 2025-26 के लिए बीते बुधवार को विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र भरने वाले छात्र-छात्राओं के नामांकन पत्रों की गहनता से जांच की गयी जिसमें सभी 18 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए। बता दें बीते बुधवार को छात्र संघ चुनाव के लिए 18 पदों के विरुद्ध कुल 12 पदों पर नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे जिसके लिए 18 छात्र-छात्राओं ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए थे। वीरवार को प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) नामित समिति द्वारा शांतिपूर्ण ढंग तथा बारीकी से संपन्न की गई और सभी नामांकन पत्र नियमानुसार सहीं पाए गए। अध्यक्ष पद के लिए तनिष्क मेहरा व करण सती, उपाध्यक्ष पद के लिए शशांक भंडारी व दिनेश चंद्र, जबकि छात्रा



(उपाध्यक्ष) के लिए प्राची नेगी व तनिशा जोशी, महासचिव पद के लिए आयुष आर्य, संयुक्त सचिव पद के लिए नितांत व जयवर्धन चंद्रा, कोषाध्यक्ष पद के लिए शिवेश कुमार, सांस्कृतिक सचिव हेतु भावेश विश्वकर्मा व सत्यम सिंह जबकि कला संकाय प्रतिनिधि हेतु दीपांशु अधिकारी व करण कुमार, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि हेतु वेदांत पांडे, विधि संकाय पद हेतु यशिता करगेती, बायोमेडिकल संकाय प्रति. निधि हेतु अतुल रावत, विवि प्रति. निधि हेतु आशीष कबड़वाल के नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए। छात्र संघ चुनाव के नामांकन पत्रों की जांच अधिष्ठाता छात्र कल्याण मंडल, गुरुजनों व शिक्षणेत्तर कर्मियों, जांच समिति ने सक्रिय सहयोग दिया।

### कुलपति प्रो.रावत ने की चुनाव की समीक्षा

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर में 27 सितंबर शनिवार को होने जा रहे छात्र संघ चुनाव की परिसर प्रशासन की ओर से की गयी तैयारियों का वीरवार को कुविवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने जायजा लिया। प्रो.रावत ने छात्र संघ चुनाव की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की तथा चुनाव अधिकारियों एवं संबद्ध कर्मियों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लिंग दोह समिति की सिफारिशों का चुनाव में पूरी तरह से पालन किया जाए। उन्होंने परिसर प्रशासन की ओर से छात्र संघ चुनाव के मद्देनजर की गयी सभी व्यवस्थाओं को सराहा साथ ही कुछ जरुरी दिशा निर्देश भी निर्गत किए।

### कुलपति ने बालिका छात्रावासों का किया निरीक्षण

**नैनीताल।** कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने वीरवार को रसायन शास्त्र विभाग में अपनी कक्षा संपन्न होने के उपरांत परिसर के छात्रावासों का निरीक्षण कर छात्र संघ चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। कुलपति प्रो. रावत ने विशेष रूप से छात्राओं के छात्रावासों का भ्रमण कर वहां की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। इस दौरान उन्होंने केपी छात्रावास में पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संवर्धन के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. रावत ने चुनाव प्रक्रिया में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों से भी भेंट की और उन्हें निर्देश दिए कि चुनाव पूरी तरह से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न किया जाए। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि चुनाव में सभी छात्राओं और छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि होगी। उन्होंने विशेष रूप से चुनाव संचालन के प्रभारी प्रो. संजय पंत और उनकी टीम को मार्गदर्शन प्रदान किया।



### पुलिस अधीक्षक ने किया प्रत्याशियों से संवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** पुलिस अधीक्षक डा. जगदीश चन्द्रा ने वीरवार को डीएसबी कैंपस पहुँचकर सभी 18 छात्र संघ प्रत्याशियों से संवाद किया और उन्हें लिंगदोह समिति के दिशा-निर्देशों का पालन करने, चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण बनाए रखने में पूर्ण सहयोग देने, आमसभा एवं चुनाव प्रक्रिया के दौरान अपने समर्थकों के आचरण एवं अनुशासन के लिए स्वयं उत्तरदायी रहने, परिसर में किसी भी प्रकार का हंगामा या अराजक गतिविधि न करने तथा किसी भी बाहरी व्यक्ति को परिसर में न बुलाने तथा नगर में कोई जुलूस न निकालने के स्पष्ट निर्देश दिए।

### प्रवेश द्वारों पर होगी आई कार्ड की जांच

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर के चुनाव अधिकारी प्रो. अमित जोशी ने स्पष्ट किया है कि बिना परिचय पत्र के किसी भी छात्र-छात्रा को परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कुलानुशासक मंडल के सभी सदस्यों से इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी अहम भूमिका निभाने की गुजारिश की है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में कुलानुशासक मंडल समेत परिसर परिवार का हर संभव सहयोग बेहद जरूरी है। प्रो. जोशी ने परिसर के छात्र-छात्राओं को परिसर में प्रवेश हेतु अपना आईकार्ड साथ लाने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति जिनके पास वैध पहचान पत्र नहीं होगा को परिसर में प्रवेश की अनुमति कदापि नहीं दी जाएगी तथा डीएसबी परिसर के प्रवेश द्वारों पर पहचान पत्रों की जांच के उपरांत ही प्रवेश दिया जाएगा।

## शहीद खेमचंद डौर्बी कॉलेज में भी सभी नामांकन वैध

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में छात्र संघ निर्वाचन 2025-26 हेतु प्रात: 11 बजे से 12 बजे तक नामांकन प्रपत्रों की नामांकन जांच समिति डा. ईप्सिता सिंह (संयोजक), डा. दीपक तथा डा. निर्मला द्वारा जांच की गई जिसमें अध्यक्ष पद हेतु सुनील कुमार, उपाध्यक्ष (छात्रा) पद हेतु सुमन, सचिव पद हेतु नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष पद हेतु हिमानी बिष्ट तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद हेतु आरती के नामांकन पत्र वैध पाए गए। उसके बाद 10 बजे से 30 बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित था जिसमें किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापसी हेतु आवेदन नहीं किया गया। शाम 3 बजे के बाद छात्र संघ प्रभारी डा. तरुण कुमार आर्य द्वारा वैध प्रत्याशियों की सूची जारी की गई। उक्त प्रक्रिया प्रभारी प्राचार्य डा. जयति दीक्षित के देखरेख में संपन्न हुई जिसमें महाविद्यालय के समस्त कार्मिक एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन उपस्थित रहे।

## सीबीसी नैनीताल ने चलाया स्वच्छता ही सेवा महाअभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एक दिन-एक घंटा- एक साथ मुहिम को सफल बनाने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) नैनीताल ने वीरवार को श्रमदान अभियान चलाया। बता दें नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए फ्लैट्स मैदान में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में सभी कार्मिकों ने नगर पालिका, स्थानीय नागरिकों, पर्यटकों और विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर स्वच्छता की अलख जगाई। कार्यक्रम की मुखय अतिथि नगर पालिका चेयरमैन डा. सरस्वती खेतवाल थीं जिनकी अगुवाई में उपस्थित जन. समूह ने एक स्वच्छ और सुंदर नैनीताल के निर्माण की शपथ ली। शपथ के तुरंत बाद पूरे मैदान में गहन स्वच्छता श्रमदान किया गया जिसमें विशेष रूप से प्लास्टिक और कचरा एकत्र किया गया। सीबीसी नैनीताल ने इस दौरान स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों से अपील की कि वे नैनीताल की सुंदरता बनाए रखने के लिए सफाई का विशेष ध्यान रखें। सीबीसी नैनीताल की नोडल अधिकारी श्रद्धा गुरुरानी तिवारी ने बताया कि सीबीसी पहले भी नैनी झील और इसके आसपास के क्षेत्रों को साफ करने के लिए कई सफल स्वच्छता पखवाड़े और प्लास्टिक मुक्त अभियान चला चुका है। यह एक दिन- एक घंटा- एक साथ पहल हमारे उन्हीं निरंतर प्रयासों की कड़ी है। इस मुहिम में कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों, सरकारी कार्यालयों के कार्मिकों, नाव चालकों तथा हॉकर्स एसोसिएशन और खेल संगठनों से जुड़े खिलाड़ियों ने भी जोश के साथ भाग लिया जो नैनीताल के प्रति सामूहिक जिममेदारी को दर्शाता है।



## एक नजर...

### शहर की स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी

**नैनीताल।** शहरी विकास विभाग उत्तराखंड के निर्देशानुसार वीरवार को नगर पालिका परिषद नैनीताल के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता थीम पर एक राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम एक दिन-एक घंटा- एक साथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डा. सरस्वती खेतवाल द्वारा उपस्थित जन समूह को स्वच्छता की शपथ दिलवाई व शहर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। अधिशाशी अधिकारी विनोद सिंह जीना द्वारा शहरवासियों से अनुरोध किया कि स्वच्छता की पहल सबसे पहले अपने घर व मोहल्ला व फिर शहर से की जाए। कार्यक्रम में नगर पालिका कर्मचारी, महिला समूह की महिलाएं, खेल प्रेमी, नाट्य प्रभाग एव विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग कर विभिन्न स्थानों पर सफ़ाई की गयी।

### नैनीताल में दुर्गा महोत्सव की तैयारियां तेज

**नैनीताल।** नैनीताल में सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी ने 28 सितंबर रविवार से शुरु होने जा रहे पांच दिवसीय 69 वें दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां प्राथमिकता से शुरू कर दी हैं। बता दें नगर के मल्लीताल स्थित मां नयना देवी मंदिर में नवरात्र में हर साल आयोजित होने वाले सर्बजनिन मां दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां इन दिनों जोरों पर है। मंदिर परिसर में इस वर्ष मूर्ति बनाने आए कानपूर के मूर्तीकार विक्रम सरकार ने बताया कि मूर्तियों को पूर्ण रूप से प्राकृतिक चीजों से बनाया जा रहा है ताकि विसर्जन के दौरान पर्यावरण को कोई नुकसान ना हो। उन्होंने बताया कि उनके साथ विश्वजीत , जय और प्रेम मूर्ति कार्य करने आए हैं। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट समेत महासचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फर्त्याल समेत सौरभ मैजूद रहे।

### छात्रावास के निकट धंसाव भूमि में रौपे पौधे

**नैनीताल।** उन्नत भारत अभियान' के तहत गुरुवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने डीएसबी परिसर स्थित केपी छात्रावास के पास भूस्खलन प्रभावित भूमि पर बांस, किल्मोड़ा और हिसालू के पौधे लगाए। अभियान समन्वयक प्रो. अनिल के. बिष्ट ने बताया कि हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग पर वर्षाकाल में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों को भी चिन्हित कर कटाव रोकने वाले पौधों का रोपण किया जाएगा। कुलपति ने पौधारोपण को प्रकृति संरक्षण का पुण्य कार्य बताते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रो. रजनीश पांडे, प्रो. ललित तिवारी, डा. विजय कुमार, डा. शिवांगी चन्याल, डा. हिमांशु लोहनी, डा. शशि पांडे, डा. जितेंद्र लोहनी सहित कई अधिकारी व एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### केंद्रीय शीत जल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का 38वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**नैनीताल।** भीमताल स्थित केंद्रीय शीत जल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान ने गुरुवार को अपना 38वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट, पूर्व निदेशक डा. केके वास, प्रधान वैज्ञानिक डा. सीवी जोशी और संस्थान निदेशक डा. अमित पांडे ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डा. पांडे ने संस्थान की वर्तमान परियोजनाओं और पर्वतीय राज्यों में चल रहे अनुसंधान कार्यों की जानकारी दी। सांसद अजय भट्ट ने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान स्थानीय मत्स्य पालकों के लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने संस्थान के विस्तार के लिए राज्य सरकार से भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। पूर्व निदेशक डा. केके वास, आइसीएमआर मुक्तेश्वर के संयुक्त निदेशक डा. यशपाल मलिक और विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मीकांत ने भी संस्थान की उपलब्धियों की सराहना की और स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन हिंदी अधिकारी अमित जोशी ने किया।

### नैनीताल में सेवानिवृत्त पालिका कर्मी व ईओ में तनातनी

**नैनीताल।** नगर पालिका में देयकों के भुगतान की मांग करने पहुंचे सेवानिवृत कर्मी की ईओ से हुई बहस का मामला कोतवाली पहुंच गया। कर्मी ने कोतवाली में तहरीर देकर ईओ पर जाति सूचक शबद कहने व अभद्रता करने के आरोप लगाए हैं वहीं ईओ की ओर से भी तहरीर देकर शासकीय कार्य में बाधा डाल गाली गलौच करने व उनकी छवि खराब करने के आरोप कर्मी पर लगाए हैं। बता दें कि वीरवार को पालिका से सेवानिवृत कर्मी राजेश देयकों की मांग को लेकर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल के पास पहुंचे। पालिकाध्यक्ष ने भुगतान के मामले में ईओ से मिलने की बात की तो कर्मी ईओ रोहिताश शर्मा के कक्ष में चला गया। जहां भुगतान की मांग करते करते मामला गहमागहमी भरा हो गया। दोनों के बीच चली लंबी बहस के बाद सभासदों ने बीच बचाव किया तो मामला शांत हुआ। जिसके बाद राजेश ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उसकी पत्नी का एमस में उपचार चल रहा है। कई चक्कर काटने के बाद भी उसे उसी का पैसा नहीं दिया जा रहा है। जब वह अपने देयकों के भुगतान की मांग करने नगर पालिका पहुंचे तो ईओ ने जाति सूचक शबद कहते हुए उनके साथ अभद्रता की। दूसरी ओर ईओ की ओर से भी तहरीर देकर कर्मी पर अभद्रता व गाली गलौच करने तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप लगाए हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फुलसुंगा तहसील रुद्रपुर जिला उधमसिंह नगर खसरा नं.-73 मि0 रकबा-101 वर्ग मी. भूमि के बैनामे/प्रापर्टी सम्बंधित मूल रजिस्ट्रीयां कहीं गुम हो गयी हैं। इसका विवरण इस प्रकार है-
विक्रेता-श्री दिनेश अग्रवाल पुत्र श्री राम अवतार पता माडल कालोनी, आवास विकास रुद्रपुर (उधमसिंह नगर) क्रेता-श्री चरनजीत लाल पुत्र श्री मोहन लाल पता मेन रोड गदरपुर (उधमसिंह नगर), जो उपनिबन्धक कार्यालय किच्छा में बही नं. 01 जिल्द नं. 380 पृष्ठ सं. 137/148 दिनांक 04.10.2010 पंजीकृत है। इसके अलावा एक अन्य रजिस्ट्री जिसका विवरण निम्न है-
विक्रेता-दिनेश अग्रवाल पुत्र श्री राम अवतार व चरनजीत लाल पुत्र श्री मोहन लाल क्रेता-श्री इन्द्रजीत कौर गिल पत्नी श्री गुरमीत सिंह पता सिंह कालोनी रुद्रपुर (उधमसिंह नगर), जो उपनिबन्धक कार्यालय किच्छा के बही-1 जिल्द नं. 551 पृष्ठ 315/334 व क्रमांक 3016 दिनांक 19.04.2011 को पंजीकृत है, जिसका खसरा सं.-73 मिन रकवा 195.93 वर्ग मी0 है।
इन दोनों रजिस्ट्रीयों के मिलने पर निम्न पते पर सूचित करें। इसका उपयोग किसी भी बैंक अथवा संस्था द्वारा पूर्णतय: अवैध माना जाएगा। उक्त प्रापर्टी यूको बैंक, शांतिपुरी में ऋण विरुद्ध साम्यमूलक बंधक की जा रही है। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो शाखा यूको बैंक शांतिपुरी अथवा संजय कुमार शुक्ला पुत्र श्री अमरनाथ शुक्ला जवाहरनगर किच्छा से 14 दिन में लिखित सम्पर्क करें।

## टैक्सी कारोबारियों ने उबाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर में प्रशासन, परिवहन विभाग व पुलिस की ओर से चलाये गए अभियान को लेकर अब टैक्सी चालक विरोध में उतर आए हैं। तल्लीताल टैक्सी मालिक समिति की ओर से डीएम को ज्ञापन देकर एकतरफा कार्रवाई न करने की मांग की है। साथ ही चेताया अगर उनका उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो वह स्वयं ही नैनीताल में प्रतिबंधित मुहर लगे वाहनों का संचालन बंद कर देंगे। बता दें कि बुधवार को मालरोड पर कार्रवाई के दौरान टैक्सी संचालकों व अधिकारियों के बीच जमकर बवाल हुआ था जिसके चलते वीरवार को तल्लीताल टैक्सी मालिक समिति सदस्यों ने डीएम को ज्ञापन सौंप कहा कि नैनीताल प्रतिबंधित मुहर लगे वाहनों का संचालन बंद कर दिया जाए तो शहर से 99 प्रतिशत वाहन बाहर हो जाएंगे। ऐसे में बाहरी शहरों से पहुंचने वाले पर्यटक किस तरह शहर तक पहुंचेंगे। सरकारी विभागों में अधिकृत वाहन भी बंद हो जायेंगे तो सरकारी कामकाज में भी बाधा आयेगी। इसके अलावा दर्जनों वाहन स्कूली बच्चों को शहर में छोड़ने का कार्य करते हैं। अगर प्रतिबंधित मुहर वाले वाहनों के मानकों का अनुपालन किया जाए तो शहर में लोगों को आवागमन के लिए वाहन ही नहीं मिलेंगे। लोगों ने एकतरफा कार्रवाई न करने व प्रतिबंधित मुहर वाले वाहनों के संचालन को लेकर निर्णय लेने की मांग की है। साथ ही चेताया है कि अगर एकतरफा कार्रवाई की गई तो सभी टैक्सी संचालक प्रतिबंधित मुहर लगे सभी वाहनों का संचालन बंद कर देंगे। जिससे सरकारी कामकाज तथा स्कूल ड्यूटी व पर्यटन कारोबार पर भी प्रभाव पड़ेगा।

## विशेष आकर्षण रही राम-सीता बारात

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नव संस्कृत सत्संग समिति शेर का डांडा द्वारा नैनीताल के सात नंबर क्षेत्र में चल रही रामलीला मंचन के दौरान सीता स्वयंवर की लीला का आकर्षक मंचन किया गया। रामलीला समिति के अध्यक्ष खुशहाल सिंह रावत ने बताया कि नव सांस्कृतिक सत्संग समिति की रामलीला का उद्घाटन गीता साह जगाती द्वारा किया गया जिनकी सास द्वारा क्षेत्र को इतना बड़ा स्थान दान में दिया गया था।

समिति के सचिव पी सी पांडे ने बताया कि क्षेत्र में वरिष्ठ कलाकारों के रूप में हिममत सिंह द्वारा दशरथ की, प्रकाश चंदोला द्वारा विश्वामित्र की जबकि चारु पंत द्वारा परशुराम, संतोष पंत द्वारा सुरपनखा, कंचन चंदोला द्वारा राजा जबकि युवा वर्ग से श्री बिष्ट द्वारा रावण की उत्कृष्ट भूमिका सहित निखिल उपाध्याय द्वारा राम, रौनक बोरा द्वारा लक्ष्मण, संस्कार पांडे द्वारा सीता की भूमिका सहित विभिन्न बाल कलाकारों द्वारा आकर्षक भूमिका निभाई जा रही हैं। बताया कि एक विशेष कीर्तिमान बनाते हुए एक ही परिवार के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक महत्व के इस मंचन में लगातार तीसरे बार योगदान देकर सभी को प्रेरित किया जिसके तहत सीता माता की भूमिका में संस्कार पांडे सहित संस्कार की माता एवं संस्कृति कर्मी व शिक्षिका दीपा पांडे द्वारा महारानी सुनैना तथा संस्कार के पिता एवं युवा रंगकर्मी व युवा शिक्षक डा. हिमांशु पांडे द्वारा महाराजा जनक के रूप में एक ही परिवार के तीन लोगों द्वारा योगदान दिया गया। सांस्कृतिक संरक्षण के कार्यों में लगातार आगे रहने वाली शिक्षिका दीपा पांडे ने बताया कि सीता स्वयंवर के दिन मंच पर बिना पर्दा गिरे लगातार चार घंटे तक बैठना भी एक प्रकार की तपस्या है। यह प्रभु राम का ही आशीर्वाद है कि उन्हें विगत कई वर्ष से लगातार परिवार सहित योगदान देने का अवसर प्राप्त हो सका। डा. हिमांशु पांडे भी विगत तीस वर्षों से लगातार रामलीला मंचन सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं।



रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन

# हाईकोर्ट में पेश हुए किच्छा एसडीएम

## सिरौलीकलां में पालिका चुनाव न कराने का मामला एकलीपीठ के पास भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने किच्छा ऊधमसिंह नगर के सिरौलीकलां में अभी तक पालिका का चुनाव का कार्यक्रम न घोषित किए जाने जाने को लेकर दायर जनहित याचिका सहित कई अन्य याचिकाओं पर वीरवार को एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेन्द्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में वीरवार को उपजिलाधिकारी किच्छा व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। उनके द्वारा पूरा रिकार्ड कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। उनके द्वारा कोर्ट में कहा गया कि इससे संबंधित मामले एकलपीठ में विचाराधीन हैं, इसलिए इन मामलों को भी वही सुना जाए, जिस पर कोर्ट ने इन मामलों की सुनवाई हेतु संबंधित कोर्ट को भेज दिया जबकि याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि एकलपीठ ने इस मामले में पहले से ही रोक लगा रखी है। मामले के अनुसार किच्छा ऊधम सिंह नगर के सिरोलीकलां ग्राम निवासी मोहम्मद यासीन सहित अन्य ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि किच्छा नगर पालिका के विस्तारीकरण वर्ष 2018 में हुआ था जिसमें सिरौली कला, बंडिया, देवरिया व आजादनगर को बाद में शामिल किया गया था। वर्ष 2018 में ही नगर पालिका के चुनाव हुए जिसमे सिरौलीकलां क्षेत्र में तीन वार्ड 18 व 19 व 20 व कुछ क्षेत्र वार्ड नं 17 को भी शामिल किया गया, फिर हटा दिया गया। बाद में कोर्ट के आदेश पर फिर शामिल कर दिया गया और वे सिरौलीकलां नगर पालिका किच्छा में विगत 6 वर्षों से शामिल है तथा नगर पालिका द्वारा इस क्षेत्र में अभी तक लगभग 5 करोड़ के विकास कार्य किये जा चुके हैं जबकि अब वर्तमान में सिरौलीकलां को किच्छा नगर पालिका से पृथक किया जा रहा है जिसका सिरौलीकलां क्षेत्रवासी विरोध करते हैं। वह चाहते हैं कि सिरौलीकला को नगर पालिका में ही रखा जाए और उनके यहां भी अन्य नगर पालिकाओं का कार्यकाल समाप्त होने के बाद तुरंत चुनाव कराए जाए जबकि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी प्रशासक पालिका कार्य भार सभालें हुए हैं जिसकी वजह से उनके कई जरूरी कार्य नहीं हो पा रहे हैं। उसके लिए उन्हें ढूंढने के लिए दर दर भटकना पड़ता है, इसलिए पालिका का चुनाव जल्द कराएं जाए।



### सेवानिवृत्त व सेवानिवृत्त होने वाले गुरुजनों के मामले पर हाईकोर्ट गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के द्वारा प्रदेश के सेवानिवृत शिक्षकों व सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों से उनकी सेवाकाल में दिए गए समस्त लाभों को वसूलने के मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज तिवारी की एकलपीठ में हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि पहले कार्य करने का प्रोलोभन देकर शिक्षकों को ये लाभ दिये गए अब वे सेवाकाल में न होने के कारण अब कयों उनसे ये लाभ वसूला जा रहा है? इस पर वित्त सचिव आगामी 9 अक्टूबर वीरवार को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होकर इस पर स्पष्टीकरण देकर कोर्ट का मार्गदर्शन करें। मामले के अनुसार चंपावत जिले के सेवानिलवृत शिक्षकों व सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों की तरफ से उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा कि वे 1990 में शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे। वर्ष 2002 में नियमित हो गए थे वर्ष 2024 में अपनी संतोषजनक सेवा करने के बाद सेवानिवृत भी हो गए और कुछ शिक्षक सेवानिवृत होने वाले है। अब जिला शिक्षा अधिकारी ने एक नोटिफिकेशन जारी कर यह आदेश पारित कर दिया गया है कि उनकी सेवा काल में जो उन्हें राज्य सरकार ने लाभ दिये गए थे। उनकी उनसे वसूली की जाए। अब उन्हें तेरह तेरह लाभ के वसूली के नोटिस जारी कर दिये हैं, यही नहीं एक शिक्षक को 29 लाख की रिकवरी का नोटिस दे दिया गया है। इस पर रोक लगाई जाय, जिस पर कोर्ट ने कहा कि पहले आपने ये कयों दिया अब क्यों उनसे अब वसूला जा रहा है। इससे कार्य करने वाले कर्मचारी का मनोबल टूटेगा। इस पर सचिव वित्त कोर्ट का मार्गदर्शन करें और अपना पक्ष रखे।

### आपदा राहत के लिए हाईकोर्ट ने लौटाया 1.5 करोड़ का बजट, देंगे एक दिन का वेतन

**नैनीताल।** उत्तराखंड में हालिया प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए हाईकोर्ट ने राज्य स्थापना दिवस समारोह का 1.5 करोड़ रुपये का बजट शासन को लौटाने और एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दान देने का निर्णय लिया है। हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, न्यायालय ने अपनी स्थापना की रजत जयंती समारोह को भी स्थगित कर दिया है। इसके अलावा, न्यायाधीश और रजिस्ट्री में तैनात अधिकारी एक दिन का वेतन राहत कोष में देंगे। न्यायपालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी स्वैच्छिक योगदान देने पर विचार करें, ऐसा आह्वान किया गया है।

### सनवाल स्कूल में स्वास्थ्य शिविर

**नैनीताल।** नगर के सनवाल स्कूल में वीरवार को स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मेडिकल हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल के सहयोग से आयोजित हुआ जिसमें विशेषज्ञ डा.पल्लवी राय, डा.मोहन भट्ट व नम्रता ने विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। स्कूल की प्रिंसिपल मिसेज ए ईमेनुअल के सहयोग और प्रोत्साहन से यह शिविर सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

### ऑल सेंट्स कॉलेज में छऊ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

**नैनीताल।** ऑल सेंट्स कॉलेज में वीरवार को स्पीकमैके सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन कलासिकल म्यूजिक अमंगस्ट यूथ के तत्वावधान में छऊ नृत्य की भव्य और मनमोहक प्रस्तुति आयोजित की गई। रंग-बिरंगे परिधानों और आकर्षक मुखौटों से सजे कलाकारों ने अपने सधे हुए फुर्तीले और ऊर्जावान नृत्य हाव भाव से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### देव एंटरप्राइजेज के नाम रहा दुर्गा महोत्सव का टैंडर

**नैनीताल।** रविवार से आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मां दुर्गा महोत्सव में लगने वाली दुकानों और झूलों के लिए नगरपालिका में वीरवार को निविदा खोली गई। 26 लाख 11 हजार में महोत्सव का टेंडर देव इंटरप्राइजेज के नाम रहा। दुर्गा महोत्सव की निविदा मंगलवार को खोली जानी थी जिसके लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किए गए थे लेकिन तकनीकी दिक्कतों के चलते मंगलवार को निविदा नहीं खोली जा सकी। जिसके बाद ऑफलाइन माध्यम से आवेदन किए गए और वीरवार को निविदा खोली गई। टेंडर के लिए तीन लोगों ने आवेदन किए थे जिसमें ठाकुर जी इंटरप्राइजेज, केयरटेक नैनीताल और देव एंटरप्राइजेज काशीपुर ने आवेदन किया था। इसके लिए बेसिक अमाउंट 25 लाख 86 हजार रखा गया था। इस प्रकार 26 लाख 11 हजार में महोत्सव का टेंडर देव इंटरप्राइजेज के नाम रहा। इस दौरान पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा, सीटीओ कमलेश भंडारी, सिंचाई विभाग के एई ललित मोहन कश्यप मौजूद रहे।

### डीएम वंदना ने किया कैंची परियोजनाओं का निरीक्षण

**नैनीताल।** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने गुरुवार को कैंची धाम क्षेत्र में मानसखंड परियोजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों और बायपास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। भवाली बायपास की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने अधीक्षण अभियंता को ठेकेदार पर पेनल्टी लगाने और 15 अक्टूबर तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कैंची धाम बायपास की 6 किमी सड़क कटिंग पूरी हो चुकी है, शेष 4 किमी एक माह में पूरी होगी। डीएम ने निर्देश दिए कि जब तक पुल निर्माण नहीं होता, पुरानी लिंक रोड से रातीघाट को जोड़ा जाए। ताकि आपातकालीन वाहनों को राहत मिले। रातीघाट हेलीपैड का निरीक्षण कर डीएम ने ग्रामीणों से संवाद किया और भू कटाव रोकने के लिए सुरक्षा दीवार सहित क्षतिग्रस्त पेयजल व संपर्क मार्गों के पुनर्निर्माण के निर्देश दिए। कैंची धाम में निर्माणाधीन पार्किंग, पैदल पुल, पाथवे, ध्यान केंद्र, शौचालय और हेल्थ सेंटर का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

E-Mail ID-ujs didihate@radimail com
दूरभाष एंव फैक्स - 05964-297584

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, डीडीहाट**

पत्रांक: 1076/ निविदा 177
दिनांक: 25/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्वारा उत्तराखण्ड जल संस्थान, डीडीहाट (पिथौरागढ़) अन्तर्गत डिपोजिट वर्क अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदा 08.10.2025 को अपरान्ह 04.30 बजे तक पंजीकृत निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा प्राप्त निविदायें दिनांक 09.10.2025 को अपरान्हे 03.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 04.10.2025 की सायं 04.00 बजे तक बिक्री किये जायंगे।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | धरोहर धनराशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धारचूला | कालापानी में स्थित SSB चौकी हेतु पेयजल लाइन निर्माण कार्य | 11800.00 | 18000.00 | डी एंव उच्चतर | 08 माह |
| 2 | धारचूला | छियालेख में स्थित SSB चौकी हेतु पेयजल लाइन निर्माण कार्य | 11800.00 | 17000.00 | डी एंव उच्चतर | 08 माह |
| 3 | धारचूला | ऐलागाड़ में स्थित SSB चौकी हेतु पेयजल लाइन निर्माण कार्य | 1180.00 | 18200.00 | डी एंव उच्चतर | 08 माह |
| 4 | धारचूला | लमारी में स्थित SSB चौकी हेतु पेयजल लाइन निर्माण कार्य | 1180.00 | 10200.00 | डी एंव उच्चतर | 08 माह |
| 5 | धारचूला | बूंदी में स्थित SSB चौकी हेतु पेयजल लाइन निर्माण कार्य | 1770.00 | 20700.00 | डी एंव उच्चतर | 08 माह |
| 6 | धारचूला | गोठी में स्थित SSB चौकी हेतु पेयजल लाइन निर्माण कार्य | 1180.00 | 17500.00 | डी एंव उच्चतर | 08 माह |
| 7 | धारचूला | दोबाट में स्थित SSB चौकी हेतु पेयजल लाइन निर्माण कार्य | 1180.00 | 10400.00 | डी एंव उच्चतर | 08 माह |
| 8 | धारचूला | गर्वाधार में स्थित SSB चौकी हेतु पेयजल लाइन निर्माण कार्य | 1180.00 | 16000.00 | डी एंव उच्चतर | 08 माह |

**नियम शर्ते :-**
1. प्रत्येक निविदा के साथ 100.00 रू0 का नानज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर 1.00 रू0 का रसीदी टिकट लगाकर दरों की वैधता न्यूनतम 90 दिन रहने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा ब्रिकी की अंतिम तिथि / प्राप्ति की तिथि को अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी।
3. निविदा की साथ धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक / पोस्ट आफिस में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक एफ.डी.आर./सी.डी.आर./ बैंक गारन्टी / एन.एस.सी. के रूप में संलग्न करनी होगी। धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा जिसे निविदा क्रय करते समय शाखा कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा क्रय करने हेतु ठेकेदार को स्वयं शाखा कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है, प्रतिनिधि को निविदा निर्गत किया जाना सम्भव नहीं होगा।
5. साईड के अनुसार कार्य की मात्र घटायी और बढ़ाई जा सकता है।
6. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी।

(संदीप चतुर्वेदी)
अधिशासी अभियन्ता

# लंबित राजस्व वादों का शीघ्र निस्तारण करें: डीएम

■ मतदेय स्थलों के मिलान और आधार केंद्रों की व्यवस्था की हुई समीक्षा
सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निरीक्षण के सख्त निर्देश दिए



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में बुधवार को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने छह महीने से अधिक समय से लंबित राजस्व वादों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी ने आगामी चुनावों की तैयारियों के तहत मतदेय स्थलों के मिलान की तहसीलवार स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। इस पर जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित मतदेय स्थलों की सटीक जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराएं।

बैठक में जिला स्तरीय आधार समिति की प्रगति पर भी चर्चा हुई। इसमें अधिकारियों ने आधार कैंपों के आयोजन, आधार कार्ड सैचुरेशन, केंद्रों के नियमित निरीक्षण और पोर्टल पर लंबित कार्यों की स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम और तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों के आधार केंद्रों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी अतिरिक्त दस्तावेज न मांगे जाएं और न ही शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक वसूला जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार, एसडीएम धनोल्टी मंजू राजपूत, एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष घिड़ियाल, एसडीएम टिहरी संदीप, सभी तहसीलदार, पटवारी और राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी भौतिक और वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# ऋतु खण्डूडी भूषण ने शहीदों की स्मृतियों को संजोने के अभियान की शुरुआत की

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने गुरुवार को कोटद्वार झंडाचौक से शहीद सम्मान यात्रा 2.0 को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस यात्रा का पावन उद्देश्य उत्तराखंड में निर्माणाधीन सैन्य धाम के लिए प्रत्येक शहीद के घर से मिट्टी एकत्र करना है, ताकि यह धाम हमारे अमर वीर सपूतों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान का जीवंत प्रतीक बन सके। ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि वीरता, शौर्य और बलिदान की परंपरा हमारी राष्ट्रीय चेतना का अभिन्न हिस्सा है। यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम अमर बलिदानियों की स्मृतियों को संजोएँ और आने वाली पीढ़ियों तक उनके आदर्शों को



पहुँचाएँ । कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष कोटद्वार शिवपुर निवासी वीर शहीद गौतम कुमार, 48 आर.आर. के घर पहुँचीं, जिन्होंने 25 दिसंबर 2023 को जम्मूदृकश्मीर के पुंछ में मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने शहीद की माता जी से घर के आँगन की मिट्टी एकत्रित की और श्रद्धासुमन अर्पित किए। ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि हम सबको गर्व है कि हमारे जवान देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हैं। जब हमारे सैनिक सीमाओं पर डटे रहते हैं तभी हम सब अपने घरों में सुरक्षित और चौन से रह पाते हैं। उन्होंने वीर शहीद गौतम कुमार को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को स्मरण किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण बोर्ड से कर्नल वीरेंद्र भट्ट, कैप्टन गजेंद्र मोहन धस्माना, राकेश देवरानी, कुबेर जलाल, गोपाल दत्त जखमोला, राजेंद्र बिष्ट, संजू द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## टिहरी में औषधि भंडारण डिपो का औचक निरीक्षण

**नई टिहरी।** खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड के साथ जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशन में मिलावटी और स्पूर दवाइयों की रोकथाम हेतु औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया।
इस क्रम में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक सी.पी. नेगी और औषधि निरीक्षक ऋषभ धामा ने केंद्रीय औषधि भंडारण डिपो (सीएमएसडी), न्यू टिहरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिपो में रखी गई दवाओं में से छह औषधियों के नमूने लिए गए, जिन्हें आगे जांच के लिए राजकीय औषधि विश्लेषणशाला, देहरादून भेजा गया है।

# स्टोन क्रेशर की लापरवाही के कारण युवक की मौत

ग्वालदम कर्णप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक और खनन लदे पिकअप की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत के बाद ग्रामीणों ने अभ्युदय स्टोन क्रेशर के सामने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्वालदम कर्णप्रयाग** राष्ट्रीय राजमार्ग पर अभ्युदय स्टोन क्रेशर के समीप सड़क दुर्घटना में दो अलग अलग बाइक सवार खनन सामग्री लदे पिकअप से भिड़ंत के बाद घायल हो गए इनमें से एक बाइक सवार की गंभीर हालत को देखते हुए श्रीनगर रेफर किया गया ।

जहां युवक राहुल रावत ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया ,युवक की मौत से गुस्साए चौण्डा गांव के ग्रामीणों ने मृतक राहुल के शव के साथ बुधवार देर शाम अभ्युदय स्टोन क्रेशर के सामने अपना विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया ,गुस्साए ग्रामीणों ने दुर्घटना के 24 घण्टे बाद भी पिकअप को सीज न किये जाने पर रोष जताया

वहीं अभ्युदय स्टोन क्रेशर पर लाप. रवाही बरतने का आरोप लगाया ,ग्रामीणों ने बताया कि अभ्युदय स्टोन क्रेशर राष्ट्रीय राजमार्ग से सटा हुआ है देर शाम भी स्टोन क्रेशर के अंदर से जब खनन सामग्री लदा पिकअप बाहर आया तभी पिकअप से दोनो बाइक सवारों की भिड़ंत हुई इस दुर्घटना में 28 वर्षीय नौजवान राहुल की दर्दनाक मौत हो गई जबकि अब तक न तो पिकअप पकड़ा गया है।

न ही स्टोन क्रेशर संचालक पर कोई कार्यवाही हुई है ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्टोन क्रेशर संचालक द्वारा उस स्थान पर सुरक्षा की दृष्टि से एक कर्मी तैनात करना चाहिए था ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके लेकिन स्टोन क्रेशर राष्ट्रीय राजमार्ग से सटा होने के कारण खनन सामग्री लदे भारी भरकम वाहन जब क्रेशर के निकासी गेट से बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आते हैं ।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे यातयात को भी प्रभावित करते हैं साथ ही निकासी गेट पर किसी भी सुरक्षाकर्मी की तैनाती न किये जाने से खनन लदे वाहनो से दुर्घटना का अंद. ेशा बना रहता है ग्रामीणों ने इस पूरे मामले में स्टोन क्रेशर संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष थराली पंकज कुमार ने ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें समझाते हुए कहा कि पीड़ित पक्ष के परिजनों की ओर से दुर्घटना के एक दिन बाद भी किसी तरह की तहरीर थाना थराली में नही आई है मृतक के परिजनों की ओर से जैसे ही तहरीर मिलती है उस तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी

ग्रामीणों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपरी हिस्से में भी भारी मात्रा में खनन सामग्री पड़ी हुई है ,बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े रहते हैं जिससे जिससे इस जगह पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात प्रभावित हो रहा है वहीं स्टोन क्रेशर से खनन सामग्री लदे वाहन जब बाहर निकलते हैं तो यहां पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए क्रेशर संचालक की ओर से कोई भी आदमी न रखे जाने से यातयात प्रभावित होता है और आये दिन दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है ग्रामीणों ने अपना विरोध जताते हुए कार्यवाही की मांग की है

विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक प्रमुख थराली प्रवीण पुरोहित, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष थराली विनोद रावत, ज्येष्ठ प्रमुख नवनीत रावत,क्षेत्र पंचायत सदस्य मनमोहन रावत,क्षेत्र पंचायत सदस्य कुंवर रौथाण ,ग्राम प्रधान चौण्डा प्रद्युम्न रावत,व्यापार संघ अध्यक्ष संदीप रावत समेत चौण्डा गांव के ग्रामीण शामिल रहे

**एक नजर .......**

## धान फसल पर क्रॉप कटिंग, उत्पादन का किया गया अवलोकन



**नई टिहरी।** मुख्य विकास अधिकारी वरूणा अग्रवाल की उपस्थिति में तहसील गजा के पटवारी क्षेत्र क्वीली अंतर्गत राजस्व ग्राम पयालगांव में धान फसल पर क्रॉप कटिंग की कार्यवाही की गई। क्रॉप कटिंग के दौरान अधिकारियों ने खेतों का निरीक्षण कर धान उत्पादन का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस मौके पर बीमा कंपनी के प्रतिनिधि ने किसानों को फसल बीमा की प्रक्रिया, इसके लाभ और उससे जुड़ी शर्तों की जानकारी दी, ताकि प्राकृतिक आपदा या अन्य कारणों से होने वाले नुकसान की स्थिति में उन्हें उचित मुआवजा प्राप्त हो सके।

## भोला ज्वैलर्स के मालिक अनिल कुमार भोला हुए सम्मानित

**कोटद्वार ।** भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून की ओर से बुधवार को विश्व मानक महोत्सव 2025 के अवसर पर हिमाचल के पावंटा साहिब स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कोटद्वार के झंडाचौक स्थित भोला ज्वैलर्स के मालिक अनिल कुमार भोला को बीआइएस एचयूआइडी गुणवत्ता वाले बीआइएस हालमार्क सोना बेचने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक सौरभ तिवारी व स्थानीय नगर पालिका अध्यक्ष निर्मल कौर द्वारा प्रदान किया गया। गुरूवार को यह जानकारी देते हुए रोटरी क्लब प्रवक्ता गोपाल बंसल ने बताया कि उनको यह सम्मान मिलने पर कोटद्वार ज्वैलर्स एसोसिएशन व रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर मरीजों को बांटे फल

**नई टिहरी।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर विकासखंड प्रतापनगर के बेरोजगार डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऐलोपैथिक संघ के प्रशिक्षित युवाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंड में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस मौके पर बेरोजगार डिप्लोमा फार्मासिस्ट संघ प्रतापनगर के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश नौटियाल ने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगार फार्मासिस्टों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार से प्रदेश में रिक्त चल रहे फार्मासिस्ट पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की।

## नगर निगम कोटद्वार ने स्वच्छता अभियान का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** नगर निगम कोटद्वार द्वारा अंगीकार 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को एक भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम ने शहरवा. सियों के बीच स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।
अंगीकार 2025 का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और सतत विकास की दिशा में ठोस पहल करना है। इसी क्रम में आयोजित इस अभियान के माध्यम से स्वच्छ कोटद्वार, स्वस्थ कोटद्वार के सपने को साकार करने का प्रयास किया गया। अभियान के दौरान महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत, स्कूली बच्चे, पार्षदगण, आम नागरिक, तथा नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारीगण सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर शहर को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया। मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि स्वच्छता केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर नगर निगम द्वारा नागरिकों को स्वच्छता अपनाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और कचरे का पृथक्करण करने का भी आह्वान किया गया। अंगीकार 2025 के इस अभियान ने न केवल नगर निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाया, बल्कि शहरवासियों को भी यह संदेश दिया कि स्वच्छता एक साझा जिम्मेदारी है और इसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है।

# एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री धन सिंह का पुतला फूंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोपेश्वर।** एनएसयूआई गोपेश्वर इकाई की ओर से उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने उनके पुतले की प्रतीकात्मक शव यात्रा कॉलेज गेट से लेकर बस स्टेशन तक निकाली।



प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि छात्र संघ चुनाव की अधिसूचना जारी होने से ठीक पहले विश्वविद्यालय प्रशासन ने जानबूझकर एनएसयूआई के छात्र नेता किशन बर्तवाल को फेल कर दिया। उनका कहना है कि यह सब दबाव में आकर किया गया है, ताकि किशन बर्तवाल को चुनाव लड़ने से रोका जा सके।
छात्र-छात्राओं ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कहा कि सरकार छात्र राजनीति को दबाने का प्रयास कर रही है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी मनमानी बंद नहीं की, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य के साथ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का विवाद भी हो चुका था, जिसके परिणामस्वरूप कॉलेज प्रशासन ने फिलहाल चुनाव स्थगित कर दिए हैं।
एनएसयूआई गोपेश्वर ने मांग की है कि किशन बर्तवाल के परिणाम की पुनः जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाए, सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र राजनीति में अनावश्यक हस्तक्षेप बंद करे।
एनएसयूआई ने स्पष्ट किया है कि जब तक छात्रों के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर सूर्य पुरोहित मुकुल बिष्ट नितिन नेगी रोहन दीपक अतुल हिमांशु आदि मौजूद थे।

# प्रशासन ने ट्रायल के लिए गंगोत्री धाम भेजी बस

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी :** धराली -हर्षिल तबाही के 52 दिनों के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर ट्रायल के लिए श्रद्धालुओं से भरी टीजीएमओ बस को गंगोत्री धाम भेजा है, बस सकुशल पहुंच गई है। इधर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रतनाकार ने बताया कि गुरूवार को आपदा के बाद पहली बार बड़ी बस को ट्रायल के लिए गंगोत्री धाम भेजी है जो सकुशल पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया है कि कुछ स्थानों पर हाईवे का सपेच बहुत कम है वाहनों को पास देने के समय ध्यान देनी जरूरत है। उन्होंने बताया कि जल्द जिला प्रशासन एवं बस यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों की बैठक



होगी जिसमें बड़ी बसों के भेजने पर विचार किया जायेगा।
बता दें कि पांच अगस्त को धराली हर्षिल में आई बाढ़ से आने से धराली,, हर्षिल, सोनगाड, डबरानी, लिमच्यागाड सहित अनेक स्थानों पर भारी क्षति हुई थी। बीआरओ और स्थानीय प्रशासन के दिन -रात की जहोजद के बाद 34 दिनों बाद गंगोत्री तक हल्के वाहनों के लिए ही हाईवे खुली थी। इधर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र मटुडा एवं गंगोत्री के रावल राजेश सेमवाल का कहना है कि प्रशासन को अब यात्री बसों को गंगोत्री जाने दिया जाए । उन्होंने कहा कि छोटी गाड़ियों से यात्रियों को वित्तीय भार आर्थिक नुकसान उठाना पड़घ रहा है। उन्होंने कहा कि अब बारिश भी रूक चुकी है और ऐसे में कोई समय सीमा भी नहीं होनी चाहिए। बता दें कि अभी तक 1 बजे के बाद वाहन गंगोत्री नहीं भेजें जा रहे है। उन्होंने कहा कि पुलिस से निवेदन है हीना बैरियर से सभी वाहनों को गंगोत्री जाने दीजिए, कोई रोक टोक न हो। जिस किसी यात्री को जहाँ भी रुकना है वो रुके । उन्होंने कहा कि पुलिस को ट्रैफिक जाम के लिए ज्यादा पुलिस व्यवस्था लगानी चाहिए। आपदा के बाद से सुने पड़े धाम में रौनक लौट आयी। यात्री भी आपदा के बाद धाम पहुंचने को लेकर उत्साहित दिखे रहें हैं। शरादीय नवरात्र में श्रद्धालुओं मां गंगा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे है। साथ ही गंगा की जलधारा में स्नान व आचमन किया।

## पंडित उपाध्याय का जीवन आत्मसात करें छात्र

**रुद्रप्रयाग।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में नेहरू युवा केन्द्र की ओर से चिल्ड्रन एकेडमी अगस्त्यमुनि में विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरेन्द्र बमोला ने किया। प्रधानाचार्य श्रीमति शर्मिला साहनी ने युवाओं को संबोधित करते हुये ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करने के लिये प्रोत्साहित किया।

# डीएम ने दिए प्लास्टिक व डस्टबिन मुक्त टिहरी बनाने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में बुधवार देर सांय अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने की। उन्होंने जनपद को प्लास्टिक फ्री और डस्टबिन फ्री बनाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। लंबे समय से जमा पुराने कचरे के निपटान के लिए जिलाधिकारी ने डीएफओ को उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के लिए कहा और सभी संबंधित विभागों को कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की मांग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
उन्होंने ईओ टिहरी और ईओ चंबा को पुराने कचरे के निस्तारण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार 31 अक्तूबर तक सभी आंतरिक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए नगर निकायों को आवश्यक फंड की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने प्रोसेसिंग प्लांट, एसएलएफ और प्रतिदिन की प्रोसे. सिंग क्षमता पर भी विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में नगर निकायों द्वारा संसाधनों की कमी से जुड़े प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंबा शोभनी धनोला, नगर पालिका अध्यक्ष टिहरी मोहन सिंह रावत, नगर पालिका अध्यक्ष घनसाली आनंद बिष्ट, टीएचडीसी से विजय सहगल, डीएफओ पुनीत तोमर, मो. असलम, कृषि अधिकारी देवराड़ी, डीपीआरओ एम.एम. खान समेत सभी संबंधित अधिकारी भौतिक और वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# जिपं सदस्य उत्तम सिंह के शपथ ग्रहण का रास्ता हुआ साफ

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** कीर्तिनगर ब्लॉक के जिला पंचायत वार्ड चिलेडी के सदस्य उत्तम सिंह असवाल की शपथ का रास्ता साफ हो गया है। जिला न्यायाधीश अमित कुमार सिरोही की अदालत ने दो जगहों की मतदाता सूची में नाम होने के मामले में उत्तम सिंह के शपथ ग्रहण पर लगा स्थगन आदेश हटा दिया है। कोर्ट ने याचिका दायर करने वाले कमलेश सिंह की अस्थाई निषेधाज्ञा को खारिज कर दिया है। यह फैसला जौनपुर के बिच्छू वार्ड से बीडीसी सदस्य कल्पना देवी के मामले में भी दिए गए पूर्व के फैसले के अनुरूप है।
यह मामला तब शुरू हुआ जब पंचायत चुनाव 2025 में इसी वार्ड में दूसरे नंबर पर रहे कमलेश सिंह ने कोर्ट में एक याचिका दायर कर उत्तम सिंह असवाल के शपथ ग्रहण को रोकने की मांग की। उन्होंने अपनी याचिका में दलील दी कि उत्तम सिंह असवाल का नाम उनके गांव मालगढ़ी की मतदाता सूची के साथ-साथ नगर पालिका ढालवाला-मुनिकीरेती के वार्ड नंबर 11 की मतदाता सूची क्रमांक 3187 में भी है। इस पर कोर्ट ने 28 अगस्त को उनके शपथ ग्रहण पर स्थगन आदेश लगा दिया था।
उत्तम सिंह असवाल के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में यह दलील दी कि जिस निकाय के क्रमांक का जिक्र किया गया है, उसका कोई फोटो पहचान पत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है कि किसी षड्यंत्र के तहत उनका नाम इस सूची में शामिल कराया गया होगा। अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि उत्तम सिंह का जन्म, शिक्षा-दीक्षा मालगढ़ी गांव में हुई है और इसी गांव की मतदाता सूची का उनका फोटो पहचान पत्र भी है। शपथ न लेने के कारण वह जनता के मुद्दों को सही मंच पर नहीं उठा पा रहे हैं।

## आईटीआई नई टिहरी में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी

**नई टिहरी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नई टिहरी की प्रधानाचार्य पल्लवी ने जानकारी दी कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हीरा सिंह चौहान राजकीय आईटीआई, नई टिहरी (एनसीवीटी) में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अब 30 सितंबर तक 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर संस्थान स्तर पर प्रवेश ले सकते हैं।प्रधानाचार्य ने बताया कि आईटीआई नई टिहरी में फिटर और इलेक्ट्रीशियन व्यवसायों में डीएसटी (दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली) के अंतर्गत प्रशिक्षण का अवसर दिया जा रहा है।

# दानगर के आपदा प्रभावित क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान पूरा

■ प्रशासन की तत्परता से सभी लापता लोगों की खोज हुई पूरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** तहसील नंदानगर घाट क्षेत्र में आपदा से प्रभावित गांवों में प्रशासन और रेस्क्यू टीम द्वारा लगातार चलाया गया रेस्क्यू अभियान अब पूरा हो गया है। गुरुवार को गुमान सिंह पुत्र चन्द्र सिंह (उम्र 75) का शव बरामद कर लिया गया हैं। इससे पूर्व मंगलवार को धुर्मा गांव से ही लापता ममता देवी पत्नी विक्रम सिंह (उम्र 38) का शव भी बरामद किया गया था।
नंदानगर घाट में 17 सितम्बर की



रात आई आपदा में कुंतरी लगाफली,कुंतरी सरपाणी, और धुर्मा के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों से कुल 10 लापता लोगों में से 1 व्यक्ति को सकुशल बचा लिया गया था, जबकि कुंतरी लगाफली, सरपाणी से शेष 7 के शव रेस्क्यू टीम द्वारा पूर्व में ही खोज कर उनके परिजनों को सौंप दिए गए थे, हलांकि धुर्मा में बचें 2 लापता लोगों में एक (ममता देवी के शव) को बीते मंगलवार को रेस्क्यू टीम द्वारा खोज लिया गया था जबकि आज गुरूवार को अंतिम लापता व्यक्ति गुमान सिंह के शव को रेस्क्यू टीम ने काफी मसक्कत के बाद खोजने में सफलता प्राप्त की। इस प्रकार रेस्क्यू टीम द्वारा सभी लापता लोगों की खोज पूरी कर ली गई है।
प्रशासन,एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, एवं ग्रामीणों के सहयोग से लगातार चलाए गए इस अभियान में सभी संभव प्रयास किए गए और प्रशासन ने प्रभावित परिवारों तक राहत एवं आवश्यक सहयोग पहुँचाने के लिए पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य किया, राहत कार्य अभी भी जारी हैं।
15एनडीआरएफ बटालियन की टीम 15/ज्ञ जिसका नेतृत्व निरीक्षक जीडी राजवर्धन सिंह और अन्य 32 रेस्क्यूअर तथा 2 डॉग स्काउट के साथ आज लगातार सातवें दिन मोख नदी किनारे सर्च अभियान कर अंतिम लापता व्यक्ति गुमान सिंह के शव को खोज निकलने में सफलता प्राप्त की

# कलियर नपं ने चलाया सफाई अभियान

## चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम, सभासदों व कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीरान कलियर।** नगर पंचायत पिरान कलियर की ओर से एक दिन, एक घंटा, एक साथ विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान सफाई के प्रति सपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान, एसओ रविंद्र सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद सहित अन्य सभासदों सभी ने सफाई के प्रति सपथ ली।और झाड़ू लगाकर साफ-सफाई के महत्व को समझाते हुए लोगों को भी इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अधिशासी अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि इसे हम सभी को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज और खुशहाल जीवन संभव है।एसओ रविंद्र सिंह ने लोगों से अपील की कि गंदगी फैलाना बंद करें और आसपास सफाई बनाए रखने में सहयोग करें।अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद और सभासदों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि छोटी-छोटी आदतें जैसे कूड़ा निधारित स्थान पर डालना, प्लास्टिक का कम प्रयोग करना और नालियों को अवरुद्ध न करना ही स्वच्छ नगर की पहचान बना सकती हैं।इस दौरान गंदगी से फैलने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया और बताया कि साफ-सफाई रखने से डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव संभव है।हर व्यक्ति स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझे और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में योगदान दे।इस मौके पर सभासद अमजद अली, नाजिम त्यागी, राशिद अली, डॉ. शहजाद ,जावेद साबरी,दिलबाग,गुलफाम साबरी,राशिद साबरी,अहसान कुरैशी, गौरव पाल, सूरज सिंह धामी,रजिया समेत समस्त नगर पंचायत स्टाफ मौजूद रहा।



## प्राथमिक जानकारी से भयंकर से भंयकर बीमारियों से बचा जा सकता है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बा लण्ढोरा के राजकीय बालिका हाई स्कूल में गर्वाशय ग्रीवा कैंसर से कैसे बचा जा सकता है रोटरी क्लब रुड़की द्वारा स्कूल की अध्यापिकाओं एवं छात्राओं को जानकारी देते हुए रोटरी क्लब रुड़की की अध्यक्षा ने कहा कि किसी भी प्रकार के रोगों से बचने के लिए उसकी प्रारम्भिक जानकारी होनी जरुरी है जिसके लिए रोटरी में रोटरी क्लब द्वारा जनहित में जानकारी देते हुए बृहद टीकाकरण हेतु बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रेरित किया जा रहा है जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रह सके और सभी अपना जीवन रोग रहित होकर प्रसन्नता से व्यतीत कर सकें। बालिका हाई स्कूल लण्ढौरा के 300 से अधिक छात्राओं और शिक्षिकाओं को टीकाकरण हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर वन्दना मोहन व ने कहा रोटरी क्लब इन्टर नैशनल ने जिस प्रकार से विश्व को पोलियों मुक्त का संकल्प लेकर पोलियों मुक्त विश्व की ओर अग्रसर है, ।इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती सपना रानी, अध्यापिकाएं समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# इमलीखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में धूमधाम से मनाया गया फार्मासिस्ट डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमलीखेड़ा ब्लॉक में ब्रस्पतिवार को विश्व फार्मासिस्ट डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पौधारोपण एवं मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमलीखेड़ा में विश्व फार्मासिस्ट डे एसीएमओ डॉक्टर रमेश कुमार चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राव अकरम ,नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी,डॉक्टर दिली रमन ,फार्मेसी अधिकारी ब्रिजेश कुमार सहित स्वास्थ्य कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया।और मरीजों को फल वितरित किए।एसीएमओ डॉक्टर रमेश कुमार डॉक्टर राव अकरम ने कहा कि अस्पतालों में फार्मेसिस्ट स्वास्थ्य की रीढ़ है।उनके बिना अस्पताल नही चल सकता है।फार्मासिस्ट ब्रिजेश कुमार हर साल विश्व फार्मेसिस्ट डे पर पौधरोपण और फल वितरित करते है।फार्मेसी अधिकारी ब्रिजेश कुमार ने बताया कि नेशनल फार्मासिस्ट डे का उद्देश्य समाज में फार्मासिस्ट की भूमिका और महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि बिना फार्मासिस्ट के चिकित्सा व्यवस्था अधूरी है क्योंकि दवाओं की उपलब्धता और उनके सुरक्षित उपयोग में फार्मासिस्ट अहम योगदान निभाते हैं।इस अवसर पर डॉक्टर दिली रमन, लैब टेक्नीशियन अरविंद कुमार,उर्वसी चौहान,अमन कुमार,नेहा चेहल, किरणनाथ, प्रदीप कुमार, विजय शर्मा आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।



## मंगलौर पुलिस ने दबोचा एक नशा तस्कर, ढाई सौ ग्राम चरस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/मंगलौर।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 को साकार करने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में कोतवाली मंगलौर पुलिस ने बीती रात बड़ी सफलता हासिल की। नारसन क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक युवक को दबोच लिया, जिसके कब्जे से 262.05 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिट्टू पुत्र रमेश निवासी ग्राम मोहम्मदपुर जट, थाना मंगलौर, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस ऑपरेशन में प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह की देखरेख में गठित टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम में दारोगा हेमदत्त भारद्वाज, एएसआई योगेंद्र सिंह, कांस्टेबल पंकज कुमार और होमगार्ड अवधेश शामिल रहे।

एसएसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का मकसद जनपद को नशा, सट्टा और जुआ जैसी कुरीतियों से मुक्त करना है। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे और नशे के कारोबार से जुड़े लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय से जारी आदेशिकाओ की तामिल करते हुए मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक वारंटी मोहम्मद अनीस मलिक पुत्र मोहम्मद अब्बास निवासी कुंडेश्वरी रोड जसपुर खुर्द नियर कोर्ट काशीपुर थाना आईटीआई जिला उधम सिंह नगर बताया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत हेड कांस्टेबल शूरवीर तोमर शामिल रहे।

### यूकेएसएसएसएससी पेपर लीक प्रकरण :

# लक्सर बसपा विधायक ने की सीबीआई जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हरिद्वार जिले में पेपर लीक का मामला दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे बेरोजगार छात्र लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों की इस आवाज को सरकार तक पहुंचाने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए, बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद ने मुख्यमंत्री से सीबीआई जांच कराने की मांग की है।



**एसआईटी नहीं सीबीआई ही कर सकती है इस प्रकरण में दूध का दूध पानी का पानी : शहजाद**

विधायक शहजाद ने कहा कि एसआईटी की जांच से कुछ नहीं होगा क्योंकि यह मामला बहुत बड़ा है, और अगर सीबीआई से जांच हो जाए तो इसमें शामिल बड़े नकाबपोश (बड़े चेहरे) बेनकाब होंगे और ष्दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट पर हर मामले में षहिंदू-मुसलमानष ढूंढने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पहले हुए पेपर लीक मामलों पर भी कोई बड़ी कार्रवाई नहीं कर पाई है। विधायक ने कुछ लोगों द्वारा परीक्षा को सही मानकर रिजल्ट घोषित करने की मांग करने वाले पत्रों का भी जिक्र किया, लेकिन अपनी मांग दोहराई कि परीक्षा को निरस्त किया जाए और सीबीआई जांच कराई जाए। शहजाद ने एक गंभीर आरोप लगाते हुए यह भी बताया कि लक्सर क्षेत्र के ब्लॉक प्रमुख के स्कूल से नाबालिग बच्चों को बसों में भरकर देहरादून ले जाया गया और उनसे ष्मुख्यमंत्री जिंदाबादष के नारे लगवाए गए। उन्होंने इस पेपर लीक को बेरोजगारों के साथ बहुत बड़ा धोखा बताया और चेतावनी दी कि अगर सरकार जल्द नहीं जागी और सीबीआई जांच नहीं कराई तो बेरोजगार युवा सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन कर सकते हैं।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत नगर निगम ने शहर में चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** स्वच्छता ही सेवा के तहत नगर निगम ने शहर में सफाई अभियान चलाया व लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई ।

इस अवसर पर श्रीमती अनीता देवी अग्रवाल ० महापौर, व श् राकेश चन्द्र तिवारी, नगर आयुक्त नगर निगम रूड़की के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा-2025 पर विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत एक दिन, एक घंटा, एक दिन, एक साथ स्वच्छता कार्यकम का आयोजन किया गया जिसमें नगर क्षेत्र जन प्रतिनिधिगण, नगर क्षेत्र के सभी कॉलेज/स्कूल, (के०एल०डी०ए०वी० इन्टर कॉलेज, जी०आई०सी इन्टर कॉलेज, मूलराज कन्या पाठशाला, मैथोडिस्ट गर्ल्स इन्टर कॉलेज, कन्या इन्टर कॉलेज रुड़की आदि) के बच्चे, शिक्षक, मा० पार्षदगण/ नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी, ब्राण्ड एम्बेसडर, आम जनमानुष के साथ मिलकर नगर निगम परिसर से चावमण्डी होते हुये नेहरू स्टेडियम तक एक भव्य रैली का आयोजन किया गया साथ ही समस्त प्रतिभागीयों द्वारा नेहरू स्टेटियम में एक घण्टा श्रमदान किया गया व व विशेष सफाई अभियान के साथ ही भारत वर्ष के नक्शे पर एक मानव श्रृंखला बनाई गई। जिसमें सर्व प्रथम महापौर व नगर आयुक्त द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता अभियान में निम्न गणमान्य/जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया 1-ललित मोहन अग्रवाल, सामाजिका कार्यकर्ता 2-शोभाराम प्रजापति, राज्य मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार, श्यामवीर सैनी, राज्य मंत्री, 3-पार्षदगण 4-अक्षय प्रताप, जिला महामंत्री भाजपा, 5-आदेश सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, 6-समस्त ब्राण्ड एम्बेस्डर, श्रीमती अमरजीत कौर, सहायक नगर आयुक्त, डा० विकान्त, सिरोही, समस्त सफाई निरीक्षक, एवं नगर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, व्यापार सभा, आदि जनमानस द्वारा रैली में प्रतिभाग किया गया।



# रक्तदान शिविर में छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** राजकीय महा विद्यालय मंगलौर में दिनांक 17 सितंबर 2025 को स्वैच्छिक रक्तदान महादान नमक भाव शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ एक सकारात्मक ऊर्जा के संचार से हुआ।

कैंप के प्रथम चरण मैं ही छात्र छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने अपने द्वारा बनाए गए चार्ट के माध्यम से सभी लोगों को रक्तदान के महत्व को जन.जन तक पहुंचा इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ साथ स्थानीय नागरिकों ने भी इस पुण्य कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया इस अवसर पर सरकारी संयुक्त बैंक रुड़की से रक्त को संग्रहित करने डॉक्टर भानु प्रताप शाक्य अपनी समस्त टीम के साथ एवं हिमालयन हॉस्पिटल जॉलीग्रांट से डॉक्टर प्रमुख पोडेलनिद्रा मिश्रा समस्त आवश्यक अप यंत्रों के साथ प्रात: काल 9रू00 बजे उपस्थित हो गए। महाविद्यालय के स्वयंसेवक संघ एवं रेडक्रॉस के छात्राओं आस मोहम्मद, उस्मान, सोहल, उदित, अर्जुन कुमार,आर्यन कुमार, मंतशा, सोनिया ने रक्तदान करके मानवता की एक बेजोड़ मिसाल कायम की इस अवसर पर महाविद्यालय के आचार्य डॉक्टर तीर्थ प्रकाश ने रक्तदान कर एक जीवन बचाने का संकल्प लिया। महाविद्यालय में प्रात: काल स्वैच्छिक रक्तदान करने हेतु शिविर की समाप्ति तक ताता लग रहा स्थानीय लोगों ने भी बढ़.चढ़ हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ प्रेमलता कुमारीए डॉक्टर तीर्थ प्रकाशए डॉ राम भरोसेए डॉ रचना वत्सए डॉ कालिका कालेए डॉ अनुराग डॉ दीपक शर्मा श्रीमती शर्मिष्ठा खड़ी उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय के पूर्व छात्र.छात्रा सनी कुमार राहुल अमित अजीत मयंक नेवीरक्तदान करके महाविद्यालय के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाया। I जुयाल, आरती एवं क्लब की कोषाध्यक्ष नीलम शर्मा, ममता सेनी आदि उपस्थित रहे।



## बच्ची से छेड़खानी करने वाला बुजुर्ग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा 5 साल की छोटी बच्ची से छेड़खानी करने वाले 65 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है राजीव रौथान कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 21 सितंबर 2025 को मुकुल पुत्र राजेश निवासी वार्ड नंबर 2 सिमली द्वारा अपनी 5 साल की छोटी लड़की के साथ गांव के ही राजकुमार द्वारा छेड़खानी करने के संबंध में सूचना दी गई सूचना पर कोतवाली लक्सर पर तत्काल संबंधित मुकदमा पंजीकृत किया गया और उच्च अधिकारीगणों को अवगत भी कराया गया एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना के सिघर अनावरण वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को निर्देशित किया उच्च अधिकारियों के आदेश पर 24 सितंबर 2025 को मुकदमा उपरोक्त मैं अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजकुमार पुत्र बनारसी उम्र 65 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 2 सीमली कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में महिला उप निरीक्षक प्रियंका नेगी उप निरीक्षक दीपक चौधरी शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड नं. 924495336231में त्रुटिवश उसका नाम आध्या सैनी (AADHYA SAINI) गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तवित नाम वर्णिका सैनी (VARNIKA SAINI) है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र सं. 87 में भी दर्ज है। इसलिए भविष्य में मेरी पुत्री को वर्णिका सैनी (VARNIKA SAINI) पुत्री विकाश सैनी के नाम से ही जाना पहचाना व पुकारा जाये। निवासी- बहालपुरी दरगाहपुर, रायसी हरिद्वार। उत्तराखण्ड।

# शिक्षकों के प्रमोशन में डीईओ प्रा.शि. पर गुपचुप ढंग से विद्यालय संशोधन करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** प्राथमिक शिक्षको के प्रमोशन में जिला शिक्षाधिकारी प्रा. शि.द्वारा गुपचुप ढंग से विद्यालय संसोधन करने का आरोप लगाते हुए विद्यालय संसोधन का प्रत्यावेदन देने वाले तमाम प्रकरणों का पुनर्विचार कर निस्तारण करने का पत्र उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के जिला महामंत्री जितेन्द्र कुमार चौधरी ने जिलाशिक्षाधिकारी को दिया हैं। विदित हो कि शिक्षकों की निर्गत पदोन्नति आदेश के क्रम में शिक्षकों के द्वारा प्राप्त प्रत्यावेदनों पर निस्तारण के बाद भी अकेले पत्र निर्गत कर संसोधन की भनक लगने से यह विरोध के स्वर मुखर हुए हैं। सहायक अध्यापक राजकीय प्राथमिक के पद से प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक सहायक अध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पद से सहायक अध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के पदों पर शिक्षकों की पदोन्नति आदेश निर्गत किये गये थे। पदोन्नति सूची के सम्बन्ध में जनपद हरिद्वार के विकास खण्डवार कुछ पदोन्नत शिक्षकों के विद्यालय में कार्यभार ग्रहण किये जाने हेतु समयवृद्धि एवं आबंटित विद्यालय संशोधन हेतु प्रत्यावेदन प्रस्तुत किये गये थे। जिला महामंत्री जितेन्द्र चौधरी ने लिखित पत्र में कहा कि संगठन के संज्ञान में आया है कि आपके कार्यालय के द्वारा गुपचुप तरीके से संशोधन किये जा रहे है जो कार्यालय की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगता है।

**न्यायालय तहसीलदार लक्सर**

वाद सं. 1046/2024-25, अंतर्गत धारा 34/35 राजस्व अधिनियम मौजा सीमली परगना मंगलौर तह. लक्सर श्रीमती सीमा देवी पत्नी नरेंद्र कुमार नि. ग्राम खडंजा कुतुबपुर परगना ज्वालापुर, लक्सर बनाम सत्यपाल सिंह पुत्र फूल सिंह नि. सीमली तह. लक्सर हरिद्वार।

**प्रेस विज्ञप्ति/नोटिस** उपरोक्त नामान्तरण वाद न्यायालय तहसीलदार लक्सर, हरिद्वार में विचाराधीन चला आता है। वाद निस्तारण हेतु वादी साक्ष्य हेतु दिनांक 30.09.2025 नियत की गयी है। अत: वाद उपरोक्त के नामांतरण पर किसी भी हितबद्ध व्यक्ति को कोई किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस प्रेस विज्ञप्ति/नोटिस के माध्यम से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वह नियत दिनांक 30.09.2025 ई. को प्रात: 11 बजे तक न्यायालय तहसीलदार लक्सर हरिद्वार में उपस्थित होकर अपना लिखित व मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। अन्यथा की दशा में वाद का एक पक्षीय रूप से निस्तारण कर दिया जायेगा।

पत्रांक 30/एम.जे.25 दि. 20.09.25

(प्रताप सिंह)
तहसीलदार लक्सर

## रास्ता भटके नाबालिक बच्चे को पुलिस ने किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा रहा भटके नाबालिक बच्चे को कड़ी मशक्कत के बाद बनभूल पूरा नैनीताल से बरामद किया है। राजीव रौथान कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 23 सितंबर 2025 को कोतवाली लक्सर पर 112 के माध्यम से कालर महेंद्र सिंह निवासी बॉडी टिप थाना कोतवाली लक्सर द्वारा अपने नाबालिक बच्चे गुरप्रीत उम्र 14 साल के गायब होने की सूचना दी गई सूचना पर लक्सर पुलिस द्वारा तत्काल नाबालिक की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई नाबालिक की तलाश में जुट गई नाबालिक के संबंध में बारीकी से जानकारी करने पर पता चला की नाबालिक अपने दोस्त से मिलने हल्द्वानी गया तो रास्ता भटककर नैनीताल के थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में पहुंच गया जहां से पुलिस को जानकारी मिलते ही पुलिस टीम को तत्काल हल्द्वानी बनभूलपुरा भेजा गया जहां से नाबालिक को शकुशल बरामद कर परिजनो के सुपुर्द कर दिया अपने नाबालिक पुत्र को पाकर परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद किया पुलिस टीम में कांस्टेबल वीरेंद्र बनोला विनय थपलियांल शामिल रहे

### स्वच्छता ही सेवा मुहिम के तहत रुड़की नगर में

# एनसीसी कैडेट ने जगह-जगह चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** स्वच्छता ही सेवा मुहिम के अंतर्गत रुड़की नगर में 84 उत्तराखण्ड बटालियन एनसीसी, रुड़की के एनसीसी कैडेटस द्वारा जगह-जगह पर स्वच्छता रैलिया निकालकर स्वच्छता का संदेश देने का प्रयास किया। इसी के अंतर्गत आनंद स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर, रुड़की के कैडेट्स द्वारा कैप्टन विशाल शर्मा व सेकंड ऑफिसर नीरज नौटियाल के नेतृत्व में ग्रीन पार्क कॉलोनी व मंगलौर रोड पर जन जागरूकता रैली निकालकर आम जनमानस को जीवन में स्वच्छता अपनाने व अपने आसपास कूड़ा रहित वातावरण रखने हेतु जागरूक किया गया । इसी क्रम में सेंट ऐंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रुड़की की एनसीसी कैडेटस सीटीओ शाहिना प्रवीन व सीटीओ दीपमाला के मार्गदर्शन में पोस्टर अभियान व वेस्ट टू आर्ट के तहत अनुपयोगी चीजों से वॉल हैंगिंग, पेंटिंग, बैग आदि उपयोगी चीजे बनाकर उनका सही उपयोग करने का प्रण लिया । इसी क्रम में महावीर इंटरनेशनल स्कूल, पुहाना, रुड़की के एनसीसी कैडेटस द्वारा सीटीओ प्रियंका बिष्ट के साथ विद्यालय प्रांगण व आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया व शपथ ली कि वह जीवन में ना ही कभी कूड़ा फैलाएंगे और अपने आसपास रहने वालों लोगों को भी इस बारे में सचेत करेंगे । महानिदेशक एनसीसी द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के क्रम में 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की के 250 से अधिक एनसीसी कैडेटस द्वारा प्रात: 8 से 9 बजे तक श्रमदान कर देश में स्वच्छता की अलख जगाने का प्रयास किया जा रहा है । इस अवसर पर बटालियन के कार्यवाहक कमान अधिकारी कर्नल अमन कुमार सिंह ने कहा कि भारत एक पवित्र देश है । देश-विदेश से लाखों सैलानी भारत की सांस्कृतिक विरासत, संस्कृति व संस्कारों को जानने के लिए भारत देश का भ्रमण करते है। इसलिए हम सब भारतवासियों का कर्तव्य है कि अपने देश को स्वच्छ, सुन्दर एवं प्रदूषण रहित बनाने में अपना विशेष सहयोग दें जिसका आरम्भ हमें अपने घर, गली, मोहल्ले, गाँव, शहर, विद्यालय, मन्दिर आदि सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई करके एवं स्वच्छता के प्रति क्षेत्रवासियों एवं समाज को जागरुक करके करना चाहिए। भारत के होनहार युवा रैली, गोष्ठी, वाद-विवाद आदि के माध्यम से भी जनजागरण कर स्वच्छ वातावरण के लिए देशवासियों को प्रेरित करें । आज कार्यक्रम में कैडेट आयुष, अपूर्व, सार्थक, स्वास्तिक, भानू, भौमिक, आरूष, अक्षरा, आस्था, खुशी, गौरी, मुस्कान, दीप्ति, वैष्णवी, जिया, आयुषी, जाहनवी, मानसी, कीर्तिका, श्लोका आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली ही सच्ची सेवा : बत्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** छावनी परिषद रुड़की में स्वच्छोत्सव ख्र स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रदीप बत्रा ने शिरकत की और जनता को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ, छावनी परिषद रुड़की के मुख्य अधिशासी अधिकारी दिग्विजय सिंह चौहान, पूर्व उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा, पूर्व सभासद विपिन कुमार, अजय त्यागी, सौरभ गुलाटी, प्रशांत जोशी, निलेश, राकेश, तपिंदर समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सफाई अभियान चलाया गया और लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया, ताकि स्वच्छ और हरित पर्यावरण का संदेश समाज तक पहुंच सके। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाना ही सच्ची सेवा है।

सम्पादकीय

शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025

# सोनिया की नसीहत

भारत की विदेश नीति को लेकर कांग्रेस सरकार को घेरती रही है। गुरुवार को एक बार फिर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अखबार में लिखे एक लेख के माध्यम से सरकार को विदेश नीति को लेकर फिर से घेरा है। विशेषकर फलस्तीन को लेकर। सोनिया गांधी का कहना है कि केंद्र सरकार की फलस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा ही कहा जा सकता है। मोदी सरकार को जहां इस पूरे मामले में नेतृत्व करना चाहिए था, वहीं सरकार का रवैया पूरी तरह मौन धारण करने का है। अपने लेख में उन्होंने बेबाक तरीके से यह भी कह डाला कि व्यक्तिगत संबंधों का विदेश नीति में कोई स्थान नहीं होता, लेकिन यहां ऐसा ही दिखाई दे रहा है। सरकार का रुख देश के संविधानिक मूल्यों के बजाए मुख्य रूप से श्री मोदी और उनके बेंजामिन नेतन्याहू के बीच दोस्ती से प्रेरित लगता है। बात सही भी है। फलस्तीन को लेकर भारत की नीति हमेशा स्पष्ट रही है। सच तो यह है कि भारत ही वह पहला देश था जिसने फलस्तीन को लेकर अपनी आवाज बुलंद की थी। भारत दशकों पूर्व फलस्तीन को मान्यता दे चुका है। उसने 18 नवंबर 1988 को विधिवत रूप से आजाद देश की मान्यता दी थी। वह इस संदर्भ में यह सब कह रही हैं कि आज फ्रांस, ब्रिटेन, बेल्जियम, आस्ट्रेलिया जैसे देश फलस्तीन को मान्यता दे रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आज जब 193 सदस्य देशो मे से 150 से अधिक देशों ने अब ऐसा कर दिया है तो इसमें भारत कहां है। जबकि भारत की भूमिका इसमें अग्रणी होनी चाहिए थी। सोनिया गांधी ने भारत सरकार पर यह कहकर भी आरोप लगाया कि व्यक्तिगत कूटनीति स्थायी नहीं हो सकती। इस संदर्भ में उन्होंने अमेरिका का हवाला भी दिया किस तरह भारत अमेरिका के मामले में सबसे अपमानजनक तरीके से विफल रहा है। सोनिया गांधी ही नहीं, अन्य बड़े नेता भी जो विदेश नीति के अच्छे जानकार हैं। वे इजरायल फलस्तीन को लेकर जो मौजूदा सरकार का रवैया है उससे जरा भी खुश दिखाई नहीं दे रहे हैं। समझना मुश्किल है कि आखिर भारत का झुकाव इजरायल के प्रति विशेष रूप से क्यों हो रहा है। जबकि सबसे ज्यादा हित हमारे मध्य पूर्व के देशों के साथ जुड़े हैं। यह ठीक है कि मोदी सरकार ने समय-समय पर मध्य पूर्व के देशों के साथ भी गर्मजोशी का इजहार किया है और उनसे सर्वोच्च सम्मान भी प्राप्त किया है, लेकिन धरातल पर वह रवैया दिखाई नहीं दे रहा है जिसकी आवश्यकता है। यह देखकर तो तब और भी आश्चर्य होता है जब अब तक इजरायल का समर्थन करते आ रहे देश भी अब इजरायल से दूर जाते दिखाई दे रहे हैं। कई यूरा. `पीय देशों ने तो अपनी सरकार के विरुद्ध ही फलस्तीन की आजादी को लेकर भारी प्रदर्शन किए हैं और वह जारी हैं। इटली में ही हमने हाल ही में देखा कि किस तरह जोरदार प्रदर्शन हुए। इस बात को कोई भी समझ सकता है जिस तरह इजरायल गाजा में नरसंहार कर रहा है और 65 हजार से अधिक लोगों की जान ले चुका है। जिनमें आधे से अधिक महिलाएं व बच्चे शामिल हैं। ऐसी सरकार का भला कौन बचाव कर सकता है। यही यूरोपीय देशों में देखने में आ रहा है। अब सवाल है कि क्या मोदी सरकार अपनी नीति में बदलाव करेगी।

## विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए



इजरायल-फलस्तीन संघर्ष पर भारत का रुख बहुत निराशाजनक रहा है, सरकार की गहरी चुप्पी मानवता और नैतिकता के साथ विश्वासघात है, यह सब भारत की पुरानी विदेश नीति से भी अलग है, इस मुद्दे पर भारत का रुख पीएम नरेंद्र मोदी और इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की निजी दोस्ती से प्रभावित दिखाई देता है, विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और आस्ट्रेलिया समेत दुनिया के 193 में से 150 से ज्यादा देश फलस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दे रहे हैं, दुनिया जब फलस्तीन को समर्थन दे रही है, तब भारत ने हाल ही में इजरायल के साथ निवेश समझौता किया और उसके दक्षिणपंथी मंत्री की मेजबानी भी की, जिसकी आलोचना पूरी दुनिया में हो रही है।

**-श्रीमती सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# फलस्तीन से उसका अलगाव साबित करती है भारत की चुप्पी



फ्रांस ने यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर फलस्तीन को राज्य का दर्जा देने को मान्यता दी है। यह लंबे समय से पीड़ित फलस्तीनी जनता की वैध आकांक्षाओं की पूर्ति की दिशा में पहला कदम है। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 150 से अधिक देशों ने यह कदम पहले ही उठा लिया है। भारत ने इस मामले में बहुत पहले ही नेतृत्व दिखाया था, जब उसने 18 नवंबर 1988 को फलस्तीन राज्य को आधिकारिक रूप से मान्यता दी थी। यह कदम फलस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) को वर्षों तक समर्थन देने के बाद उठाया गया था। भारत का यह निर्णय हमारे विश्व दृष्टिकोण के अनुरूप था।

### अतीत में बुलंद आवाज

स्वतंत्रता से पहले भी भारत ने नस्लीय भेदभाव वाले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आवाज उठाई थी और उसके साथ व्यापारिक संबंध तोड़ दिए थे। अल्जीरिया की स्वतंत्रता की लड़ाई (1954-62) के दौरान भारत स्वतंत्र अल्जीरिया का मजबूत समर्थक था। 1971 में भारत ने आधुनिक बांग्लादेश बनाने के लिए हस्तक्षेप करते हुए नरसंहार को रोका था। वियतनाम युद्ध के दौरान भारत ने नैतिक स्पष्टता की आवाज उठाई और वियतनामी जनता के खिलाफ अमानवीय हिंसा का विरोध किया। आज भी भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक बलों में बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। भारत की विदेश नीति में शांति और सुरक्षा का संवर्धन संविधान में निहित निदेशक सिद्धांतों में से एक है। इजरायल-फलस्तीन के संवेदनशील मुद्दे पर भारत ने हमेशा संतुलित परंतु सैद्धांतिक रुख अपनाया है। मानवाधिकारों की रक्षा और शांति की स्थापना के लिए भारत प्रतिबद्ध रहा है। भारत पीएलओ को मान्यता देने वाला शुरुआती देशों में से था और 1974 में फलस्तीन के अधिकारों का समर्थन किया। भारत ने दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया जिसमें इजरायल और फलस्तीन दोनों का शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित हो। भारत ने अनेक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों में इजरायल के कब्जे और बस्तियों के विस्तार की निंदा की। साथ ही फलस्तीन को मानवीय और विकास संबंधी सहायता भी दी, जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में छात्रवृत्तियां, गाजा और वेस्ट बैंक में क्षमता-विकास।

### भारत की मौजूदा स्थिति

पिछले दो वर्षों में, विशेषकर अक्टूबर 2023 में इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद, भारत ने अपनी भूमिका पीछे खींच ली है। हमास के हमलों और उसके बाद इजरायल की भारी सैन्य प्रतिक्रिया में हजारों फलस्तीनी नागरिक मारे गए और यह स्थिति नरसंहार जैसी बन गई। 55,000 से अधिक फलस्तीनी नागरिक मारे गए, जिनमें 17,000 बच्चे शामिल हैं।

गाजा की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था नष्ट हो चुकी है। कृषि और उद्योग ध्वस्त हो चुके हैं। लोगों को भोजन, दवा और अन्य जरूरी चीजों से वंचित कर दिया गया है। यह सब उन्हें एक प्रकार की ष्भूख से मारनेष की नीति के तहत किया जा रहा है। इन क्रूर परिस्थितियों में लाखों लोग विस्थापित और निराशा में डूबे हैं। फिर भी, भारत की प्रतिक्रिया असमंजस और निष्क्रियता की रही है। हाल ही में नई दिल्ली में इजरायली वित्त मंत्री की मेजबानी की गई, जबकि उन्होंने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ हिंसा का समर्थन किया था। यह भारत की ऐतिहासिक भूमिका और नैतिक स्थिति से भटकाव है।

### आगे की राह

भारत को फलस्तीन मुद्दे को केवल विदेश नीति का हिस्सा नहीं, बल्कि नैतिक और सभ्यतागत परीक्षा के रूप में देखना चाहिए। फलस्तीनी जनता लंबे समय से विस्थापन, कब्जा, भूमि की लूट और लगातार मानवाधिकार उल्लंघन झेल रही है। वे आत्मनिर्णय और न्याय के अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भारत के ऐतिहासिक अनुभव, नैतिक अधिकार और मानवीय मूल्यों को देखते



सोनिया गांधी


हुए भारत को बिना झिझक फलस्तीन के पक्ष में आवाज उठानी चाहिए। यह केवल इजरायल और फलस्तीन का संघर्ष नहीं है, बल्कि न्याय और मानवाधिकारों की सार्वभौमिक लड़ाई है। भारत की नेतृत्व क्षमता को उसी मूल्यों से प्रेरित होना चाहिए, जिनसे हमारी आजादी की लड़ाई और राष्ट्र का निर्माण हुआ था।

**( लेखक इंडियन नेशनल कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष हैं, व्यक्त विचार उनके निजी हैं )**

# बेंगलुरु में फैमिली संग मनाएं वीकेंड

**इस बार के वीकेंड पर अगर आप भी अपने दोस्तों, फैमिली या वाइफ के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए जब सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बेंगलुरु की कुछ संडे स्पेशल जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपनी फैमिली के साथ एक्स्ट्रा टाइम बिता सकते हैं।**

बेंगलुरु में वीकेंड पर कुछ जगहें ऐसी हैं, जहां पर भीड़ बहुत ज्यादा रहती है। इन जगहों पर रविवार को अच्छी खासी चहल-पहल होती है। ऐसे में लोग अपने परिवार के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए निकल जाते हैं। बारिश के मौसम में इन जगहों का नजारा बेहद खूबसूरत हो जाता है। ऐसे में इस बार के वीकेंड पर अगर आप भी अपने दोस्तों, फैमिली या वाइफ के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बेंगलुरु की कुछ संडे स्पेशल जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं।



**उल्सूर झील**

उल्सूर झील एमजी रोड के पास है। यह झील मात्र 2 किमी की दूरी पर है और यहां तक पहुंचने के लिए आपको करीब 10 मिनट का समय लगेगा। यह झील सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहता है।

उल्सूर झील पुरानी और खूबसूरत झीलों में से एक है। यह झील 50 हेक्टेयर के क्षेत्र में फैली है। बारिश के मौसम में यहां पर लोगों को आना अधिक पसंद होता है, क्योंकि इस दौरान यहां पर हरा-भरा वातावरण और बोटिंग लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह जगह बैंगलुरु के पास बेस्ट कपल स्पॉट माना जाता है।

**वीआर बेंगलुरु मॉल**

आप संडे का समय बिताने के लिए बेंगलुरु के वी आर बेंगलुरु मॉल भी जा सकते हैं। इस मॉल को शहर का सबसे बेस्ट और मॉर्डन मॉल्स में से एक माना जाता है। यहां पर पूरे सप्ताह लोगों की भीड़ होती है। रविवार को यहां पर सबसे ज्यादा चहल-पहल होती है।

प्रीमियम सुविधाओं और बेहतरीन ब्रांड्स के अलावा आपको मॉल के बाहर तरह-तरह के स्टॉल्स देखने को मिल जाएंगे। यहां पर आप सस्ते में खाने-पीने का सामान ले सकती हैं। फ्रेंड्स, फैमिली और कपल्स के लिए यह जगह फेवरेट हैंगआउट स्पॉट है। इस मॉल में बैठने की अच्छी जगह है और आप यहां पर समय बिता सकती हैं। वी आर बेंगलुरु मॉल सुबह 9 बजे से रात के 11 बजे तक खुला रहता है। यह मॉल व्हाइटफील्ड मेन रोड, देवसंद्रा इंडस्ट्रियल एस्टेट, महादेवपुर, बेंगलुरु में है।

**लालबाग बॉटनिकल गार्डन**

बता दें कि यह जगह परिवार के साथ घूमने के लिहाज से काफी अच्छी मानी जाती है। यही वजह है कि रविवार को यहां पर सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। वहीं लालबाग बॉटनिकल गार्डन में साल में 2 बार फूलों की भव्य प्रदर्शनी भी लगती है। वहीं 26 जनवरी और 15 अगस्त को यहां पर सबसे ज्यादा लोग आते हैं। यह गार्डन मावली बेंगलुरु में है। यह गार्डन सुबह 7 बजे से रात के 10 बजे तक खुला रहता है और यह बेंगलुरु की रोमांटिक जगहों में से एक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जितना स्वस्थ होगा पर्यावरण, उतना बेहतर होगा स्वास्थ्य

**वर्ल्ड एनवायरमेंट हेल्थ डे पर विशेष**



योगेश कुमार गोयल

हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदाई हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है।

चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ए सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है।

पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यरू हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए



पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है। बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' आईएफईएच द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली इंडोनेशिया में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है। बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



अहमदाबाद। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लेते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल।

# एक ही दिन में तीन घटनाओं से भड़के ट्रम्प

## संयुक्त राष्ट्र से जांच की मांग की, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस भी शामिल होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई तीन घटनाओं को ट्रिपल तोड़फोड़ की संज्ञा देते हुए उनके जांच की मांग की है जिसमें एस्केलेटर का खराब हो जाना भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में उस एस्केलेटर के अचानक बंद हो जाने का जिक्र किया, जिस पर वह और प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प जा रहे थे। दूसरी समस्या तब उत्पन्न हुई जब उनके भाषण के दौरान एक टेलीप्रॉम्प्टर में खराबी हो जाने से सभागार में एक ऑडियो समस्या आ गई। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी के अनुसार साउंड सिस्टम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि लोग ईयरपीस के जरिए अनुवादित भाषण सुन सकें।

संयुक्त राष्ट्र ने पहले कहा था कि सुरक्षा तंत्र शायद ट्रम्प के वीडियोग्राफर की वजह से सक्रिय हुआ होगा, जो एस्केलेटर पर पीछे की ओर चल रहा था, जबकि टेलीप्रॉम्प्टर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का था। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर तुरंत इन घटनाओं की आलोचना की और कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को एक पत्र भेजकर तत्काल जांच की मांग कर रहे हैं। ट्रम्प ने लिखा कि कल संयुक्त राष्ट्र में एक बहुत ही शर्मनाक घटना घटी-एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन-तीन बेहद भयावह घटनाएं! यह महज संयोग नहीं था। यह संयुक्त राष्ट्र में तिहरी तोड़फोड़ थी। उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए। ऐसा लिखते हुए ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र को आलोचनाओं से थोप दिया। उन्होंने एस्केलेटर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग कीं। उन्होंने 'टाइम्स' के एक लेख का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों ने एस्केलेटर बंद करके उनका मजाक बनाया था। ट्रम्प ने कहा कि यह पूरी तरह से तोड़फोड़ थी। एस्केलेटर पर लगे सभी सुरक्षा टेप, खासकर आपातकालीन स्टॉप बटन सुरक्षित रखे जाने चाहिए, जिसमें गोपनीय सेवाएं भी शामिल हैं।



■ ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर तुरंत इन घटनाओं की आलोचना की

■ ट्रम्प ने एस्केलेटर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग की

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्टज ने भी राष्ट्रपति की मांग से पूरी सहमति जताते हुए उनके आह्वान को दो. हराते हुए कहा कि ये घटनाएं 'अस्वीकार्य' हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी सुरक्षा या सम्मान के लिए किसी भी खतरे को बर्दाश्त नहीं करेगा। हम त्वरित सहयोग और निर्णायक कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को चिंता जताई कि किसी ने जानबूझकर एस्केलेटर रोक दिया होगा। घटना के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा कि अगर संयुक्त राष्ट्र में किसी ने जानबूझकर राष्ट्रपति और प्रथम महिला के एस्केलेटर पर कदम रखते ही उसे रोक दिया है, तो उन्हें तुरंत बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए और उनकी जांच की जानी चाहिए। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि ट्रम्प के वीडियोग्राफर ने अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का वीडियो बनाते समय गलती से सुरक्षा फंक्शन चालू कर दिया होगा।

## ट्रम्प प्रशासन बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के बजट कार्यालय ने संघीय एजेंसियों को बड़े पैमाने संभावित छंटनी की योजनाएं तैयार करने को कहा है। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि यह कदम पिछली सरक. ारों के लागू किए गए शटडाउन प्रबंधन तरीकों से बिल्कुल अलग है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेट्स के बीच चल रहे धन आवंटन विवाद के बीच एक बड़ा दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। बजट कार्यालय के मेमो में लिखा गया है कि हम आशा करते हैं कि कांग्रेस के डेमोक्रेट्स शटडाउन को मजबूर नहीं करेंगे और ऊपर बताए गए कदम आवश्यक नहीं होंगे। संसदीय डेमोक्रेट्स सरकारी फंडिंग को नवम्बर तक जारी रखने के बदले कई रियायतें चाहते हैं। इनमें सबसे अहम मांग है कि अफोर्डेबल केयर एक्ट (ओबामाकेयर) की सब्सिडी को बढ़ाया जाए, जो इस साल के अंत में खत्म होने वाली है।

## इजरायली हमलों में 80 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा पट्टी में हुए इजरायली गोलीबारी में 80 से अधिक फलस्तीनी मारे गए जिनमें से अधिकांश गाजा शहर में मारे गए। यह जानकारी बीबीसी ने स्थानीय अस्पतालों के हवाले से दी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, गाजा शहर के मध्य दाराज में फिरास बाजार के निकट विस्थापित परिवारों को आश्रय देने वाली एक इमारत और तंबुओं पर बुधवार रात में हुए हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने दो हमास लड़ाकों पर हमला किया और हताहतों की संख्या उसकी अपनी जानकारी से मेल नहीं खाती। इस बीच, इजरायली टैंक और सैनिक शहर के मध्य भाग में आगे बढ़ते रहे जिसे इजरायल हमास का अंतिम गढ़ मानता है। सेना ने कहा कि जमीनी हमले का उद्देश्य हमास द्वारा अभी भी बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना तथा फलस्तीनी सशस्त्र समूह की 'निर्णायक हार' सुनिश्चित करना है। एक अलग घटनाक्रम में, अमे. रिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अरब और मुस्लिम नेताओं के एक समूह के समक्ष मध्य पूर्व और गाजा में शांति के लिए 21 सूत्री योजना प्रस्तुत की।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन-सीरिया ने टूटे राजनयिक संबंधों को किया बहाल

**न्यूयॉर्क।** यूक्रेन के वोलोडिमिर जेलेंस्की और सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने यूक्रेन और सीरिया के बीच राजनयिक संबंधों के पुनर्निर्माण के दौरान सहयोग और आपसी सम्मान पर चर्चा की। यह जानकारी अल जजीरा ने गुरुवार को दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ बैठक के बाद कहा कि यूक्रेन और सीरिया ने औपचारिक रूप से राजनयिक संबंध बहाल कर लिए हैं। सीरियाई विदेश मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी भी एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को न्यूयॉर्क में बैठक में शामिल हुए।

### आव्रजन छापों के लिए मैक्सिको ने अमेरिका की आलोचना की

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा की गई आव्रजन छापेमारी की निंदा करते कहा कि वाशिंगटन को एक राजनयिक नोट भेजा गया है जिसमें हाल ही में दो मैक्सिकन नागरिकों की मौत की जांच की मांग की गई है। राष्ट्रपति ने अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कल इस मामले पर एक राजनयिक नोट भेजा गया था, जिसमें सभी जांच करने का अनुरोध किया गया है, और यदि कोई मानवा. धिकार उल्लंघन के लिए जिम्मेदार है, तो उसे दंडित किया जाए।

### ईरान-रूस छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर का निर्माण करेंगे

**तेहरान।** ईरान और रूस ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है जिसके तहत रूस यहां छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरका निर्माण करेगा। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन की वेबसाइट पर जारी एक बयान के अनुसार संगठन प्रमुख मोहम्मद एस्लामी और रूस के परमाणु ऊर्जा निगम रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिखाचेव के बीच मॉस्को में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। बयान में कहा गया कि एमओयू का उद्देश्य दोनों देशों के राष्ट्रीय विनियम और अंतर्राष्ट्रीय दायित्व के अनुपालन में सतत विकास में बढ़ावा देने, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर सहयोग को बढ़ावा देना है।

# भारतीय मूल के शख्स ने की यौन अपराधी की हत्या

■ बोला: कोई पछतावा नहीं, वो इसी के लायक था

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में 29 वर्षीय भारतीय मूल के वरुण सुरेश ने एक यौन अपराधी की चाकू मारकर हत्या कर दी। फ्रेमान्ट पुलिस ने इसे जानबूझकर किया जुर्म बताया। पुलिस के मुताबिक 18 सितम्बर को दो लोगों के बीच झगड़े की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

वहां 71 साल का डेविड ब्रिमर जमीन पर गिरा हुआ था, जिसके शरीर पर चाकू के कई घाव थे। पुलिस और मेडिकल टीम ने उनकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन ब्रिमर की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से एक चाकू बरामद हुआ और संदिग्ध सुरेश को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में पता चला कि सुरेश ने कैलिफोर्निया की मेगन ला वेबसाइट पर यौन अपराधियों की लिस्ट देखकर ब्रिमर को निशाना बनाया। ब्रिमर को 1995 में एक नाबालिग के साथ यौन अपराध करने के लिए दोषी ठहराया गया था। इसके लिए उसने नौ साल जेल की सजा काटी थी। सुरेश ने पुलिस को बताया कि वह लंबे समय से ब्रिमर को सजा देने की योजना बना रहा था, क्योंकि उसका मानना था कि ऐसे लोग बच्चों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्हें जीने का हक नहीं है, वो इसे के लायक था।

पुलिस के अनुसार, हत्या से ठीक एक घंटे पहले सुरेश ने मेगन ला वेबसाइट पर ब्रिमर की जानकारी देखी और उनके प्रोफाइल का स्क्रीनशाट लिया। उसने खुद को एक चार्टर्ड अकाउंटेंट बताकर एक बैग और नोटबुक के साथ ब्रिमर के घर पहुंचा ताकि उसका भरोसा जीत सके। ब्रिमर की पहचान करने के बाद सुरेश ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। गिरफ्तारी के बाद सुरेश ने पुलिस को बताया कि उसे कोई पछतावा महसूस नहीं हो रहा है।

## रूस-अमेरिका यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान पर एकराय

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अमे. रिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यूक्रेन संकट पर शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने के लिए साझा रूचि दिखाई है। रूसी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि दोनों प्रमुख मंत्रियों की संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वें उच्च स्तरीय सप्ताह के दौरान न्यूयॉर्क में मुलाकात हुई है जिसमें इस बात पर सहमति बनी है। लावरोव ने अलास्का में हुई बैठक में दोनों देशों के नेताओं द्वारा तय रास्ते पर चलने की रूस की तत्परता को दोहराया, जिसमें संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने के लिए वाशिंगटन के साथ समन्वय करना भी शामिल है। उन्होंने कीव और कुछ यूरोपीय राजधानियों के उन प्रस्तावों का विरोध किया, जिन्हें उन्होंने युद्ध को और लंबा खींचने वाला बताया है।

# भारत किसी से भी तेल खरीदे, रूस से नहीं: अमेरिका

## हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, यूक्रेन जंग खत्म करना मकसद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने भारत से अपील की है कि वह रूस से कच्चे तेल का आयात करने पर दोबारा सोचे। न्यूयॉर्क में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान राइट ने कहा आप दुनिया के किसी भी देश से तेल खरीद सकते हैं, बस रूस से नहीं। अमेरिका भी तेल बेचता है और बाकी देश भी। हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, बल्कि युद्ध खत्म करना चाहते हैं और भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं।

राइट ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे। राइट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी चाहते हैं कि यह युद्ध जल्द खत्म हो। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और व्यापार सहयोग में भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है, लेकिन हमें मिलकर ऐसा तरीका निक. ालना होगा जिससे रूस पर दबाव डाला जा सके और यह युद्ध बंद हो। राइट ने बताया कि उन्होंने हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की और भविष्य में सहयोग पर बातचीत शुरू की है। रूस ने अगस्त में कहा था कि उसके कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि यह सबसे सस्ता है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने उस समय बताया कि भारत को रूसी तेल पर लगभग 5 प्रतिशत की छूट मिल रही थी, जिससे उसे बड़ा मुनाफा हो रहा था। बाबुश्किन ने यह भी कहा था कि भारत समझता है कि तेल आपूर्ति बदलने का कोई विकल्प नहीं है और अमेरिका द्वारा लगाए गए दबाव को भी गलत बताया। यह बयान ऐसे समय में आया था जब भारत और अमेरिका के रिश्तों में तनाव बढ़ रहा था। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के चलते भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। ट्रम्प प्रशासन अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वित्त वर्ष 2020 में भारत अपनी जरूरत का केवल 1.7 प्रतिशत तेल रूस से आयात करता था। ये हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 35.1 प्रतिशत हो गई है। रूस से सस्ता तेल खरीदने का फायदा आयल कंपनियों के मुनाफे पर भी दिखा है। कंपनियों की फाइलिंग के मुताबिक 2022-23 में इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम का कुल मुनाफा 3,400 करोड़ था। 2023-24 में इन तीनों सरकारी कंपनियों का मुनाफा 25 गुना बढ़ गया।

■ अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे, भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है: राइट






# पाक ने भारत से संघर्ष को स्कूल सिलेबस में जोड़ा

## सिलेबस में भारत के 26 ठिकाने तबाह करने का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपनी स्कूल बुक्स में मई में भारत के साथ हुए चार दिन के संघर्ष पर नया सिलेबस शामिल किया है, जिसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने बिना किसी कारण के 7 मई 2025 को पाकिस्तान पर हमला किया और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का झूठा आरोप लगाया।

पाकिस्तानी किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने युद्ध शुरू किया, पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई में भारत के 4 राफेल फाइटर जेट्स और कई हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया। अभी यह साफ नहीं है कि ये किताबें किस क्लास की हैं। पाकिस्तानी किताब में दावे है कि भारत ने जंग शुरू की-भारत ने गलत तरीके से पाकिस्तान को कश्मीर के पहलगाम हमले का जिम्मेदार ठहराया, जिसमें कई लोग मारे गए। पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज किया। फिर भी, भारत ने 7 मई को हमला किया। हकीकत यह है कि 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 नागरिकों की हत्या की। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को आपरेशन सिंदूर शुरू किया और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन के नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए।

भारत ने स्पष्ट किया कि उसने सैन्य या नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया। पाकिस्तानी सेना ने बहादुरी और पेशेवर अंदाज में जवाब दिया। पाकिस्तान ने 4 राफेल जेट गिरा दिए और भारतीय कश्मीर में कई सैन्य ठिकानों को तबाह किया।




■ लिखा: भारत ने आरोप लगाकर हमला किया

## अनियंत्रित उच्च रक्तचाप की चपेट में 1.4 अरब लोग: डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2024 में 1.4 अरब लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे और पांच में से केवल एक व्यक्ति ही इसे दवा के माध्यम से या अन्य तरीकों से नियंत्रित कर रहा है। डब्ल्यूएचओ ने गुरूवार को जारी दूसरी उच्च रक्त चाप संबंधी नई रिपोर्ट को 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज और रिज़ॉल्व टू सेव लाइव्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में जारी किया गया। इसमें कहा गया कि कि केवल 28 प्रतिशत निम्न आय वाले देशों में डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित सभी उच्च रक्तचाप की दवाइयां आमतौर पर फार्मेसियों या प्राथमिक देखभाल सुविधाओं में उपलब्ध हैं।

# पाक की संयुक्त राष्ट्र में फिर किरकिरी

## एआई पर चर्चा के दौरान सात बार अटके पाक के रक्षा मंत्री

**संयुक्त राष्ट्र।** वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की किरकिरी कोई नई बात नहीं है। ऐसे में एक बार फिर पाकिस्तान को इसी तरह की बेज्जती का सामना तब करना पड़ा जब पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आयोजित एक उच्च स्तरीय बहस के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बोल रहे थे।

इस दौरान ख्वाजा ने एक नहीं, दो नहीं कुल सात बार अटक गए, जो कि सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। इतना ही नहीं इस बात को लेकर वे सोशल मीडिया पर खुब ट्रोल भी हो रहे हैं। बता दें कि ये बात तब की है जब यूएनएससी में ख्वाजा एआई को दोहरे उपयोग वाली तकनीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जहां सामाजिक-आर्थिक तरक्की में मदद कर सकती है, वहीं इसके गलत उपयोग से असमानताएं बढ़ सकती हैं और वैश्विक शांति को खतरा हो सकता है। उन्होंने आगाह किया कि एआई के सैन्य इस्तेमाल को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत पूरी तरह नियंत्रित किया जाना चाहिए। पाकिस्तानी नेता ने आगे इशारों-इशारों में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर भी बातें कही। उन्होंने कहा कि हालिया भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक परमाणु संपन्न देश ने एआई आधारित हथियारों और क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया, जो एआई के सैन्य उपयोग के खतरे को दर्शाता है। इस दौरान आसिफ ने कहा कि ऐसी एआई तकनीकों का उपयोग, जिनमें मानव का कोई सक्रिय नियंत्रण न हो, प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। उन्होंने खास तौर पर चेताया कि एआई आधारित हथियार और नियंत्रण प्रणालियां युद्ध की संभावनाओं को बढ़ा सकती हैं, जिससे फैसले लेने का समय कम हो जाएगा और कूटनीतिक प्रयासों का मौका घटेगा। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तानी नेता ख्वाजा आसिफ ने एआई के खतरों को गंभीरता से उठाया, लेकिन उनका भाषण भाषाई गलतियों से भरपूर रहा।

■ सोशल मीडिया पर उड़ी खिल्ली

# अभी भारत व बांग्लादेश के बीच समस्याएं: यूनुस

## मुख्य सलाहकार ने कहा: वो हमारे खिलाफ फेक न्यूज फैलाते और मुझे तालिबानी की तरह दिखाते हैं

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को न्यूयार्क में कहा कि अभी भारत और बांग्लादेश के बीच समस्याएं हैं, क्योंकि उन्हें छात्रों का काम पसंद नहीं आया। इसके अलावा वो पूर्व पीएम शेख हसीना की मेजबानी भी कर रहे हैं, जो हमारे देश में कई तरह के समस्याओं की कारण हैं।

यूनुस ने हसीना को कई युवाओं की हत्या की जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि इसी से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव पैदा हुआ है। भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध अगस्त 2024 से खराब होना शुरू हुए, जब हसीना इस्तीफा देकर भारत आ गई थीं। दरअसल, नौकरी कोटे में भेदभाव के बाद स्टूडेंट्स ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके चलते बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ था। यूनुस ने भारत पर बांग्लादेश के खिलाफ फेक न्यूज फैलाने का भी आरोप लगाया। यूनुस ने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (एसएएआरसी) के बारे में बताते हुए कहा कि, एसएएआरसी का असल मतलब है, कि आप हमारे देश में इन्वेस्ट करे और हम आपके टेरिटरी में इन्वेस्ट करेंगे। एसएएआरसी ऐसे ही काम करता है। हम एक-दूसरे से बिजनेस के तौर पर जुड़े है। नेपाल अपने समुद्र के रास्ते से सामान इम्पोर्ट करता है, जिससे हम सभी को फायदा होता है। उन्होंने आगे कहाएसएएआरसी में हम सभी फैमिली की तरह हैं। एसएएआरसी का पूरा आइडिया ही बांग्लादेश की देन है, हमने इसे साउथ एशियन देशों में प्रमोट किया है। अब आप हमे इसका दुश्मन मान रहे हैं। यूनुस बोले कि एसएएआरसी में जितने भी देश हैं, वो एक दूसरे देश में घूमने जा सकते हैं, दोस्त बना सकते हैं, उन देशों के स्कूलों-कालेजों में पढ़ सकते हैं, बिजनेस कर सकते हैं। यहीं इसका पूरा आइडिया है। उन्होंने कहा कि ये 'एक देश की राजनीति में फिट नहीं बैठता' इसके लिए मुझे बुरा लगता है।



■ यूनुस ने हसीना को कई युवाओं की हत्या का जिम्मेदार बताया

## प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम में बाइडन की जगह लगा 'पेन' का फोटो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति निवास व्हाइट हाउस में एक नए 'प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम' गैलरी अनावरण किया। इसमें अमेरिका के अब तक सभी राष्ट्रपतियों के छायाचित्र हैं लेकिन पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन का चित्र नहीं लगाया गया है। इस निवास के वेस्ट विग कोलोनेड में एक दीवार पर सुनहरे फ्रेम में प्रदर्शित ये छायाचित्र पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन से शुरू होते हैं और मौजूदा राष्ट्रपति ट्रम्प तक के हैं। लेकिन ट्रम्प के ठीक पूर्ववर्ती बाइडन का छायाचित्र नहीं लगा है बल्कि उस जगह पर हस्ताक्षर करते हुए एक ऑटोमेटिक पेन का फोटो लगाया गया है। गौरतलब है कि बाइडन के आलोचकों का आरोप है कि वे खुद सरकार का कामकाज नहीं चलाते थे और उनकी जगह कोई और ही अमेरिका की कमान संभाले हुए था। इसमें आगे यह भी कहा जाता है कि बाइडन केवल दस्तखत करते थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108